RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530

9644811407, 8102020599O
Hindustannews404@gmail.com
www.kesariyahindustan.com
Denik Kesariya Hindustan
Denik_kesariyahindustan
@KESARIYAHINDUSTAN

# दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

समूह सम्पादक रविन्द्र सिंह पवैया

खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास

ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित

वर्षः 4, अंकः 85 | ग्वालियर 6 नवम्बर शनिवार 2024 | पृष्ठः 8+4 मूल्य 2 रुपए

## सैलानियों की सुविधा व सुरक्षा को ध्यान में रखकर मेले की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दें: संभाग आयुक्त

ग्वालियर । मेले में आने वाले सैलानियों की सुविधा व सुरक्षा को ध्यान में रखकर सभी प्रकार की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दें। व्यवस्थायें उच्च कोटि की हों और सभी सेक्टर में दुकानें सुव्यवस्थित ढंग से लगें। हर दुकान पर शर्तों के अनुसार सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हों। साथ ही एक साथ 10 से अधिक दुकानें किराए पर लेकर शोरूम व रेस्टोरेंट खोलने वाले विधिवत फायर एनओसी लें। इस आशय के निर्देश संभाग आयुक्त मनोज खत्री ने मेले की तैयारियों को लेकर बुलाई गई समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में बताया गया कि इस साल श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेले का आयोजन 25 दिसम्बर से 25 फरवरी तक होगा। मंगलवार को हुई बैठक में संभाग आयुक्त मनोज खत्री एवं पुलिस महानिरीक्षक अरविंद सैक्सेना ने कहा कि ऐतिहासिक ग्वालियर मेले का आयोजन इस साल पूरी भव्यता व आकर्षण के साथ हो। संभाग आयुक्त श्री खत्री ने बैठक में निर्देश दिए कि क्षेत्रीय एसडीएम व सीएसपी, नगर निगम, विद्युत व मेला सचिव सहित अन्य संबंधित अधिकारी सम्पूर्ण मेला परिसर का संयुक्त भ्रमण कर इस साल के मेले के आयोजन के लिये नक्शा तैयार करें। जिसमें प्रत्येक सेक्टर का स्पष्ट उल्लेख हो। साथ ही किस सेक्टर में किस प्रकार की दुकानें लगेंगीं और वहाँ जन सुविधाओं व सुरक्षा के क्या क्या इंतजाम करने होंगे। उन्होंने मेला सचिव को निर्देश दिए कि संयुक्त टीम द्वारा दी गई




रिपोर्ट के आधार पर जल्द से जल्द मेले की दुकानों की मरम्मत व जन सुविधा परिसरों में सुधार कार्य कराएँ, जिससे मेला समय पर लग सके। बैठक में बताया गया कि मेले के लिये दुकान आवंटन की प्रक्रिया तेजी से जारी है। मेले में स्थित 2100 से अधिक दुकानों में से 70 प्रतिशत दुकानों का आवंटन हो चुका है। शेष दुकानों का आवंटन भी जल्द पूर्ण होने की उम्मीद है। संभाग आयुक्त मनोज खत्री ने बैठक में जोर देकर कहा कि जिसने दुकान की रसीद कटवाई है अर्थात जिसे दुकान आवंटित हुई है वही मेले में अपनी दुकान लगाए। उसके नाम पर किसी दूसरे को दुकान लगाने की अनुमति कदापि न दी जाए। ऐसी प्रवृत्ति को सख्ती से रोकें। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने कहा कि दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ हो। जिन लोगों को दुकानें आवंटित की गई हैं, उनकी सूची मेला कार्यालय की वेबसाइट पर भी अपलोड करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने कहा कि इस बात को खासतौर पर देखें कि झूलों की मियाद तो नहीं निकल गई है। बैठक मेंसंभाग आयुक्त मनोज खत्री ने कहा कि ग्वालियर व्यापार मेले की ऐतिहासिकता व गौरव के अनुरूप सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जायें। उन्होंने कहा इस बार अखिल भारतीय कवि सम्मेलन व मुशायरा सहित लोक नृत्य व संगीत पर आधारित कार्यक्रम हों। संभाग आयुक्त ने मेला सचिव को निर्देश दिए

## कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में 122 लोगों की समस्याओं की हुई सुनवाई



ग्वालियर -/* कलेक्ट्रेट में आयोजित जन-सुनवाई में इस बार 122 लोगों की समस्यायें सुनी गईं। अपर कलेक्टर श्रीमती अंजू अरुण कुमार व श्री टी एन सिंह सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों ने एक - एक कर सभी आवेदकों की समस्यायें सुनीं और उनके आवेदनों के निराकरण की रूपरेखा तय की।

जन-सुनवाई में प्राप्त हुए 122 आवेदनों में से 51 दर्ज किए गए। शेष 71 आवेदन संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को सीधे ही निराकरण के लिये दिए गए। सभी अधिकारियों को समय-सीमा में आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। जन-सुनवाई में राजस्व, नगर निगम, बिजली इत्यादि से संबंधित समस्यायें प्राप्त हुईं। समस्याओं के निराकरण के साथ-साथ जरूरतमंदों के निःशुल्क इलाज का इंतजाम भी जन-सुनवाई में कराया गया।

## ग़ाज़ियाबाद कांड पर खागा बार के अधिवक्ता दो दिन से हड़ताल पर

खागा फ़तेहपुर । ग़ाज़ियाबाद के जिला जज के तानाशाही पूर्ण रवैये के कारण 29 तारीख़ को अधिवक्ताओ के साथ घटित घटना के विरोध में बार काउंसिल के आह्वान पर बीते 4 नवंबर को खागा कचहरी के अधिवक्ता हड़ताल पर रहे फिर दूसरे दिन 5 नवंबर को भी अधिवक्ताओ ने ग़ाज़ियाबाद के अध्यक्ष के आह्वान पर हड़ताल जारी रखने का ऐलान कर दिया।हड़ताल पर रहते हुए मॉडल बार खागा के अध्यक्ष राम चंद्र श्रीवास्तव तथा पूर्व अध्यक्ष केश चंद्र मिश्रा व महिला अधिवक्ता नीतू जयसवाल ने सामूहिक रूप से बताया की गाज़ियाबाद के जिला जज ने अधिवक्ताओ के साथ अपराधियों की तरह बर्ताव किया है ताना शाही के चलते उन्होंने पुलिस को बुलाकर सरेआम अधिवक्ताओ को लठियो से पिटवाया जिसमे बहुत से



अधिवक्ता घायल हुए है। इसमें पावर का दुरुप्रयोग कर उल्टा अधिवक्ताओ पर झूठा मुकदमा लिखवा दिया गया। मालूम हो की इससे पूर्व बीते 4 नवंबर को खागा मॉडल बार के सारे अधिवक्ताओ ने प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम खागा को सौंपा था जिस्मे प्रमुख मांगे ये थी की ग़ाज़ियाबाद के जिला जज के विरुद्ध वाद चला कर उन्हें बर्खास्त किया जाए, दोषी पुलिस कर्मियो के विरुद्ध मुकदमा चलाया जाए , पीड़ित अधिवक्ताओ को मुआवज़ा दिया जाए, अधिवक्ताओ पर दर्ज झूठे मुकदमे वापस लिए जाने जैसे मांगे की गई है हड़ताल व विरोध प्रदर्शन में केशचंद्र मिश्रा एडवोकेट, धर्मेंद्र सिंह, कृष्णाकांत त्रिवेदी, आशुतोष पांडेय, राजकुमार दुबे, महेंद्रराज सिंह, अरविंद पांडेय, अतुल मिश्रा, कपिल यादव, अखिलेश अग्रहरि, एसडी शुक्ला (भोले), दीपक तिवारी, शालू अग्रहरि राजेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, संजय सिंह,शकील सिद्दीकी, इसराइल फारूकी, लक्ष्मीशंकर अवस्थी, रामसखा द्विवेदी, धीरेंद्र गुप्ता, अजय सिंह, रामप्रताप सिंह यादव, राहुल तिवारी, अविनाश यादव, मलखान सिंह, पंकज गुप्ता, आशीष दीक्षित, महेश सिंह, संदीप सिंह अंकित द्विवेदी,अजय सिंह, सहित सैकडो अधिवक्ता उपस्थित रहे ।

## मां काली स्पोर्टिंग क्लब तीनकोनमा के द्वारा दो दिवसीय महिला एवं पुरुष फुटबॉल टूर्नामेंट का किया गया आयोजन।



मधेपुरा जिला के हरिपुर कला पंचायत के तीनकोनमा गांव में मां काली स्पोर्टिंग क्लब के द्वारा दीपावली के अवसर पर मां काली की भव्य प्रतिमा बनवाकर मेले का आयोजन किया गया, साथ ही कमिटी के द्वारा महिला एवं पुरुष फुटबॉल टूर्नामेंट का दो दिवसीय आयोजन किया गया, दिनांक 2 नवंबर को प्रथम पुरुष टूर्नामेंट बाघिनियां बनाम कोठी टोला पूर्णिया के बीच खेला गया जिसमें बघिनियां ने 1.0 से कोठी टोला पूर्णिया को हराकर ट्राफी अपने नाम किया। मुख्य अतिथि के रूप में मुरलीगंज नगर पंचायत अध्यक्षा सर्जना सिद्धि ने विधिवत फिता काटकर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। साथ ही सर्जना सिद्धि ने खेल ग्राउंड पर जाकर सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर सभी का हौसला अफजाई किया। खेल समाप्त होने के बाद विजेता टीम को सर्जना सिद्धि के द्वारा ट्रॉफी एवं 15000 नगद राशि वितरण किया गया, साथ ही पंकज यादव और पैक्स अध्यक्ष आलोक यादव के द्वारा उपविजेता को ट्रॉफी वितरण किया, मैन ऑफ द मैच रहे खिलाड़ी को सिंघयान पंचायत के वर्तमान मुखिया विवेकानंद यादव के द्वारा ट्रॉफी वितरण किया गया गया। मेले के दूसरे दिन महिला फुटबॉल टूर्नामेंट खेला गया जिसमें नेपाल और खगड़िया की टीम के बीच बराबरी का टक्कर रहा जिसके बाद पेनल्टी शूट-आउट के माध्यम से खगड़िया टीम ने जीत हासिल की। इस आयोजन के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में मधेपुरा जिला पार्षद अध्यक्षा मंजू देवी सहित मुरलीगंज नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष स्वेत कमल उर्फ बौआ जी हरिपुर कला पंचायत के पूर्व मुखिया विश्वजीत कुमार पिंटू जी मौजूद रहे और खेल का आनंद लिया। खेल समाप्त होने के बाद सभी अतिथियों द्वारा विजेता टीम एवं रनर अप टीम को विजेता कप देकर सम्मानित किया। मेला एवं फुटबॉल टूर्नामेंट में मुख्य रूप से मेला अध्यक्ष विजय सिंह, मेला सचिव चंद्र भूषण महतो,निवेदक रहे पूर्व समिति सह खेल अध्यक्ष प्रमोद यादव, कप्तान अजय टुडू, खेल सचिव छोटेलाल सोरेन सहित अन्य सभी लोगों ने अपना योगदान दिया और आयोजन को सफल बनाया।

## कनाडा में मंदिरों पर हमले की हिंदू महासभा ने की निंदा-भारद्वाज,

### 7 को जलाएंगे जस्टिन टुडों का पुतला ,

ग्वालियर ।अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ जयवीर भारद्वाज ने कनाडा में हिंदुओं के मंदिरों पर हुए हमले की कटु शब्दों में निंदा करते हुए कहा है कि खालिस्तानी आतंकवादी संगठन के द्वारा सनातन हिंदू धर्म को अपमानित किया जा रहा है। जबकि गुरु तेग बहादुर जी के पूरे परिवार ने सकल हिंदू समाज की रक्षा में अपने शीश मुगल शासकों के सामने झुकाए नहीं थे। गुरु तेग बहादुर जी ,गुरु गोविंद सिंह जी को आज भी सकल हिंदू समाज नमन करता है । कनाडा में मंदिरों पर हमले के विरोध में हिंदू महासभा 7 नवंबर को हिंदू महासभा के जिला अध्यक्ष लोकेश शर्मा के नेतृत्व में दोपहर 2ः00 बजे कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टुडों का पुतला जलाकर हिंदू महासभा विरोध प्रकट कर कनाडा सरकार को चेतावनी देगी की वह मंदिरों की पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था करें। मंदिरों की हमले की निंदा करने वालों में हिंदू महासभा के प्रदेश नेता रामबाबू सेन संभागीय महिला प्रवक्ता अर्चना सिंह चौहान,युवा नेता अखिल सक्सेना, श्याम श्रीवास्तव,भूपेंद्र नामदेव, बद्री प्रसाद गुप्ता, निहाल सिंह सिरोजिया, धर्मेंद्र बरेलिया,रामकिशन जी राठौर ,सुरेंद्र राठौर, डॉक्टर ईश्वर चंद्र करकरें,संतोष प्रजापति,श्रीमती सुधा पाल , गुड्डन बाथम, विमलेश बाथम सहित अनेकों

## बजरंग भक्त मंडल ने हरियाली अमावस्या पर की गौसेवा एवं मानव सेवा

बजरंग भक्त मंडल द्वारा हरियाली अमावस्या पर्व पर जनकताल स्थित गौशाला में ८00 किलो हरे चारे की सेवा मंडल के सदस्य दीपक सोनी,श्रीमती अग्रवाल,अग्रवाल जी खासगी बाजार वाले,विशाल अग्रवाल एवं शर्मा जी के सहयोग से एवं 1000 विस्तर अस्पताल पर प्रत्येक माह की जाने वाली नर सेवा नारायण सेवा अंतर्गत नमकीन चावल एवं हलुआ प्रसादी का वितरण मंडल के सदस्य ओझल अग्रवाल के सहयोग से किया गया एवं कनेर प्रजाति के पौधो का रोपण भी गौशाला में किया गया।



मंडल के अध्यक्ष आशीष मंगल ने बताया की अमावस्या का सनातन धर्म में विशेष महत्व है और इस दिन दान पुण्य का विशेष फल प्राप्त होता है एवं पौधारोपण का भी महत्व है।आज की सेवाओं में मंडल अध्यक्ष आशीष मंगल,सचिव राकेश मंगल,उपाध्यक्ष अमन गर्ग,सहसचिव नमन अवस्थी,कोषाध्यक्ष राम किशोर मंगल,कार्यकारिणी सदस्य विशाल अग्रवाल,संजीव गुप्ता, पुनेश पाल,दीपक बघेल,हरीश चंद्र अग्रवाल,हिमांशु बघेल,हरीश राठौर,अनुज गोयल,विजय बंसल,मयंक शुक्ला,राजू शुक्ला, आदि सदस्य उपस्थित थे

## जिलाधिकारी-एसएसपी ने घाटों का किया निरीक्षण



मिथुरा। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने छठ पूजा को लेकर बंगाली घाट, विश्राम घाट तथा अद्धा घाट का निरीक्षण किया गया। नगर मजिस्ट्रेट तथा नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गोताखोरों की व्यवस्था की जाए, साफ सफाई प्रोपर तरीके से कराई जाए।छठ पूजन को लेकर मथुरा और वृन्दावन के घाटों पर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां शुरु कर दीं गयी हैं। डीएम और एसएसपी ने आज विश्राम घाट पर पहुंच कर चल रही तैयारियों को निरीक्षण किया। छठ पूजा उत्सव मंगलवार से नहाये और खाये से शुरू हो गया है। जनपद में ब?ी संख्या में पूर्वांचल के लोगों की मौजूदगी होने पर यह उत्सव कई स्थानों पर सामूहिक रूप से धूम धाम के साथ मनाया जाता है। मंगलवार दोपहर विश्राम घाट और बंगाली घाट पर छठ पूजा को भव्य रूप देने के लिए जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह और एसएसपी शैलेश कुमार पां? ने घाटों का स्थलीय निरीक्षण किया। इधर जिलाधिकारी शैलेंद कुमार सिंह ने अधिकारियों को छठ पूजा को लेकर तैयारियां करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने बताया कि टाउनशिप के कोयला घाट, कोसी, मथुरा के यमुना घाट, वृंदावन, गोवर्धन और महावन में जहां जहां छठ पूजा त्यौहार मनाया जाएगा, उन घाटों पर सफाई, सुरक्षा और लाइट की व्यवस्था करने के आदेश दिए गए हैं। इसके साथ अधिकारियों को आदेश दिया गया है कि वह आयोजकों से समन्वय स्थापित कर व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के प्रयास करें।

## कलेक्ट्रेट में लगी स्व-सहायता समूहों के उत्पादों की प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केन्द्र



ग्वालियर। कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जु? स्व-सहायता समूहों की दीदियों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान की पहल पर यह प्रदर्शानी लगाई गई है। इस प्रदर्शनी में स्व-सहायता समूहों की दीदियां अपने-अपने समूहों द्वारा बनाए गए एक से ब?कर एक उत्पाद लेकर आई हैं। शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों सहित अपने काम से कलेक्ट्रेट पहुँचे जिले के नागरिक भी न केवल इस प्रदर्शनी को देख रहे हैं बल्कि समूहों के उत्पाद भी खरीद रहे हैं। अपर कलेक्टर श्रीमती अंजू अरुण कुमार ने मंगलवार को इस प्रदर्शनी का अवलोकन किया। साथ ही उत्पाद भी खरीदे।

# ड्रग अधिकारी नहीं करते मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण, बिना पर्चे के बेची जा रही दवाइयां

## नकली और घटिया दवाओं का फल फूल रहा है कारोबार

**अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट**

अम्बाह-- मेडीकल स्टोर संचालकों द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से मेडिकल स्टोरों का संचालन किया जा रहा है और लोगों को डॉक्टरों के पर्चे के बगैर दवाइयां बेची जा रही है। हालात ऐसे है कि कई मेडीकल स्टोर तो मेडीकल की आड़ में नकली और नशीली दवाइयां भी बेच रहे है, जिनसे नशा करने वाले युवा आसानी से नशीली दवाइयां खरीद लेते है और खुलेआम नशा करके नशे के आदी बनते जा रहे है। मेडिकल स्टोरों को संचालित करने वाले दवा कारोबारियों में से कई के पास तो मेडिकल स्टोर का रजिस्ट्रेशन तक नहीं है, जिनके पास रजिस्ट्रेशन है उनके पास बी फार्मा डिग्री या डिग्री धारी कर्मचारी नहीं है और जिनके पास रजिस्ट्रेशन और बी फार्मा डिग्री है उनमें से ज्यादातर मेडिकल संचालक नियम विरुद्ध तरीके से बिना डॉक्टर के पर्चे के लोगों को खुलेआम दवाइयां बेच रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई के नाम पर चुप्पी साधे हुए है। जिससे अवैध तरीके से दवा बेचने का कारोबार कर रहे मेडिकल संचालकों के हौसले बुलंद है, और हर छोटे-बड़े गांव में मेडिकल स्टोरों की भरमार है। शहर में संचालित मेडिकल स्टोर नियमों का पालन न करते हुए



डॉक्टरों के पर्चे के बिना लोगों को दवाइयां दे रहे हैं, वहीं ग्रामीण इलाकों में मेडिकल स्टोर संचालित करने वाले ज्यादातर लोगों के पास बीफार्मा की डिग्री और रजिस्ट्रेशन तक नहीं है। कुछ गिने-चुने मेडिकल स्टोर संचालकों के पास मेडिकल के रजिस्ट्रेशन और बीफार्मा की डिग्री है, बाकि के मेडीकल स्टोर झोलाछाप डॉक्टरों और ड्रग इंस्पेक्टर की कृपा से बिना कोई औपचारिकता पूरी किए बगैर संचालित किए जा रहे है। जिनकी जानकारी जिम्मेदार अधिकारियों को भी है लेकिन वह कभी कोई कार्रवाई नहीं करते है।

### एक लाइसेंस पर चल रही हैं कई दुकानें

–अम्बाह पोरसा में अधिकांश मेडिकल स्टोर दूसरे लोगों की डिग्री से संचालित किए जा रहे है। मेडिकल स्टोर संचालकों द्वारा बी फार्मा डिग्री धारी व्यक्ति को मेडिकल पर रखने की बजाए 03 से 04 हजार रुपए में कम पड़े लिखे युवकों को मेडिकल स्टोरों पर लगा रखा हैं, जिन्हें दवाइयों की भी कोई जानकारी नहीं होती हैं, पर वह मेडीकल स्टोर संचालक के बताए अनुसार मरीजों को दवाइयां दे-देकर दो से तीन महीने में ट्रेंड हो जाते है और मेडिकल स्टोरों का संचालन करते है। अधिकतर दुकानें एक-दो लोगों की हैं जो एक ही लाइसेंस पर अलग-अलग नाम से संचालित की जा रही हैं। नियमानुसार एक लाइसेंस पर सिर्फ एक दुकान का संचालन किया जाता सकता हैं।इस वजह से अवैध मेडिकल स्टोरों और नकली व नशीली दवाइयों का कारोबार बड़ी तेजी के साथ फलफूल रहा हैं ।

# मैहर मे जल्द जिला बनेगा जिला अस्पताल , नवमिर्मित भवन स्थल का हुआ निरीक्षण



**प्रवीण गौतम**
**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान न्यूज़,मैहर**

मैहर-जिले की सौगात हुए 1 वर्ष हो चुके हैं जिसके जिला बनाने के साथ साथ मैहर जिले का विकास और मैहर को विकसित बनाने की लगन को लेकर मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी मुख्यमंत्री माननीय श्री मोहन यादव से मुलाकात कर शहर की सुंदरता को बढ़ाने का प्रयास निरंतर कर रहे हैं मैहर शहर के विकास के पद पर एक कदम और प्रगतिशील रफ्तार से बढ़ता हुआ चल रहा है आज मैहर जिला अस्पताल निर्माण को लेकर के स्वास्थ्य विभाग के डायरेक्टर पंकज जैन स्वास्थ्य विभाग के निर्माण मुख्य अभियंता मैहर पहुंचे जहां पर मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों के साथ नगर पालिका सीएमओ लालजी ताम्रकार मैहर एसडीएम विकास सिंह निर्माण स्थल का निरीक्षण किया इसके पश्चात विभागीय कार्यवाही पूरी होने के साथ ही जल्द ही जिला अस्पताल का निर्माण भी शुरू हो जाएगा इसके अतिरिक्त सभी स्वस्थ विभाग के अधिकारी मैहर सिविल अस्पताल पहुंचे जहां पर जर्जर भवन को डिस्मेंटल कर कई अतिरिक्त कच्छ एवं अस्पताल का एक और प्रवेश द्वार के साथ सुसज्जित पार्किंग की व्यवस्था का निर्माण को लेकर के चर्चा की गई जिसको लेकर के सभी अधिकारियो ने पुराने सिविल अस्पताल का भी निरीक्षण किया इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के सभी आला अधिकारी उपस्थित रहे

# 20 वर्ष की सेवा अवधि को कर दिया गायब दस्तावेजों में अधिकारियों ने की हेर फेर

**दिनेश पौराणिक**
**केसरिया हिंदुस्तान**

बड़ावदा मध्यप्रदेश के सरकारी विद्यालयो मे 1998 से कार्यरत अध्यापक शिक्षक सवर्ग को 1 जुलाई 2018 को मुख्यमंत्री ने नविन शेक्षणिक संवर्ग मे भी वरिष्ठता दी है,लेकिन शिक्षा विभाग के अधिकारियो ने कूट रचित दस्तावेज व गलत जानकारी देकर पोर्टल पर नई नियुक्ति 1 जुलाई 2018 दर्ज करवाकर 20 वर्ष की सेवा अवधि गायब कर के शासन के निर्णय को ही बदल दिया, ऐसे मे, शिक्षकों की सेवा उपादान राशि, ग्रेज्यूएटी भुगतान मे लाखो रूपये का नुकसान शिक्षकों को हुआ है, इसकी जानकारी जब शिक्षक सेवानिवृत हुए तब जानकारी प्राप्त हुई ,अब शिक्षको ने गड़बड़ी करने वाले अधिकारीयो के खिलाफ पुलिस मे आज दिनांक को बड़ावदा थाने मे जाँच का आवेदन दिया



है, पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया है आवेदन देते समयश्रीमती राजकुमारी तिवारी, श्रीमती कैलाशी बाई चावरे, होकम सिंह डोडिया ने बड़ावदा थाने के स्ढ्ढ जगदीश चंद कुमावत को दिया आवेदन कर्ताओ के साथ संजय द्विवेदी-जिला सचिव मध्य प्रदेश शिक्षक संघ दिनेश जायसवाल-तहसील सचिव मध्य प्रदेश शिक्षक संघ कैलाश परिहार-सदस्य शिक्षक संघशांतिलाल झाला-अध्यक्ष विज्ञान सहायक संघप्यार सिंह पवार-जनशिक्षक,महेश बैरागी,, पंकज जायसवाल, अजय रावल, सुरेश व्यास, घनश्याम पाटीदार, अशीम श्रोत्रीय, मोहनलाल सोनाथी, शंकर लाल सोलंकी, घनश्याम चौहान ,श्रीमती मिथिलेश अवस्थी ,श्रीमती सविता तिवारी, श्रीमती तबस्सुम खान, श्री बंशीलाल पवार, श्यामलाल मालीवाड़, तपन नायक, किशन लाल डामेचा, नंदराम राठौर, गणेश कुमार वाघेला, राधेश्याम चौहान आदि शिक्षक भी उपस्थित रहे

# शहर मे अवैध तरीके से संचालित है कबाड़ की दुकान, धड़ल्ले से चल रहा कारोबार



**प्रवीण गौतम**
**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान न्यूज़, मैहर**

मैहर- शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित कबाड़ की दुकानों में जिम्मेदार तंत्र की अनदेखी से आमजन के बीच चर्चाएं बढ़ रही हैं। नियमानुसार कबाड़ की दुकानों में कामकाज के लिए पुलिस विभाग द्वारा पंजीकरण और नियमित जांच आवश्यक है, लेकिन कई दुकानों में यह नियमों का पालन होते नहीं दिख रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना लाइसेंस और सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर ये दुकानें संचालित हो रही हैं, जिससे क्षेत्र में चोरी गए सामानों की खरीद-फरोख्त की आशंका बनी रहती है। पुलिस विभाग द्वारा इस मामले में कोई ठोस कदम न उठाने से लोगों में आक्रोश है, और वे नियमों के कड़ाई से पालन की मांग कर रहे हैं।,वही बात किया जाए तो शहर एवं शहर के बाहर कबाड़ की कई दुकानें संचालित हैं जो अवैध तरीको से कबाड़ के आड़ मे चोरी के सामानो की खरीदी की जाती है,साथ ही इन दुकानों मे अपशिष्ट पदार्थ रबर प्लास्टिक टायर जैसी वस्तु रात में जलाकर पर्यावरण को भी प्रदूषित किया जाता है, ऐसे कई दुकानें है जो सरकारी जमीन में कब्जा करके कबाड़ की दुकान खोलकर बैठ जाते हैं और वहीं से उनके अवैध काम शुरू होते है,जनता आवाज उठाती हैं मगर उनकी कोई सुनने वाला नहीं है,आखिर जनता के प्रति प्रशासन कब ठोस कदम उठाएगा

# भगवती मानव कल्याण संगठन सदस्यों ने पकड़वाई 4 पेटी अबैध शराब



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

दमोह जिले के नोहटा थाना अंतर्गत भगवती मानव कल्याण संगठन तहसील जबेरा के कार्यकर्ताओं ने पुलिस को सूचना देकर पकड़वाई 4 पेटी अबैध शराब सहित दो आरोपी

आरोपी बम्होरी शराब दुकान से इमलिया मानगढ़ बगैर नम्बर हीरो सीडी डाउन लाल ब्लेक कलर की मोटरसाइकिल से अबैध शराब ले जा रहे थे जिसकी सूचना संगठन सदस्यों ने पुलिस को दी पुलिस मौके पर पहुंचकर माला जलाशय के नीचे मेन रोड पर रोक लिया गया जिसमें सफेद कलर की बोरी में 4 पेटी में लाल मसाल 75 पाव एवं प्लेन सफेद पाव 125 शील बंद के साथ आरोपी (1) राजेश राय पिता अच्छे लाल राय उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम कन्होंरा तहसील व जिला कटनी (2) राजा राय पिता संतोष राय उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम इमलिया गोरहा बाकल तहसील बोहरीवन जिला कटनी

संगठन सदस्यों का कहना है कि जिले में अबैध शराब पर पुलिस लगाम नहीं लगा पा रही एवं आवकारी विभाग भी मौन है आखिर कब रुकेगा अबैध शराब कारोबार दीपावली के दिन शराब के कारण 3 बच्चों की मौत हुई थी फिर शासन प्रशासन मौन है वहीं नोहटा थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया

# मनावर पुलिस ने अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री पर दबिश देकर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया

**रघुनाथ सेन की रिपोर्ट**

धार जिले के ग्राम में सिंघाना दो घरो में अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री पर दबिश देकर पुलिस ने रविवार को 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से अवैध 12 देशी कट्टे, 1 देशी पिस्टल साथ ही भारी मात्रा में हथियार बनाने के औजार बरामद किए हैं।पुलिस एसडीओपी अनु बेनीवाल, थाना प्रभारी ईश्वरसिंह चौहान ने बताया रात 11 बजे वार्त्ता में बताया कि 3 नंवबर रविवार की शाम को पुलिस को ग्राम सिंघाना में अवैध हथियार बनाने की सूचना मिली।जिसको लेकर एसडीओपी अनु बेनीवाल ने अपनी टीम के साथ ग्राम सिंघाना के दो मकानों में दबिश दी गई।जिसमें बड़ी मात्रा में हथियार बनाने के काम में लुप्त युवाओं को धरदाबोचा गया है। बताया कि एक टीम ने सिंघाना के हरजीतसिंह सिकलीगर के घर दबिश देकर घर के अन्दर से अवैध हथियार निर्माण करते आरोपी हरजीतसिंह चावला, दयासिंह भाटिया, जितेन्द्रसिंह चावला को गिरफ्तार कर पास से अवैध हथियार बनाने के उपकरण बरामद कर किये गये।वही इसी प्रकार दुसरी टीम ने सतनामसिंह सिकलीगर निवासी सिंघाना के घर के अंदर दबिश देकर



सतनामसिंह सिकलीगर, राजेन्द्र सिकलीगर, राजसिंह सिकलीगर व संजयसिंह सिकलीगर मिले जो अवैध हथियार निर्माण कर रहे थे। जिनके कब्जे से एक हेण्डमेड देशी पिस्टल, दो मैग्जीन, एक देशी कट्टा, अवैध हथियार बनाने के उपकरण बरामद कर कुल 4 आरोपीयो की गिरफ्तारी की गई है। एसडीओपी अनु बेनीवाल ने बताया कि आरोपी सतनामसिंह व हरजीतसिंह सिकलीगर के खिलाफ पूर्व में कई मामले मनावर,गंधवानी थानों में दर्ज हो चुके है।पुलिस ने थाना मनावर अपराध क्र 861/24 धारा 5, 25(1)(ए) आर्म्स एक्ट का कायम किया गया।कारवाई में सिंघाना चौंकी प्रभारी प्रकाश सरोदिया, गुलाबसिंह भयडिया, रानी राठौर,सुखदेव अलावा, शेरसिंह बघेल, रामबाई, बाबुसिंह कामलिया, महेन्द्रसिंह डावर, राहुल बांगर,अंकित रघुवंशी,रमेश भोसले, फुलवंती, ओमप्रकाश, सैनिक राकेश, हरसिंह का सराहनीय योगदान रहा पुलिस ने इन आरोपियों को किया गिरफ्तार आरोपी

1.सतनामसिंह सिकलीगर निवासी गायत्री कालोनी सिंघाना
2.राजसिंह सिकलीगर निवासी गायत्री कालोनी सिंघाना
3.संजयसिंह सिकलीगर निवासी गायत्री कालोनी सिंघाना
4.राजेन्द्र सिकलीगर निवासी गायत्री कालोनी सिंघाना
5.हरजीतसिंह चावला निवासी गायत्री कालोनी सिंघाना
6.दयासिंह भाटिया जाति सिकलीगर नि उमरटी थाना वरला बडवानी
7.जितेन्द्रसिंह पिता भीकासिंह चावला जाति सिकलीगर 35 साल निवासी गायत्री कालोनी सिंघना

## एक नजर

### भाजपा के जिला पंचायत उपाध्यक्ष नंदराम वघेल ने मारपीट के आरोप को बताया राजनेतिक षड्यंत्र



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान**

लहार विधानसभा के ग्राम मंडोरी के निवासी सुदामा वघेल द्वारा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और जिला पंचायत उपाध्यक्ष नंदराम वघेल पर आरोप लगाया जा रहा है कि नंदराम वघेल और उनके पुत्र ने एक राय होकर हमारी मारपीट की इस मामले पर जव रिपोर्टर संतोष चौहान की नंदराम वघेल से चर्चा हुई तो उन्होंने बताया की मेने और मेरे पुत्र ने किसी के साथ मारपीट नहीं की कुछ राजनेतिक विरोधियों द्वारा सुनियोजित षड्यंत्र रचा जा रहा है मेरे उपर निराधार आरोप लगा कर मेरी छवि धुमिल की जा रही है और यदि किसी की मारपीट हुई है तो आरोप लगाने वाले व्यक्तियों के शरीर पर किसी भी तरह के चोट के निशान क्यों नहीं दिख रहे,नंदराम वघेल ने मारपीट के आरोप को पुर्णतया सुनियोजित षड्यंत्र वताया

### अटेर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम उदोतगढ के पास हुआ बाइक और गाड़ी में भयानक एक्सीडेंट

**पुष्पेंद्र तोमर**
**देनिक केसरिया हिंदुस्तान**



अटेर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम उदोतगढ के पास हुआ बाइक और गाड़ी में भयानक एक्सीडेंट। बाइक ग्राम किचोल काली माटी के पूरा से रानी विरगमा जा रहे थे बाइक पर तीन लोग सवार थे जिसमें एक लड़का और दो औरत बैठी हुई है। उदोतगढ बजरिया के बीच में एक मोड पर गाड़ी आ रही थी सामने से बाइक में टक्कर मार दी जिससे तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है मौके पर लोगों ने एकत्रित हो कर गाड़ी को रोक लिया जिसके कुछ देर बाद ही पुलिस और एम्बुलेंस की गाड़ी मौके पर पहुंच गई जिससे उन लोगों को भिण्ड जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। तथा गाड़ी और ड्राइवर को अटेर थाने में पुलिस ले गई बाइक पर लड़का वीरेश बघेल पिता बिनोद बघेल ग्राम रानी विरगमा थाना फूफ जिला भिण्ड बताया गया है और साथ में उनकी बहन गिरजा और माता जी थी। गाड़ी में सवार दो से तीन लोग थे बाइक नंबर Mp 30 5d 9699 है और गाड़ी नंबर RJ 45 CN 8048 है जिसको ड्राइवर संजय सिंह राजपूत निवासी गणगौर जिला भरतपुर राजस्थान की गाड़ी है दोनों गाड़ियों को अटेर पुलिस ने थाने पहुंचा दिया है

### भाजपा के वरिष्ठ नेता केदार सिंह को मिली बडी जिम्मेदारी



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान**

लहार विधानसभा के भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ और लोकप्रिय नेता केदार सिंह जी को भारतीय जनता पार्टी द्वारा आगामी संगठन चुनाव हेतु भिंड जिले के गोरमी मंडल का निर्वाचन (चुनाव) अधिकारी नियुक्त किया गया है केदार सिंह ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा की पार्टी द्वारा मुझ पर विश्वास जता कर दी गई जिम्मेदारी को सत्य निष्ठा से निभाते हुए पार्टी हित में काम करने के लिए प्रयासरत रहुगा

### नियमित भर्ती में वर्षो से कार्यरत विद्युत आउटसोर्स कर्मचारियों को भी दिया जाए आरक्षण का लाभ

**अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट**



अम्बाह। मुरैना। मध्य प्रदेश संविदा एवं ठेका श्रमिक कर्मचारी संघ इंटक के प्रदेश अध्यक्ष श्री एल.के.दुबे जी ने संगठन के पत्र क्रमांक 70 - 71 दिनांक 30/10/2024 के माध्यम से माननीय ऊर्जा मंत्री एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा मध्य प्रदेश शासन , प्रबंध संचालक विद्युत कंपनियों को अवगत कराया गया है कि मध्य प्रदेश विद्युत वितरण, पॉवर ट्रांसमिशन, पॉवर जनरेशन कंपनियों में लगातार अधोसंरचना में वृद्धि हुई है एवं उपकेंद्रों और लाइनों का विस्तार हुआ है इसके बाबजूद भी विद्युत कंपनियों द्वारा नियमित कर्मचारियों की भर्ती नही की जाने के कारण अधोसंरचना में सुधार न किया जा कर वर्तमान में कर्मचारियों की भर्ती , कर्मचारियों की रिक्तियों पर भर्ती 2003 के अनुसार ही की जा रही है ।इसकी वजह से कर्मचारियों की अत्यंत कमी पड़ रही है। कर्मचारियों की कमी को दूर करने केलिए प्रबंधन द्वारा एक नया शोषणकारी तोड़ निकाला है जिसका नाम आउटसोर्स कर्मी है । यह कर्मचारी लगभग 10 से 12 वर्षों से विद्युत व्यवस्था को बनाए रखने में अहम भूमिका निभा रहे है । किंतु जब बात आती है इनको शोषण मुक्त एवं अधिकारों को देने की और विभाग में मर्ज करने की तो यह कह कर प्रबंधन अपना पल्ला झाड़ लेता है कि उक्त आउटसोर्स कर्मचारी हमारे नही है ठेकेदार के है। उक्त कर्मचारियों से लाइन मैन , उपकेंद्र संचालन , मीटर रीडिंग एवं कार्यालयीन कार्य के साथ साथ गोपनीय शाखा जैसे महत्वपूर्ण कार्य संपादित कंपनी ही करा रही है फिर कंपनी किस तरह इनसे पल्ला झाड़ सकती है?अतः संगठन की माननीय ऊर्जा मंत्री जी एवं अतिरिक्त प्रमुख सचिव ऊर्जा से मांग है कि विद्युत कंपनियों की अधोसंरचना में वर्तमान की स्थिति में सुधार कर आउटसोर्स कर्मचारियों को नियमित भर्ती में आरक्षण दिया जाए जिससे वर्षो से कार्यरत अनुभवी कर्मचारियों का विभाग में संविलियन / नियमित हो सके इसी में दोनो पक्षों की भलाई है ।

# मद्तकी अपील लाई रंग - समय पर रक्त मिलने से थैलेसीमिया मरीज की बची जान

### जन सेवा हेतु सिंधी समाज सदैव तत्पर – कमल कामदार

### रक्त दान कर आप बन सकते हैं जीवन रक्षक – मरीज के परिजन

सिंधी समाज के अग्रणी समाजसेवी ने चर्चा के दौरान बताया कि सिंधी समाज द्वारा समय समय पर शिविर एवं अन्य माध्यमों रक्त दान कर मरीजो के जीवन रक्षा एंव समाज हित के कार्यो को अंजाम दिया जाता है। जिला चिकित्सालय के चिकित्सको के द्वारा जब मंगलवार की दोपहर मरीज को उपचार उपरांत छुट्टी दी गयी तो, मरीज के परिजनो ने रक्त दाता, कमल कामदार, सिंधी समाज एवं समय समय पर रक्त दान करने वाले सभी जनो का ह्दय से आभार व्यक्त किया साथ ही नम ऑखो से जिले वासियों से विनम्र अपील भी किया कि ब्लड बैंक सीधी में रक्त की हमेशा कमी बनी रहती है। यदि आप या आपके परिजन रक्त दान करने के योग्य हैं, तो आपके किये हुए रक्त दान से जरूरतमंद मरीजों की जान बचाई जा सकती है।





सीधी। जिला चिकित्सालय सीधी में अवनीश बंसल उम्र 4 वर्ष 5 माह को उपचार हेतु विगत दिवस लाया गया, जो कि थैलेसीमिया रोग से पीड़ित बताया गया। चिकित्सको ने जीवन रक्षा हेतु त्वरित रूप से मरीज को रक्त चढ़ाने की बात कही किन्तु मरीज के अभिभावक पहले से ही रक्तदान कर चुके थें, जिस कारण वे रक्त दान में असमर्थ साबित हुए। वहीं चिकित्सकों के कहने पर मरीज के परिजन ब्लड बैंक पहुॅचे किन्तु वहॉ उक्त रक्त उपलब्ध न होना बताया गया। ऐसे में थैलेसीमिया पीड़ित मरीज के परिजन मद्द हेतु इधर उधर भटकने लगे वहीं ऐसे में कमल कामदार वरिष्ट समाजसेवी सिंधी समाज के अग्रणी समय पर रक्त उपलब्ध कराकर जीवन रक्षक साबित हुए। अवनीश बंसल पिता किशुन लाल बंसल बड़ा गॉव, कोदौरा थाना अमिलिया सीधी थैलेसीमिया रोग से पीड़ित हैं। थैलेसीमिया एक ऑटोसोमल रिसेसिव विकार है, जिसके कारण मरीज को आजीवन रक्त आधान की आवश्यकता होती है। जिला चिकित्सालय कैंपस के अंदर संचालित ब्लड बैंक मांग के अनुसार रक्त की उपलब्धता कराने में असमर्थ साबित हो रहा है। जिसके चलते जरूरतमंद मरीजों को मजबूरी में आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ता है। आपको बतादें कि अवनीश बंसल के अभिभावक जब इधर उधर मदद की अपील करते हुए भटक रहे थें, वहीं कमल कामदार वरिष्ट समाज सेवी ने उक्त जानकारी मिलते ही सिंधी समाज एवं व्यापारी समाज से मदद की गुहार लगाते हुए त्वरित रूप से मरीज के परिजनो को रक्त उपलब्ध कराने में सहायक साबित हुए।

## गौ रक्षको ने घायल गोवंशों का कराया उपचार



सीधी। मंगलवार की दोपहर अस्पताल चौक के समीप खून से लथपथ गोवंशों को देखा गया, जिसकी सूचना गौ रक्षा दल सीधी को दी गयी। जानकारी मिलते ही त्वरित रूप से अलग अलग स्थल एवं समय पर गौ रक्षा दल के सदस्य दीपेन्द्र तिवारी, प्रिंस दीक्षित, अनिल पटेल, मुकेश गिरी, विकास गुप्ता, संजीव कुमार रावत एवं पशु औषधालय से डॉ. मोहन भारती पहुॅच कर घायल गौवंशो का त्वरित उपचार किया। आपको बताते चलें कि निःस्वार्थ भाव से जिले में विगत तीन वर्षो से गौ रक्षा दल के सदस्यों द्वारा स्वंय के व्यय पर गौ रक्षा के पावन पुनीत कार्य में लगे हुए हैं। जो कि सूचना मिलते ही त्वरित रूप से जिला मुख्यालय एवं जिले के कोने कोने तक सेवायें देते हुए देखे जा रहे हैं। चर्चा के दौरान गौ रक्षकों ने बताया कि उनके सदस्यों के द्वारा कई बार जन प्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन से संपर्क कर मद्द की गुहार लगाई गई किन्तु वहॉ से मदद न मिलने पर स्वंय के व्यय पर बिना किसी दिखावे के गौ रक्षा के कार्यो को अंजाम दिया जा रहा है। जिसमें पशु औषधालय के समस्त चिकित्सक एवं स्टाफ का सराहनीय योगदान रहता है। दीपेन्द्र तिवारी ने चर्चा के दौरान बताया कि मंगलवार की दोपहर अस्पताल चौक के समीप एवं शाम के समय पुराना मिश्रा नर्सिंग होम के समीप गौ वंश सड़क दुर्घटना के शिकार हुए थें, जिसकी सूचना मिलते ही टीम के द्वारा गौवंशो का उपचार कराया गया।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 117 आवेदकों की समस्याएं निराकरण के दिए निर्देश

### समस्याओं का समय-सीमा में करें गुणवत्तापूर्ण निराकरण -कलेक्टर

सीधी जनसुनवाई में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा जिले के दूरस्थ एवं ग्रामीण अंचलों से आए 117 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। कलेक्टर के निर्देश पर आवेदकों को तत्काल पावती भी उपलब्ध कराई गई। कलेक्टर श्री सोमवंशी ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि जिन आवेदन पत्रों में समय सीमा निर्धारित किया जाता है उसको तत्काल विभाग प्रमुख अपने संज्ञान में लेकर निराकरण कर संबंधित शिकायतकर्ता सूचित करें। कलेक्टर द्वारा जनसुनवाई में संबल योजना के सत्यापन संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। अतिथि शिक्षकों के प्राप्त आवेदनों पर निर्णय लेने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया है। जनसुनवाई में हितग्राहीमूलक योजनाओं से संबंधित समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रत्येक स्तर पर नियमित समीक्षा की जाए। योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही कठिनाइयों की पहचान करें तथा उनका समाधान करते हुए प्रत्येक हितग्राही को पात्रतानुसार लाभान्वित किया जाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदनों पर पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि शासन द्वारा लोगों की समस्या के त्वरित निराकरण करने की मंशा से जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है। इसे पूरी गंभीरता से लें तथा प्राप्त समस्याओं का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करायें। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

### विकासखण्डवार संयुक्त सर्वेक्षण एवं निगरानी दल गठित

## रबी में फसलों की स्थिति, कीट ब्याधि का निरीक्षण एवं नियंत्रण तथा कृषकों को तकनीकी मार्गदर्शन देंगे

सीधी उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास संजय कुमार श्रीवास्तव ने जानकारी देकर बताया है कि रबी 2024-25 में फसलों की स्थिति, कीट ब्याधि का निरीक्षण एवं नियंत्रण तथा कृषकों को तकनीकी मार्गदर्शन देने के लिए विकासखण्डवार संयुक्त सर्वेक्षण एवं निगरानी दल (डायग्नोस्टिक टीम) का गठन किया गया है। दल निरीक्षण उपरांत प्रतिवेदन वरिष्ठालय को साप्ताहिक रूप से समय-समय पर प्रस्तुत करेंगे। जारी आदेशानुसार विकासखण्ड सीधी में अनुविभागीय कृषि अधिकारी पी.एल. कुशवाहा दल प्रमुख होंगे। इसी प्रकार वैज्ञानिक अमृता तिवारी एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विवेक कुमार दुबे दल सदस्य होंगे। विकासखण्ड रामपुर नैकिन में अनुविभागीय कृषि अधिकारी पी.एल. कुशवाहा दल प्रमुख होंगे। इसी प्रकार वैज्ञानिक अमृता तिवारी एवं प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कामता प्रसाद मिश्रा दल सदस्य होंगे। विकासखण्ड मझौली में अनुविभागीय कृषि अधिकारी पी.एल. कुशवाहा दल प्रमुख होंगे। इसी प्रकार वैज्ञानिक अमृता तिवारी एवं प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी परषोत्तम बागरी दल सदस्य होंगे। विकासखण्ड कुसमी में अनुविभागीय कृषि अधिकारी पी.एल. कुशवाहा दल प्रमुख होंगे। इसी प्रकार वैज्ञानिक अमृता तिवारी एवं प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एम.पी. सिंह दल सदस्य होंगे तथा विकासखण्ड सिहावल अनुविभागीय कृषि अधिकारी पी.एल. कुशवाहा दल प्रमुख होंगे। इसी प्रकार वैज्ञानिक अमृता तिवारी एवं प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी गरूण प्रसाद कोल दल सदस्य होंगे।उपरोक्त संयुक्त सर्वेक्षण दल जिला/विकासखण्ड स्तर पर कीट ब्याधि प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण कर कीट ब्याधि नियंत्रण के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए प्रतिदिन प्रतिवेदन कार्यालय उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास जिला सीधी को उपलब्ध करायेंगे तथा प्रतिवेदन भेजने का दायित्व संबंधित दल प्रमुख का होगा।






## ट्रस्ट की गतिविधियाँ क्षेत्र के विकास में सहयोगी हों यही प्रयास है- पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री सिंह

पूर्व नेता प्रतिपक्ष, विधायक एवं बघेलखंड सांस्कृतिक भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि विन्ध्य क्षेत्र के नागरिकों को एकजुट करने का, विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे विंध्यवासियों को सम्मानित कर अन्य नागरिकों को प्रेरित करने के लिये यह आयोजन किया गया है। ट्रस्ट की गतिविधियाँ क्षेत्र के विकास में सहयोगी हों यही प्रयास है।कार्यक्रम में आईपीएस सुश्री काजल सिंह, आईएफएस अक्षत पाण्डेय, वीरेन्द्र कुमार पटेल, सुश्री ऋषिका सिंह, आईआरटीएस रोहित सिंह, डिप्टी कलेक्टर अंबिकेश प्रताप सिंह, सुश्री अर्चना मिश्रा, नंदन तिवारी, देवेंद्र द्विवेदी, सुश्री प्रिया पाठक, सौरभ मिश्रा, अमित सोनी, उमेश द्विवेदी, डीएसपी हेमंत पांडे, डिप्टी कमांडेंट होमगार्ड आशीष कुशवाहा, वेटनरी डॉक्टर डॉ रागिनी मिश्रा, एटीओ प्रकाश द्विवेदी, एडी शिक्षा सुश्री कविता त्रिपाठी, सीईओ जनपद सुश्री 'योति पटेल, नायब तहसीलदार कमलेश मिश्रा, आशीष मिश्रा, प्रकाश उपाध्याय, सुश्री बिंदु तिवारी, सुश्री रूपा पाठक, सुश्री आंचल अग्रवाल, सुश्री प्रज्ञा दुबे, सुश्री प्रतीक्षा सिंह, सुश्री अंकिता पांडे, सुश्री एकता शुक्ला, शिव कुमार गौतम, सुमित तिवारी और सौम्य कुमार द्विवेदी को सम्मानित किया गया।




# छत्तीसगढ़ में अशांति और अराजकता फैलाने कांग्रेसियों के घिनौने चेहरे लगातार आ रहे सामने - रेणुका सिंह

## प्रदेश में भय और आतंक का माहौल लाना चाहती है कांग्रेस - कृष्ण बिहारी जायसवाल

**देबाशीष गांगुली (संभागीय ब्यूरो सरगुजा । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)**

कोरिया। छत्तीसगढ़ राज्य में बीते कई महीनों से लगातार कांग्रेस पार्टी द्वारा जो अराजकता फैलाने सहित समूचे प्रदेश को अस्थिर करने का कृत्य किया जा रहा है जिससे प्रदेश में अशांति का माहौल निर्मित करने का प्रयास किया गया है उसको लेकर आज कोरिया जिला मुख्यालय अंतर्गत भाजपा कार्यालय बैकुंठपुर में प्रेसवार्ता ली गई । प्रेसवार्ता में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री व वर्तमान विधायक भरतपुर सोनहत रेणुका सिंह ने कांग्रेस की कारगुज़ारियों को पत्रकारों के सामने रखते हुए कहा की आज जब हम प्रदेश का पचीसवां राज्योत्सव मना रहे हैं, वहीं बड़े ही दुःख और चिंता के साथ कांग्रेस की कारगुजारियों को आपके बीच रखने की विवशता भी है।प्रदेश में जहां भी अपराध और तनाव जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही है, उसकी जड़ में कांग्रेस है। हमारा यह स्पष्ट आरोप है कि कांग्रेस जान बूझ कर छत्तीसगढ़ को आग में झोंकना चाहती है। इसलिए पहले खुद अपराध को अंजाम देती है। षड्यंत्र रचती है। फिर उस पर सरकार को घेरने में उसके बड़े नेता लग जाते हैं। रेणुका सिंह ने कहा कि यह कांग्रेस की राष्ट्रीय स्तर पर तय हुई साज़िश के तहत हो रहा है कि समूचे देश-प्रदेश को अराजकता में धकेल दो, फिर चुनी हुई सरकारों को अस्थिर करो। भय और आतंक का वातावरण निर्मित करो । छत्तीसगढ़ में भी हर आतंक और अपराध के पीछे कांग्रेस का ही खूनी पंजा है। कांग्रेस लोकसभा चुनाव में मिली करारी हार और छत्तीसगढ़ समेत तमाम राज्यों में हुए सफ़ाये से अब जनता में प्रति बदले की भावना से भरी हुई है। वह समाज में अशांति फैलाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा की अभी दामाखेड़ा में कबीरपंथ ही नहीं समूचे प्रदेश के आस्था के केंद्र में हमला करने वाला भी कांग्रेस का सक्रिय कार्यकर्ता निकला है। इसका प्रमाण स्वयं प्रकाशमुनि साहब के फेसबुक के पोस्ट में है । प्रकाशमुनि साहेब ने अपने फेसबुक पोस्ट में इस बात का उल्लेख किया है कि इस घटना में भी अपराधी सरपंच पति







कांग्रेस पार्टी का ही कार्यकर्ता है । प्रकाशमुनि साहब ने स्पष्ट यह आरोप लगाया है कि दामखेड़ा की घटना को राजनीतिक रंग दिया जा रहा है। कांग्रेस के इस कृत्य की जितनी भर्त्सना की जाय, कम है। प्रेसवार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल ने कहा की प्रदेश में अशांति और अराजकता कांग्रेस की साजिश है। बलौदाबाजार में किस तरह योजनाबद्ध तरीके से कलेक्टर और एसपी कार्यालय जलाये गये। इस प्रकरण में कांग्रेस के विधायक देवेंद्र यादव के साथ-साथ सैकड़ों कांग्रेसी जेल में बंद हैं। महीनों बाद भी किसी अदालत ने इन्हें अगर जमानत देने लायक भी नहीं पाया है तो समझा जा सकता है कि इनके खिलाफ साक्ष्य कितने मजबूत हैं। ठीक इसी तरह सूरजपुर में पुलिस अधिकारी की पत्नी और बच्चे की जघन्य हत्या करने वाला एनएसयूआई का ज़िला महासचिव था तथा एनएसयूआई का जिलाध्यक्ष भी इस घृणित कृत्य में ज़िम्मेदार था। इस घिनौने कृत्य पर भी कांग्रेस उल्टे चोर कोतवाल को डाँटे की तर्ज़ पर राजनीति कर रही थी। सवाल उठता है कि क्या ये अब अपनी गंदी राजनीति चमकाने के लिए नरसंहार आदि को भी प्रायोजित करने से बाज नहीं आ रहे हैं? यह प्रश्न निराधार तो नहीं लगता। अगर ऐसा है, जो कि लग रहा है तो साफ कहा जा सकता है कि कांग्रेस अब एक गिरोह में बदल चुकी है। लोहारीडीह कांड में भी बार बार गाँव में अशांति फैलाने और दो समूहों को लड़वाने का काम कांग्रेस कर रही है। यदि उन्हें पता है कि दोषी और निर्दोष कौन है तो बता दे पुलिस को या पुलिस को जाँच करने दे। यही नहीं केशकाल में युवा कांग्रेस का ब्लॉक उपाध्यक्ष 500 रुपये के लाखों के नक़ली नोट के साथ पुलिस के गिरफ़्त में है। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए विधायक रेणुका सिंह ने कहा की कांग्रेस के नेता और उनसे संबंधित अधिकारियों पर कोयला घोटाला, शराब घोटाला, पीएससी घोटाला, महादेव घोटाला आदि के आरोप हैं।कांग्रेस की इन कृत्यों को छत्तीसगढ़ क़तई सहन नहीं करेगा। भाजपा की हमारी सरकार तो प्रदेश में हर क़ीमत पर शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए कटिबद्ध है ही, हमारा संगठन भी लोकतांत्रिक तरीक़े से कांग्रेस का मुक़ाबला करने तैयार है। साथ ही विधायक रेणुका सिंह ने कहा की कांग्रेस को स्पष्ट चेतावनी दी जा रही है कि वह अपने कृत्यों से बाज आये, अन्यथा उससे हर स्तर पर दो-दो हाथ करने भाजपा के कार्यकर्ता तैयार हैं। कांग्रेस को प्रदेश में अशांति, अराजकता और आतंक फैलाने और फिर उस आग पर अपना हाथ सेंकने की छूट हम बिल्कुल नहीं दे सकते। दामाखेड़ा की कबीरपंथ के आचार्य जी के निवास में हुए हमले की हम घोर भर्त्सना करते हैं और इसके पीछे के षड्यंत्र की पता लगा कर दोषियों को चाहे वह कितना ही बड़ा कांग्रेसी क्यों न हो, सलाख़ों के पीछे भिजवाने बिना भाजपा चैन से नहीं बैठेगी। प्रेसवार्ता में विधायक भरतपुर सोनहत रेणुका सिंह , भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल , जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी , जिला महामंत्री पंकज गुप्ता विनोद साहू , जिला संवाद प्रभारी विमलकांत गुप्ता , जिला मीडिया प्रभारी अजीत पाटकर , बैकुंठपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष कुबेर साहू , पटना मंडल अध्यक्ष कपिल जायसवाल शामिल रहे।

## जेठ का लडका निकला चाची का हत्यारा : 1 माह पूर्व हुआ विवाद बना हत्या का कारण

# आशुतोष गुप्ता पुलिस अधीक्षक सतना के कुशल निर्देशन एवं विक्रम सिंह अति. पुलिस अधीक्षक सतना व सुश्री विदिता डागर (IPS) एसडीओपी नागौद के मार्गदर्शन में कोठी थाना पुलिस की कार्यवाही

**भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

### घटना विवरण–

दिनांक 02/11/24 को सुबह 7 बजे सूचना मिली कि अहिरान टोला ग्राम रमपुरा में एक महिला अपने घर के आंगन लहुलुहान मृत हालत में पड़ी है सूचना पर थाना कोठी पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर मृतिका की पहचान सुनैना यादव पति संजय यादव उम्र 36 वर्ष निवासी अहिरान टोला ग्राम रमपुरा के रूप मे की गई मृतिका के बांए हाथ एवं चेहरे पर चोट के निशान दिखाई दे रहे थे ऐसा प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत हो रहा था कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा महिला को किसी धारदार हथियार से चोट पहुंचाकर उसकी हत्या की गई है।सूचनाकर्ता शैलेन्द्र यादव निवासी रमपुरा की रिपोर्ट पर व्यक्ति के विरुद्ध धारा 103 (1) बीएनएस अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की गई।स्थानीय लोगो एवं मृतिका के परिजनो के बताए अनुसार मृतिका सुनैना यादव अपने पति संजय यादव एवं 2 बच्चो के साथ अहिरान टोला स्थित अपने घर मे रहती थी करीब 1 माह पूर्व सुनैना यादव के घर के बगल मे रहने वाले उसके जेठ संतोष यादव के लडके सुनील यादव ने सुनैना यादव की बच्ची को एक चाटा मार दिया था जिसके कारण सुनैना यादव का सुनील यादव से विवाद हुआ था दिनांक 01/11/24 की रात सुनील यादव अपने घर मे ही सो रहा था परंतु दिनांक 02/11/24 को सुबह जब सुनैना यादव की लाश उसके घर के आंगन में मिली तब सुनील अपने घर पर नही था सुनील यादव के सुबह घर मे न मिलने से पुलिस को शुरुआत से ही उस पर संदेह था जिसके



कारण कोठी पुलिस द्वारा सुनील यादव की पता तलाश सभी संभावित स्थानों पर की जा रही थी जिसे दिनांक 02/11/24 को ग्राम रमपुरा स्थित एक नाला के पास दस्तयाब कर पूछताछ की गई तो सुनील यादव शुरुआत मे तो पुलिस को गुमराह करने का प्रयास करने लगा परंतु पुलिस द्वारा हिकमतअमली से पूछताछ करने पर बताया कि करीब 1 माह पूर्व किसी बात को लेकर सुनील ने मृतिका की बेटी को चांटा मारा था तब मृतिका ने सुनील को बहुत गाली गलौज किया था एवं जिल्लत भरे शब्दों के साथ सब के सामने अपमानित कर दिया था तब से सुनील मृतिका के प्रति कुंठा रखता था और उसने कई बार प्रयास किया कि मृतिका उससे सार्वजनिक रूप से माफी मांगे कि उसने ऐसा क्यों किया परन्तु मृतिका ऐसा करने के लिए नहीं तैयार थी।सुनील कई दिनों से सोच रहा था कि मै अपने इस अपमान का बदला लूंगा।

दिनांक 02/11/2024 के एक दिन पहले मृतिका के दोनों बच्चे अपने बड़े पिता की अहरी में चले गए थे और पति सुबह सुबह खेत में काम करने चला गया था तब जैसे ही आरोपी को पता चला कि मृतिका घर में अकेली है तो उसने मौका पाकर अपना बदला लेने का सोचा और उसे कुल्हाड़ी से मारकर उसकी हत्या कर दी एवं घर की दीवार कूदकर खेत तरफ भाग गया।

आरोपी सुनील यादव द्वारा घटना मे प्रयुक्त कुल्हाडी जिसमे खून के धब्बे लगे दिखाई दे रहे थे जप्त किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

गिरफ्तार आरोपी- (1) सुनील यादव पिता संतोष यादव उम्र 26 वर्ष निवासी अहिरान टोला रमपुरा थाना कोठी जिला सतना।

### सराहनीय भूमिका–

थाना प्रभारी निरी. श्वेता मौर्या, उनि अजीत सिंह,सउनि देपेश पटेल,सउनि अश्वनीधर द्विवेदी प्रआर. नाथूराम अहिरवार, प्रआर. सुधीश अग्निहोत्री, प्रआर. महेश बंसल,प्रधान आरक्षक असलेंद्र सिंह,प्र.आर प्रवीण तिवारी आर. राजपाल बागरी, आर. पंकज कुशवाहा, आर मानवेन्द्र सिंह ,आर विशाल नागर,आर रामगणेश पटेल,मआर. मनीषा तिवारी,सै ओमप्रकाश मिश्रा सै पुष्पेन्द्र सिंह।

# भ्रष्टाचार के आरोप साबित होने के बाद पीजीबीटी के प्राध्यापक पंकजनाथ को एक और झटका

**भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**



स्कूल शिक्षा विभाग ने 2016 से हायर सेकेण्डरी प्राचार्य की पदोन्नति संबंधी पंकजनाथ के अभ्यावेदन को किया निरस्त,नियम विरुद्ध समयमान वेतनमान देने संबंधी जे डी रीवा के आदेश पर लगा प्रश्न चिन्हलंबे समय से विवादों में रहे और भ्रष्टाचार से घिरे पीजीबीटी के प्राध्यापक पंकजनाथ मिश्रा की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं।जहां पूर्व में विभागीय जांच में दोषी पाए जाने के बाद विभाग ने उन पर तीन लाख साठ हजार रुपए की वसूली के आदेश जारी किए थे, वहीं अब पंकज नाथ मिश्र के 2016 से हायर सेकंडरी प्राचार्य मानने के अभ्यावेदन को विभाग ने निरस्त कर दिया है। मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के उप सचिव कमल सोलंकी के हस्ताक्षर से जारी 10 अक्टूबर के आदेश में उल्लेख किया गया है कि श्री मिश्र द्वारा दिनांक 14-07-23 को प्रस्तुत अभ्यावेदन से यह स्पष्ट होता है कि उनके द्वारा विभागीय पदोन्नति आदेश का पालन नहीं करते हुए पदोन्नति उपरांत पदोन्नति स्थल पर उपस्थित नहीं दी गई ।अतः प्रकरण के पूर्ण परीक्षणोंपरांत श्री मिश्रा द्वारा प्राचार्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पद पर पदोन्नति एवं वित्तीय लाभ प्रदान किए जाने की मांग नियमानुसार नहीं है। राज्य शासन एतद द्वारा पंकज नाथ मिश्र वरिष्ठ व्याख्याता के अभ्यावेदन को अमान्य करता है ।इसके पूर्व न्यायालय ने पंकज नाथ मिश्रा की अवमानना याचिका क्रमांक ष्थ्ठ्ष /3586/2023 बिना रेस्पोंडेंट को नोटिस जारी किये खारिज कर दी थी। पंकज नाथ मिश्रा के पदोन्नति संबंधी अभ्यावेदन को अमान्य करने के बाद संयुक्त संचालक रीवा संभाग द्वारा पंकज नाथ मिश्र को तृतीय समयमान वेतन देने संबंधी आदेश को कटघरे में खड़ा कर दिया है। जिसके तहत पदोन्नति न लेने पर समय मान की पात्रता नहीं होगी । शासन द्वारा पंकज नाथ का अभ्यावेदन निरस्त करने के बाद द्वितीय एवं तृतीय समयमान आदेश निरस्त करना पड़ेगा।साथ ही लोकायुक्त प्रकरण एवं विभागीय जांच प्रचलित होने के बावजूद पंकजनाथ को 2023 में उच्च पद प्रभार पर पदोन्नत देकर विभाग खुद कटघरे में है। गौरतलब है कि विभागीय जांच में भ्रष्टाचार का दोषी पाए जाने पर पंकज नाथ के खिलाफ 360000 की वसूली का आदेश जारी किया गया था। वहीं विभिन्न आरोपों में लोकायुक्त में जांच अभी भी लंबित है।

## भ्रष्टाचारी को रतुआ सोसायटी का बनाया खाद वितरित कर्मचारी

**केसरिया हिंदुस्तान भोपाल राजू मेहरा**

बैरसिया।। बैरसिया क्षेत्र में पर्याप्त खाद होने के बाबजूद भी किसानों को सुबह से लेकर शाम तक खाद लेने के लिए इंतजार करना पड़ रहा है ऐसा ही एक मामला रतुआ रतनपुर सोसाइटी में देखने में आया है कि यहां के सोसाइटी मैनेजर साहब ने एक ऐसे भ्रष्टाचारी को खाद वितरित करने की जिम्मेदारी सौंप रखी है जो की कंट्रोल की दुकान में गरीबों के राशन में हेरा फेरी करने वाले मामले में 90 दिन की जेल काटकर आया है फिर से उसको सोसाइटी मैनेजर महोदय ने खाद वितरित करने का भार सौंप दिया गया है किसानों का कहना है कि गंगाराम प्रजापति उसकी पहचान वालों को एवं जो बड़े किसान हैं उनसे साथ मिलकर खाद में हेरा फेरी कर रहा है आपको बता दे की गंगाराम प्रजापति पहले कंट्रोल की दुकान का प्रभारी था जिसने गरीबों के गेहूं दाल चावल चना की हेरा फेरी में पकड़ा गया था जिसको प्रशासन द्वारा मामला



दर्ज कराया गया था जिसमें गंगाराम को 90 दिन के लिए जेल भेजा गया था अब फिर से अधिकारियों की मेहरबानी से फिर से सोसाइटी में कर्मचारी के रूप में काम कर रहा है और गरीबों को गुमराह कर रहा है आपको खाद नियम से मिलेगा बड़े किसानों को बिना नियम के ही खाद वितरित कर रहा है ऐसे में ऐसे भ्रष्टाचारी सरकारी कार्यालय से दूर रखना चाहिए पर कुछ अधिकारियों कर्मचारियों की मिली भगत से यह व्यक्ति को फिर से भ्रष्टाचार करने के लिए खुली छूट दे रखी है जब हमने मैनेजर साहब से बात की तो मेनेजर साहब भी उसकी सिफारिश करने लगे वह व्यक्ति ऐसा नहीं है बहुत ईमानदार है जब ईमानदार था तो जेल क्यों गया था यह बड़ा सवाल है अब देखना यह है कि गरीबों को यह व्यक्ति गंगाराम प्रजापति ऐसे ही परेशान करता रहेगा

# कांग्रेस नेता मुल्तानी का 90 वर्ष की उम्र में हुआ इंतकाल



**दिनेश शुक्ला**
**दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी**

**आलोट-विक्रमगड निवासी जुम्मा खान मुल्तानी उम्र 90 वर्ष की उम्र में इंतकाल हो गया वे कॉंग्रेस के वरिष्ठ नेता होने के साथ साथ कई समय तक एल एल एस सोसाइटी में 1980 से 1989 तक अध्यक्ष रहेकांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुल्तानी के इंतकाल की खबर से विक्रमग? में शोक व्याप्त हो गया क्यों कि मुल्तानी स्वभाव से मिलन सार होते हुवे सभी को साथ लेकर चलते थे। उनकी अंतिम यात्रा में नगर परिषद उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह सोलंकी नेता प्रतिपक्ष नागेश खारोल पूर्व पार्षद मुकेश माली पूर्व पार्षद हाफिज अब्दुल अजीज सहित समंजन एवं विक्रमगढ़ के गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुए उन्हें विक्रमगढ़ स्थित कब्रिस्तान पर खाके सुपुर्द किया गया।**

# सामान्य एवं पुलिस प्रेक्षक ने किया प्रशिक्षण का अवलोकन

## सजग, सतर्क रहकर कराये मतदान की प्रक्रिया -कलेक्टर

### कॉलेज में मतदान दलो का प्रशिक्षण आयोजित

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**नौशाद अहमद कुरैशी ब्यूरो चीफ**

श्योपुर, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री संजीव गडकर एवं पुलिस प्रेक्षक श्री विवेकानंद शर्मा द्वारा आज शासकीय पीजी कॉलेज श्योपुर में आयोजित मतदान दलों के प्रशिक्षण का अवलोकन किया गया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री किशोर कुमार कन्याल, सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल प्रशिक्षण श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, सीईओ जनपद श्योपुर श्री एसएस भटनागर, प्रशिक्षण प्रभारी जिला पंचायत श्री राजकुमार पाराशर, श्री राघवेन्द्र त्यागी, श्री गिर्राज मीणा, मास्टर ट्रेनर आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री किशोर कुमार कन्याल ने शासकीय महाविद्यालय श्योपुर में आयोजित मतदान दलो के प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान प्रक्रिया एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, मतदान दल, मतदान केन्द्र पर पूरी तरह सजग रहते हुए सतर्कता के साथ पारदर्शितापूर्ण तरीके से निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न कराये। इसके लिए आवश्यक है कि मतदान प्रक्रिया से जुडे सभी बिन्दुओ पर गहनता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें, कही कोई शंका हो तो मास्टर ट्रेनर के माध्यम से उसका समाधान सुनिश्चित कर लें। निर्वाचन कार्य अतिमहत्वपूर्ण है, इसलिए मतदान दलो में शामिल सभी अधिकारी एवं कर्मचारी गंभीरता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें। उन्होने



कहा कि मतदान दल बूथ पर पहुंचकर सीसीटीवी कैमरो की लोकेशन को एक बार चैक कर लें तथा मतदाता की गोपनीयता के दृष्टिगत कैमरे के नीचे वोटर बूथ न बनायें। इसके साथ ही उन्होने कहा कि मतदान केन्द्र के अंदर किसी भी प्रकार की वीडियो और फोटोग्राफी न की जायें। कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल ने कहा कि यह हमारे लिए गौरव की बात है कि हमें लोकतंत्र की मजबूती के लिए होने वाले निर्वाचन की प्रक्रिया में अपनी भूमिका के लिए चुना गया है। इसलिए गंभीरता के साथ अपने दायित्वो का प्रशिक्षण प्राप्त करें तथा अपना कर्तव्य निभाये। उन्होने कहा कि मतदान दल के कर्मचारी निर्धारित वाहनो से ही रवाना होगे तथा उन्ही वाहनो से वापसी होगी। उन्होने कहा कि ईव्हीएम मशीनो की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जायें।उन्होने प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान दल में शामिल अधिकारियों, कर्मचारियों को अलग-अलग दायित्व सौपे गये है, लेकिन मतदान केन्द्र पर सभी टीम भावना के साथ निष्पक्ष, स्वंतत्रपूर्वक तथा पारदर्शिता के साथ निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न कराये। उन्होने कहा कि निर्वाचन अभिकर्ताओ की उपस्थिति में मॉकपोल की प्रक्रिया की जाये तथा ईव्हीएम मशीन को क्लीयर कर सभी के समक्ष शील्ड की जायें। निर्वाचन आयोग के निर्देशो के अनुरूप सभी प्रपत्र भरे जायें तथा उनकी सीलिंग की जायें। निर्वाचन आयोग के निर्देशो के अनुरूप 100 मीटर की परिधि तय कर सभी आवश्यक सूचनाएं मतदान केन्द्र पर प्रदर्शित की जायें तथा निर्विघ्न रूप से मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराये।प्रशिक्षण प्रभारी श्री राजकुमार पाराशर ने बताया कि विधानसभा उप निर्वाचन के तहत विजयपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलो का प्रशिक्षण शासकीय महाविद्यालय श्योपुर में आज 5 एवं कल 6 नवंबर को दो पालियों में आयोजित किया गया है। जिसमें कुल 1440 अधिकारी, कर्मचारी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। आज दो पालियों में आयोजित प्रशिक्षण में 728 अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। कल 6 नवंबर को दो पालियो में 712 अधिकारी, कर्मचारी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

## शङ्कराचार्य जी ने मार्दव धर्म व रक्षा धर्म पुस्तक का किया विमोचन



**केसरिया हिन्दुस्तान अखबार गोटेगांव संवाददाता भानु प्रताप राय ??**

सामान्य धर्म सभी के लिए पालनीय है। ये सभी स्मृतियों में उल्लिखित हैं जो कुल मिलाकर 37 धर्म होते हैं। इनका पालन सभी को करना चाहिए।
उक्त उद्गार परमाराध्य परमधर्माधीश उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानन्दः सरस्वती 1008 ने मार्दव धर्म एवं रक्षा धर्म नाम के पुस्तक के अवसर पर श्रीविद्यामठ में आयोजित सायंकालीन सभा में कही।उन्होंने कहा कि जब मनुष्य इन सभी धर्मों को अपने जीवन में उतारेगा तो अवश्य ही यह लाभकारी होगा।इस अवसर पर डा रंजन शर्मा जी ने भी अपने उद्गार व्यक्त किए।कार्यक्रम का संचालन साध्वी पूर्णाम्बा दीदी जी किया।इस अवसर पर प्रमुख रूप से सर्वश्री–मुकुंदानंद ब्रम्ह्चारी, परमात्मानंद ब्रम्हचारी,संजय पाण्डेय मीडिया प्रभारी,डॉ परमेश्वर दत्त शुक्ल,कमला कांत त्रिपाठी,गिरीश दत्त पाण्डेय,डॉ साकेत शुक्ला,विनोद शुक्ला,रवि त्रिवेदी,कीर्ति हजारी शुक्ला,सौरभ हजारी शुक्ला,विकल्प शुक्ला,आदि जन उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनांतर्गत काशी, अयोध्या के लिए200 से अधिक तीर्थ यात्री हुये रवाना



**राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला प्रमुख की खबर**

दमोह - मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत तीर्थ यात्रा पर जाने के लिए तैयार खड़े तीर्थ यात्री चेहरे पर प्रसन्नता का भाव लेकर सरकार को धन्यवाद देते हुये दमोह के रेल्वे प्लेटफार्म पर बडी संख्या में एक परिवार की तरह दिखलायी दे रहे थे। तीर्थ यात्री प्रसन्न थे कि सरकार उनको काशी एवं अयोध्या दर्शन करने भेज रही है। मुख्य मंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत एक विशेष रेल के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों को विभिन्न तीर्थ क्षेत्रों में समय समय पर ले जाया जाता है। इसी के तहत आज एक विशेष ट्रेन तीर्थ यात्रा कराने के लिये काशी एवं अयोध्या के लिये रवाना हुई। दमोह से यात्रा का लाभ लगभग 200 से अधिक तीर्थ यात्रियों को मिला है। दमोह रेल प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर आईआरसीटीसी के द्वारा यात्रियों का स्वागत राम नाम का दुपट्टा,रक्त चंदन माला,तिलक वंदन के साथ शीतल पेयजल स्वल्पाहार प्रदान कर रवाना किया गया।

## जिले की आबोहवा स्वच्छ रखने में नागरिकों का सबसे बड़ा योगदान-कलेक्टर श्री कोचर

### दमोह जिला प्रदेश में नंबर दो पर



**राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला प्रमुख की खबर**

दमोह - कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के नागरिकों से कहा हमारे लिए बड़ी खुशी और गर्व का विषय है, की पॉल्यूशॅन कंट्रोल बोर्ड यानी प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ए.क्यू.आई (एयर क्वालिटी इंडेक्स) की श्रेणी में हमारा जिला गुड श्रेणी में आया है, जो बहुत अच्छी श्रेणी मानी जाती है।हमारा जिला प्रदेश में नंबर दो पर है, इसका मतलब है कि हमारे जिले की आबोहवा स्वच्छ है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा शहर और जिले की आबोहवा को स्वच्छ रखने में नागरिकों का सबसे अहम योगदान है। दमोह जिले के सभी नागरिक को इसके लिए बधाई देना चाहता हूँ की यह उनके प्रयासों के कारण, उनकी संवेदनशीलता, अपने जिले को लेकर उनकी चिंता के कारण ही यह हो पाया है। उन्होंने कहा अपने जिले की एयर क्वालिटी को सुधारने के लिए, प्रदूषण को कम से कम करने के लिए, जो संभव हो सकेगा और प्रयास किया जाएगा

## तीन छात्राओं का अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता के लिए चयन



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान नौशाद अहमद कुरैशी ब्यूरो चीफ**

श्योपुर, पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्योपुर की तीन छात्राओं का चयन अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता के लिए हॉकी महिला टीम में किया गया है। श्योपुर महाविद्यालय की 3 छात्राओं मुस्कान गुर्जर, गौरी गुर्जर एवं प्रियंका राठौर का जीवाजी विश्वविद्यालय की हॉकी महिला टीम में वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। तीनों छात्राएं आगामी 7 नवंबर से राजस्थान विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाली वेस्ट जोन महिला हॉकी प्रतियोगिता में जीवाजी यूनिवर्सिटी की टीम में प्रतिनिधित्व करेंगी। आज जयपुर के लिए प्रस्थान से पहले पीएम एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विपिन बिहारी शर्मा, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रमेश भारद्वाज, रासेयो प्रभारी डॉ. ओ. पी. शर्मा, खेल प्रभारी प्रो. अरविंद कुमार दोहरे, प्रो. डॉ. वीरेंद्र सिंह धाक?, प्रो. डॉ. सीमा चौकसे, प्रो. प्रकाश अहिरवार एवं खेल अधिकारी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्योपुर डॉ. मनु प्रताप सिंह भदौरिया ने आज बैठक कर मुस्कान गुर्जर, गौरी गुर्जर एवं प्रियंका राठौर को बधाईयां प्रेषित की एवं आगामी विश्वविद्यालय स्तर पर उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया।

# कलेक्टर-एसपी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण कलेक्टर-एसपी ने की मतदान करने की अपील

**नितिन जौहरी**
**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार शुक्ला ने बुधनी उप निर्वाचन के तहत शाहगंज, बनेटा, डोबी सहित अनेक मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और अधिकारियों को मतदान केन्द्रों पर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने मतदान केंद्रों पर मतदान करने आने वाले मतदाताओं के लिए



पेयजल के साथ ही अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान केन्द्रों में पेयजल, बिजली, पंखा, फर्नीचर, और दिव्यांगों के लिए रैम्प, मतदान केन्द्र तक पहुंच मार्ग, शौचालय, साफ-सफाई तथा दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर सहित सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसपी श्री शुक्ला ने सभी पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को लगातार गश्त करने के निर्देश दिए तथा प्रत्येक गतिविधियों पर नजर बनाए रखने के लिए कहा। मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह एवं एसपी श्री शुक्ला ने शाहगंज के शासकीय कन्या माध्यमिक शाला एवं डोबी के शासकीय स्कूल में संचालित हो रही कक्षाओं का भी निरीक्षण किया एवं छात्र-छात्राओं से प?ाई के संबंध में चर्चा की।

# कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ ने किया तहसील कार्यालय का घेराव

छिन्दवाड़ा- बेघरों को पट्ड़टा दिलाने के साथ ही मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराने की मांग को लेकर आज कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ ने तहसील कार्यालय का घेराव कर अपनी प्रमुख मांगों का ज्ञापन तहसीलदार को प्रस्तुत किया साथ ही यह भी अवगत कराया कि पट्ड़टा दिलाये जाने की मांग को लेकर लगातार आवेदन व निवेदन किये जाने के बाद भी जरूरतमंदों व गरीब परिवारों की सुनवाई नहीं हो रही।कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष फिरोज खान के नेतृत्व में आज वार्ड क्रमांक 16 के सैकड़ों लोगों ने छिन्दवाड़ा तहसील कार्यालय पहुंचकर प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुये आवासीय पट्ड़टा दिलाने की मांग रखी। कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ ने ज्ञापन प्रस्तुत करते हुये कहा कि वार्ड में सैकड़ों परिवार विगत 10 से 15 वर्षों से निवासरत है किन्तु अभी तक उन्हें आवासी पट्ड़टे प्राप्त नहीं हुये हैं।

# अचल संपत्ति के बाजार मूल्य की गाईड लाईन में मध्यावधि संक्षिप्त पुनरीक्षण कर अनंतिम मूल्य प्रस्ताव निर्धारण किये गये

**केसरिया हिंदुस्तान रिपोर्टर**

बैतूल। जिला मूल्यांकन समिति अध्यक्ष व कलेक्टर श्री नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी द्वारा मप्र बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांतों का बनाया जाना और उनका पुनरीक्षण नियम 2018 के नियम 4 के अंतर्गत वर्ष 2024-25 हेतु अचल संपत्तियों के बाजार मूल्य उप जिला मूल्यांकन समितियों से प्राप्त प्रस्तावों पर जिला मूल्यांकन समिति द्वारा विचार उपरांत शासन के राजस्व के अनुकूल, जन सामान्य के लिए सुविधाजनक एवं बाजार में प्रचलित दरों के अनुरूप किये जाने के संबंध में उप जिला मूल्यांकन समितियों द्वारा प्रस्तावित अनंतिम दरों को अनुमोदित किया गया है। जो अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं उप पंजीयक बैतूल, मुलताई, भैंसदेही के कार्यालयों के सूचना पटल पर जन साधारण के अवलोकन हेतु उपलब्ध है।
यदि किसी व्यक्ति को इस संबंध में कोई सुझाव प्रस्तुत करना हो तो तथ्यों सहित अध्यक्ष उप जिला मूल्यांकन समिति एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैतूल, मुलताई, भैंसदेही, शाहपुर के समक्ष 30 अक्टूबर 2024 सांय 4 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित दिनांक एवं समय पश्चात् प्राप्त सुझावों पर विचार नहीं किया जा सकेंगा।

# होम वोटिंग के पहले दिन बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने उत्साह के साथ किया मतदान

**नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

होम वोटिंग के पहले दिन बुधनी विधानसभा क्षेत्र के 85 वर्ष से अधिक आयु के तथा दिव्यांग मतदाताओं ने उत्साह के साथ मतदान किया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को होम वोटिंग की वैकल्पिक सुविधा का लाभ दिया जा रहा है। बुधनी विधानसभा क्षेत्र के 313 ऐसे मतदाताओं ने होम वोटिंग सुविधा के विकल्प का चयन किया है।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण सिंह के निर्देशानुसार 05 नवम्बर 2024 से होम वोटिंग का कार्य प्रारंभ हो गया है। बुधनी विधानसभा क्षेत्रों में घर पर मतदान कराने के लिए 49 मतदान दलों का गठन किया गया है, जो ऐसे मतदाताओं के घर पर पहुंच कर भारत निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन के अनुसार घर पर ही पोलिंग बूथ बनाकर मतदान करा रहे हैं। होम वोटिंग के लिए 49 सेक्टर अधिकारियां की भी ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा 06 मतदान दल रिजर्व रहेंगे।
बुधनी विधानसभा उप चुनाव के लिए 85 वर्ष एवं अधिक आयु के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को होम वोटिंग की वैकल्पिक सुविधा का लाभ दिया जा रहा है। बुधनी विधानसभा क्षेत्र के कुल 313 मतदाताओं ने होम वोटिंग का विकल्प दिया है। इनमें 208 मतदाता 85 वर्ष



एवं इससे अधिक आयु के हैं तथा 105 दिव्यांग मतदाता हैं। बुधनी विधानसभा में कुल होम वोटर्स की संख्या 6790 है। जिसमें 85 वर्ष से अधिक की आयु के कुल 1874 तथा 4916 दिव्यांग मतदाता हैं। इनमें कुल 313 मतदाताओं ने होम वोटिंग का विकल्प चुना है।बुधनी विधानसभा उप चुनाव में होम वोटिंग के लिए के लिए 49 मतदान दल होम वोटिंग की प्रक्रिया सम्पन्न करा रहे हैं। बुधनी विधानसभा में 49 मतदान दल 85 वर्ष एवं अधिक आयु के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं से निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार होम वोटिंग की कार्यवाही सम्पन्न करा रहे हैं।एक मतदान दल में एक पीठासीन अधिकारी, एक सहायक, एक एमओ, एक पुलिसकर्मी, एक वीडियो ग्राफर तथा सेक्टर ऑफिसर हैं।

**लोकतंत्र को मिला बुजुर्गों का आशीर्वाद :**

चाहे किसी की उम्र 85-90-95 वर्ष से अधिक हो या कोई बिस्तर में हो, किसी को चलने या अन्य किसी प्रकार की तकलीफ हो, परन्तु उनमें लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा लेने का जज्बा कायम है और उन्होंने आज पूरे उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। निर्वाचन आयोग द्वारा इस बुधनी विधानसभा उप चुनाव में 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए होम वोटिंग की सुविधा दी है। मतदान दल द्वारा उनके घर जाकर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतपेटी में मतदान कराया गया। होम वोटिंग की सुविधा के लिए बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं और उसके परिजनों ने निर्वाचन आयोग को धन्यवाद दिया।

# ओरछा के गुदरई में सवाकरोड़ की शासकीय भूमि पर राजस्व नपा पुलिस बल ने अतिक्रमण हटाया गया



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**जिला ब्यूरो/मनोज सिंह**

कलेक्टर लोकेश कुमार रामचंद्र जागिड के निर्देशन में एसडीएम निवाड़ी अनुराग निंगवाल के नेतत्व में नायब तहसीलदार सुमित गुर्जर टीआई राम बाबू शर्मा ने राजस्व नपा पुलिस बल के साथ नगर ओरछा पटवारी हल्का गुन्दरई में सड़क किनारे लगभग 9000 वर्गफीट शासकीय भूमि को राजस्व, पुलिस एवं नगर परिषद के संयुक्त दल ने अतिक्रमण मुक्त कराया। इस भूमि का अनुमानित बाड़ार मूल्य 1.21 करोड़ रुपए हैं।एसडीएम निवाड़ी अनुराग निंगवाल ने बताया कि अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी अभी तो यह टेलर है

## श्री गणेशाय नमः

श्री मते रामानुजाय नमः 77
दिनांक - 06 नवम्बर बुधवार को सौभाग्य - ज्ञान पंचमी।
दिनांक - 07 नवम्बर बृहस्पतिवार को सूर्य षष्ठी - सूर्य छठ।
दिनांक - 09 नवम्बर शनिवार को गोपाष्टमी महोत्सव।
दिनांक - 10 नवम्बर रविवार को अक्षय आंवला नवमी।
दिनांक - 12 नवम्बर मंगलवार



को प्रबोधिनी - देव उठनी एवं श्री तुलसी विवाह महोत्सव एकादशी व्रत सर्वेषां-सबका।
दिनांक - 13 नवम्बर बुधवार को हरिबासर दोष है द्वादशी रेवती के संयोग में व्रत पारण हरिवासर योग में वर्जित है क्योंकि बारह एकादशी व्रत का पुण्य फल नष्ट हो जाता है अन्य लेख में रेवती नक्षत्र के चतुर्थ चरण को वर्जित माना है। बृहस्पतिवार को व्रत पारण करना उचित होगा।
पण्डित रामखिलावन दास छरैंटा-खरौआ गोहद भिण्ड मध्य प्रदेश भारत।

# जनसुनवाई की शिकायतों की जांच निष्पक्षता से ही होगी–डॉ. राय सिंह नरवरिया

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**जिला ब्यूरो/ मनोज सिंह**



वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक डॉ. राय सिंह नरवरिया द्वारा लगातार प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। जनसुनवाई की शिकायतों के बैधानिक निराकरण हेतु शिकायतकर्ता से प्रत्यक्ष संवाद किया। पुलिस अधीक्षक ने आज दिनांक 05-11-2024 मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आम व्यक्ति एवं जन सामान्य की लंबित शिकायतों की भी समीक्षा कर आवष्यक कार्यवाही करने हेतु तत्काल थाना प्रभारियों से संपर्क कर वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा जनसुनवाई की लंबित शिकायतो की समीक्षा हेतु समस्त थाना प्रभारियों को शीघ्र निराकरण हेतु आदेश जारी किए । जनसुनवाई में फरियादियों की शिकायतों में उल्लेखित विवरण अनुसार कार्यवाही करने हेतु आदेषित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने आज सामान्य शिकायतों के अतिरिक्त सी0एम0 हेल्प लाईन पोर्टल पर लंबित शिकायतो का भी निरीक्षण किया। आज दिनांक को पुलिस अधीक्षक में जनसुनवाई शिविर में 20 से अधिक फरियादी अपनी शिकायत लेकर उपस्थित हुये जिनको पुलिस अधीक्षक ने स्वयं सुना एवं बैधानिक कार्यवाही करने का अश्वासन दिया]साथ ही आवेदक के संबंधित थाना प्रभारी को पुलिस अधीक्षक ने फोन के माध्यम से शिकायत के संबंध में जाना एवं तत्काल अग्रिम कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा आज पत्रकारों से बातचीत कर बताया की जनसुनवाई में जो फरियादी अपनी शिकायत लेकर आते है वह उनकी आपवीती होती है उनकी परेशानी का कारण होती है और कई बार बडे अपराध की जड का कारण भी बनती है इसके लिये सदैव में प्रयासरत रहता हूं कि फरियादियों की समस्याओं की बैधानिक एवं समय सीमा में निराकरण किया जावे] जिसकी समीक्षा एवं निर्देश लगातार मेरे द्वारा समस्त अनुविभागीय अधिकारी/थाना प्रभारियों को जारी किये जाते है।

## कांग्रेस की मजबूती का आधार स्तम्भ है युवा- ओक्टे

# -परासिया ब्लॉक कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन व दीपावली मिलन समारोह सम्पन्न

**(छिंदवाड़ा से मारुति लाल विश्वकर्मा)**

छिन्दवाड़ा– मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री माननीय कमलनाथ व जिले के पूर्व सांसद माननीय नकुलनाथ के दिशा निर्देशों का अनुसरण करते हुये कांग्रेस लगातार बूथ स्तर पर अपने हाथों को मजबूत कर रही है। जब-जब युवा जागा है तब-तब परिवर्तन लेकर आया है। एक बार फिर युवक कांग्रेस ने अपनी शक्ति का प्रदर्शन कर यह साबित कर दिया है कि आने वाले समय में कांग्रेस और अधिक मजबूती से उभकर सामने आयेगी। उक्त उदगार आज जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री विश्वनाथ ओक्टे ने परासिया के उत्सव लॉन में आयोजित परासिया ब्लॉक कांग्रेस के दीपावली मिलन समारोह व कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुये व्यक्त किये।जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री विश्वनाथ ओक्टे ने सम्बोधित करते हुये आगे कहा कि कोयलांचल को बसाने व संवारने का कार्य पूर्व सीएम माननीय कमलनाथ व माननीय नकुलनाथ जी ने किया है। उनके प्रयासों से परासिया क्षेत्र में लगातार कोयला की खदानें खुली है, किन्तु सत्ता में आई भाजपा सरकार ने इस क्षेत्र को उजा?ने में कोई कसर नहीं छोड़ी है जिसका बदला हमें लेना होगा। आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष के हस्ते परासिया ब्लॉक कांग्रेस के नविनयुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये साथ ही सभी के उज्जवल भविष्य के लिये शुभकामनायें दी। परासिया विधायक श्री सोहन वाल्मीक ने सम्बोधित करते हुये उपस्थित समस्त कांग्रेसजन व परासिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी को विश्वास दिलाया कि वे हमेशा उनके साथ खड़े हैं। प्रत्येक कार्यकर्ता व पदाधिकारी उनकी समस्याओं को लेकर व्यक्तिगत भी भेंट कर सकते हैं।परासिया विधानसभा के प्रभारी श्री राजीव तिवारी ने सम्बोधित करते हुये कहा



कि वे परासिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी व परासिया विधानसभा के प्रत्येक कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता के साथ कांधे से कंधा मिलाकर हर दम व हर कदम पर चलेंगे। परासिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री कमल राय ने उपस्थित कांग्रेसजन को सम्बोधित करते हुये कहा कि यह पद उन्होंने माननीय कमलनाथ व माननीय नकुलनाथ जी से निवेदन कर प्राप्त किया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे परासिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे। कमल राय ने पूर्व परासिया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लीलाधर पुरिया, गोविंद राय, सोहन वाल्मीक व हरि वर्मा का सम्मान किया

**कांग्रेस के वरिष्ठजन रहे उपस्थित:** आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति सबसे अधिक रही। लम्बे समय से जो कांग्रेस के आयोजित कार्यक्रमों से दूरी बनाये हुये थे वे चेहरे भी आज पूरे उत्साह के साथ परासिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के आयोजित दीपावली मिलन समारोह व कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थित रहे। वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में अपने सुझाव भी प्रस्तुत किये।

**युवक कांग्रेस ने दिखाया जोश:** आयोजित कार्यक्रम में ब्लॉक युवक कांग्रेस के युवाओं ने युवा शक्ति का परिचय देते हुये पूरे जोश खरोश के साथ उमरेठ चौक से विशाल बाइक रैली निकाली जो परासिया नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुये आयोजन स्थल तक पहुंची। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी परासिया के विशाल दीपावली मिलन समारोह व कार्यकर्ता सम्मेलन को जामई विधानसभा प्रभारी श्री गोविंद राय व कांग्रेस के मोर्चा संगठन प्रभारी आनंद बक्षी ने भी सम्बोधित कियाआयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक लीलाधरपुरिया, उमरेठ पर्यवेक्षक इंद्रपाल पटेल, राजा दुबे, गगन खंडूजा, जमील खान, गुड्डा यदुवंशी, सुभाष गुलबाके, हरि वर्मा, राजेश डेहरिया, निशार खान, सुशील जायसवाल, गोविंद बजौलिया, ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सोनी, ब्लॉक युवक कांग्रेस अध्यक्ष मुकुल दुबे, परासिया नगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष सावित्री वर्मा, न्यूटन नगर पंचायत अध्यक्ष अनुपमा राय, बड़कुही नगर पंचायत अध्यक्ष भारत डेहरिया, अमजद खान, देवीराम विश्वकर्मा, धीरज शाह, देवेन्द्र राय व अखलाक सिद्धिकी सहित कांग्रेस के वरिष्ठ जनप्रतिनिधिगण, पदाधिकारीगण, कार्यकर्तागण, परासिया ब्लॉक कांग्रेस के मोर्चा संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन बसंत मालवीय एवं आभार प्रदर्शन वीरबहादुर सिंह द्वारा किया।

# मड़ई मेला में मोरपंख से बनाई देवी-देवताओं की ऊंची-ऊंची निकली ढाले देखने पहुंचे मंत्री







**दैनिक केसरिया श्रीराम सेन**

सिलवानी। दीवाली उत्सव की शुरुआत वैसे तो धनतेरस से मानी जाती है। कई तरह की परंपराएं समाज के विभिन्न वर्ग इस दौरान पूर्ण करते हैं। दीवाली के बाद भी कई दिनों तक उत्सव मनाया जाता है। आज हम आपको दीवाली के बाद मनाई जाने वाली मड़ई के बारे में बताने जा रहे हैं। ये छोटे-छोटे बाजार आज के आधुनिक युग में भी काफी प्रचलित हैं। मड़ई एक तरह के छोटे बाजार होते है, जिनमें बच्चों के खिलौने से लेकर कपड़े और झूले तक मिलते है। इन्हें दिवाली के बाद लगने वाले मेले भी कहा जाता है। हालांकि इनका स्वरूप मेले से छोटा होता है। दीपावली पर्व से जुड़ी मान्यताओं एवं परंपराओं युक्त मड़ई एक ऐसा ही त्योहार है। जो आदिवासियों सहित गो-पालकों, कहार, मांझी आदि जातियों की आस्थाओं से जुड़ा है। इसकी शुरुआत दूज से हो जाती है और देव उठनी ग्यारस तक यह पर्व मनाया जाता है।

### ग्राम प्रतापगड़ में भरा मड़ई मेला-

तीज को मड़ई मेला ग्राम प्रतापगड़ में लगा। प्रतापगड़ में मोरपंख से बनाई जाने वाली ऊंची-ऊंची ढालें अपने-अपने देवी देवताओं की निकालीं गई। जो गांव के रास्तों से गुजरती हुई समापन स्थल तक पहुंची। समापन स्थल पर आदिवासियों की आराध्य देवी गांगो माई का पूजन किया गया।प्रकृति सत्ता को मानने वाले आदिवासी समाज आज भी प्रकृति सत्ता को मानता है भले ही लोग कुछ भी कहें लेकिन वह अपनी धर्म को रीति-रिवाज को बधाई मेले में इस प्रकार से मानता है जो पूर्व से मानते आ रही है आज यहां पर दोनों पार्टियों के पंडाल लगे थे लोगों ने अपनी अपनी बातें रखी । क्षेत्र के सभी कीर्तन मंडल को ढोलक पेटी और मंजीरे विधायक निधि से बांटने का काम किया।दो पंडाल लगे हुए थे एक तरफ भाजपा का पंडाल तो दूसरी तरफ कांग्रेस का पंडाल भाजपा की पंडाल में मुख्य अतिथि के रूप में नरेंद्र पटेल शिवाजी मंत्री मढ़ई मेले में पहुंचे और उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल का अवलोकन किया और कर्मचारियों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र के नेता रामपाल जी बरसों से इस कार्यक्रम में आ रहे हैं और यह मेला का रूप ले रहा है यह बहुत अच्छी बात है और हमारे देश के प्रधानमंत्री भी चाहते हैं ग्रामीण क्षेत्र का विकास हो। पूर्व मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह ने वही पुरानी बातों को लेकर के कसीदा कसना शुरू कर दिया हकीकत तो कुछ और ही बयां हो रही है यह उनके मुंह से भी निकल गया की शराब बंद होना चाहिए लेकिन हकीकत यह है कि इस समय सराफ माफिया कौन है और किस जाति के लोग इस समय सिलवानी तहसील उदयपुर और बरेली तहसील में शराब की दुकान किसकी है एक सवाल उठता है।

# 11 नवम्बर को ओम्कारेश्वर से शुरू होगी 50 किमी की नर्मदा परिक्रमा



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान आशीष शर्मा**

निमाड़ एवं मालवा के ग्रामीणों की आस्था और विश्वास से जुडी मां नर्मदा की पांच दिवसीय 49वीं धार्मिक ओंकारेश्वर नर्मदा लघु परिक्रमा पंचक्रोशी यात्रा 11 नवंबर से शुरू होगी। करीब 50 किमी की दुर्गम यात्रा में हजारों श्रद्धालु ओंकारेश्वर से अंजरुद, सनावद, टोकसर, सेमरला, बड़वाह, सिद्धवरकूट होते हुए वापस 15 नवंबर को ओंकारेश्वर पहुंचकर नर्मदा परिक्रमा पूर्ण करेंगे।इस संबंध में एसडीएम प्रताप सिंह अगास्या एवं एसडीओपी अर्चना रावत ने जनपद पंचायत सभा ग्रह में ब्लाक स्तरीय अधिकारियों और सरपंचों की बैठक ली। एसडीएम ने कहा कि पंचकोशी यात्रा हमारे क्षेत्र की सबसे बड़ी धार्मिक यात्रा है। यात्रा प्रारंभ होने के पहले व्यवस्थाएं पुख्ता करें।

**पंचकोसी नर्मदा यात्रा में ऐसी होंगी व्यवस्थाएं:**एसडीओपी अर्चना रावत ने कहा कि संबंधित विभाग को नाव की सूची जल्द उपलब्ध कराएं, नावों की जांच करके उन्हें अनुमति पत्र दिए जाएंगे। यात्रा मार्ग के समस्त ग्राम पंचायतों के सरपंच/सचिव तथा विभागीय अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत क्षेत्रान्तर्गत यात्रा मार्ग पर मुरम, कंटीली झाड़िया हटाना, साफ-सफाई कराई जाए।

लोहे से बनी नावों पर प्रतिबंध, क्षमता से ज्याता सवारी न बैठाए नाविक

बाबूलाल केवट ने कहा- टोकसर से 25 नाव श्रद्धालुओं को पार कराते हैं। एसडीएम ने कहा, सभी का एस्टीमेट बनाकर दे। नाव में क्षमता से ज्यादा सवारी को न बैठाई जाए। अच्छी नाव केवल चलना चाहिए, जो टूटी हो वह नहीं चलेगी।उन्होंने कहा, लोहे की नाव से श्रद्धालुओं को पार नहीं कराने दिया जाएगा और नावों में चालक के साथ यात्रियों को लाइफ जैकेट पहनना अनिवार्य रहेगा।

किस दिन कहां पर क्या व्यवस्था

**पहला दिन 11 नवंबर:**श्रद्धालु ओंकारेश्वर से शुरू होगी। ग्राम अंजरुद में बाघेश्वरी माता के दर्शन करेंगे। मंदिर के आसपास गंदगी दूर करने एवं लाइट व्यवस्था के लिए सचिव को कहा। रात्रि विश्राम सनावद में होगा। धर्मशाला, मंडी परिसर, शासकीय भवनों आदि में यात्रियों के लिए पेयजल, रौशनी, शौचालय की व्यवस्थाओं के लिए कहा।

**दूसरा दिन 12 नवंबर :**यात्री बडूद से टोकसर गोमुख घाट पहुचेंगे। कई यात्रियों को नर्मदा पार कर सेमरला भेजा जाएगा। दोनी घाटों पर बेरिकेड्स के लिए पीडब्ल्यूडी को जिम्मेदारी,नाव में सुरक्षा उपकरण,स्वास्थ्य विभाग कैंप लगाएगी। पुलिस सहायता केंद्र रहेंगे। गोताखोरों की तैनाती रहेगी।

**तीसरा दिन 13 नवंबर :**यात्रा बड़वाह पहुंचेगी। टोकसर एवं सेमरला में रुके यात्री बड़वाह पहुंचेंगे। मंडी, नागेश्वर सहित अन्य स्थानों पर नगर पालिका, लाइट, पानी, शौचालय एवं साफ-सफाई की व्यवस्था करेगी। नपा दिन में दो बार सफाई करवाएगी। मेडिकल कैंप लगाएंगे।

**चौथा दिन 14 नवंबर:**सुबह बड़वाह से प्रस्थान होगा। कोठावां, मोदरी में रात्रि विश्राम। चिकित्सक कैंप लगाकर स्वास्थ्य संबंधी दवाइयां रखेंगे। पानी के टैकर रखे जाएंगे। वन विभाग के कर्मचारी यात्रा संबन्धित व्यवस्थाए लगाने में सहयोग देंगे। महोदरी, कड़ियांकुंड, सिद्धवरकूट में रात्रि विश्राम।

**पांचवां दिन 15 नवंबर:**बांध द्वारा सिद्धवरकूट से ओंकारेश्वर पहुंचेंगे। ओंकारेश्वर दर्शन कर यात्रा समाप्त होगी। एनएसडीसी को पत्र लिखकर बांध से निकलने की अनुमति मांगी जाएगी।

# भाजपा कार्यालय में संगठन पर्व की कार्यशाला हुई संपन्न

### संगठन चुनाव में अच्छे कार्यकर्ता का चयन हो सदस्यता प्रभारी - वीरेंद्र गुप्ता

### संगठन गढ़े चलो सुपंथ पर बड़े चलो - राम लाल रौतेल अध्यक्ष कोल विकाश प्राधिकरण मप्र

**आदर्श दुबे**
**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान अनूपपुर**

अनूपपुर । भारतीय जनता पार्टी के होने वाले संगठन चुनाव को लेकर 5 नवंबर 2024 को जिला संगठन पर्व 2024 कार्यशाला का आयोजन भाजपा कार्यालय अनूपपुर में किया गया कार्यशाला को संबोधित करने के लिए मुख्य रूप से प्रदेश नेतृत्व के द्वारा अधिकृत किए गए अनूपपुर निर्वाचन के अधिकारी रीवा के पूर्व महापौर वीरेंद्र गुप्ता, कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल, भाजपा जिला अध्यक्ष रामदासपुरी, सदस्यता अभियान के प्रभारी मनीष सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष निर्वाचन के सह अधिकारी आधाराम वैश्य पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता बृजेश गौतम निर्वाचन के सह अधिकारी जितेंद्र सोनी सदस्यता अभियान के प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह परिहार उपस्थित रहे। सभी लोगों ने संगठन चुनाव को लेकर अपनी बात कार्यशाला के माध्यम से कार्यकर्ताओं के बीच रखी।

**सक्रिय सदस्य को ही मिलेगी जिम्मेदारी:**आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष रामदासपुरी ने कहा कि जो पार्टी का कार्यकर्ता सक्रिय सदस्य होगा उसी को आने वाले समय में किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी दी जाएगी, जो सक्रिय सदस्य नहीं होगा उसे जिम्मेदारी से वंचित रखा जाएगा चाहे वह किसी प्रकार की कोई भी नियुक्ति क्यों ना हो। हर बूथ पर दो से तीन सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य



को पूरा करना है वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मान के साथ उन्हें भी सक्रिय भूमिका में लाने का कार्य करना है संगठन के दिए गए समय के अनुसार मंडल और शक्ति केंद्र की कार्यशाला करने के साथ ही संगठन चुनाव के तमाम गतिविधियों को कार्यकर्ता पदाधिकारी उत्साह के साथ संपन्न करें।

**संगठन भाव से करें कार्य:** मध्य प्रदेश कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि इस निर्वाचन प्रक्रिया में सभी कार्यकर्ता संगठन भाव से लगकर कार्य करें ।सदस्यता अभियान के प्रभारी मनीष सिंह संगठन चुनाव के सह निर्वाचन अधिकारी आधाराम वैश्य के द्वारा होने वाले भाजपा संगठन के चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को जानकारी प्रदान की गई ।अभी तक 533 सक्रिय सदस्य अनूपपुर जिले में बनाया जा चुका हैं हर मंडल में 100 सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। निर्वाचन अधिकारी के द्वारा अभी तक बनाए गए सक्रिय सदस्यों का प्रथम प्रकाशन सूची का किया गया।

**जो भी निकले हीरा निकले:**भाजपा संगठन द्वारा अनूपपुर जिले के लिए संगठन चुनाव हेतु नियुक्त किए गए निर्वाचन अधिकारी रीवा जिले के पूर्व महापौर वीरेंद्र गुप्ता ने कार्यशाला में कार्यकर्ताओं से कहा कि इस निर्वाचन में संगठन का जो भी कार्यकर्ता निकले वह हीरा निकले चुनाव में अच्छे कार्यकर्ता का चयन हो इसकी चिंता सबको करनी होगी। उन्होंने बताया कि 20 नवंबर 2024 तक सभी बूथो का गठन करना होगा अभी 15 नवंबर तक प्राथमिक सदस्यता जारी रहेगी। बूथ गठन में 50 सदस्यों की संख्या होनी चाहिए और उसने सभी वर्गों को समिति में शामिल किया जाए। प्रत्येक बूथ पर दो से तीन सक्रिय सदस्य बनाया जाए 25 नवंबर को अंतिम प्रकाशन सक्रिय सदस्यता सूची की की जाएगी। 7 8 9 नवंबर तक प्रत्येक मंडलों में कार्यशाला का आयोजन तथा 12 13 14 नवंबर तक शक्ति केंद्रो में कार्यशाला का आयोजन के साथ ही बूथ पर सूची तैयार करते हुए 20 नवंबर तक बूथों का गठन की प्रक्रिया को पूरा करना है कार्यक्रम में आभार प्रकट जिले के महामंत्री अखिलेश द्विवेदी के द्वारा किया गया । उपरोक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह द्वारा दी गई

## भाजपा कार्यालय में संगठन पर्व की कार्यशाला हुई संपन्न

# संगठन चुनाव में अच्छे कार्यकर्ता का चयन हो सदस्यता प्रभारी - वीरेंद्र गुप्ता

### संगठन गढ़े चलो सुपंथ पर बड़े चलो - राम लाल रौतेल अध्यक्ष कोल विकाश प्राधिकरण मप्र

**आदर्श दुबे**
**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान अनूपपुर**

अनूपपुर । भारतीय जनता पार्टी के होने वाले संगठन चुनाव को लेकर 5 नवंबर 2024 को जिला संगठन पर्व 2024 कार्यशाला का आयोजन भाजपा कार्यालय अनूपपुर में किया गया कार्यशाला को संबोधित करने के लिए मुख्य रूप से प्रदेश नेतृत्व के द्वारा अधिकृत किए गए अनूपपुर निर्वाचन के अधिकारी रीवा के पूर्व महापौर वीरेंद्र गुप्ता, कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल, भाजपा जिला अध्यक्ष रामदासपुरी, सदस्यता अभियान के प्रभारी मनीष सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष निर्वाचन के सह अधिकारी आधाराम वैश्य पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता बृजेश गौतम निर्वाचन के सह अधिकारी जितेंद्र सोनी सदस्यता अभियान के प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह परिहार उपस्थित रहे। सभी लोगों ने संगठन चुनाव को लेकर अपनी बात कार्यशाला के माध्यम से कार्यकर्ताओं के बीच रखी।

**सक्रिय सदस्य को ही मिलेगी जिम्मेदारी:**आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष रामदासपुरी ने कहा कि जो पार्टी का कार्यकर्ता सक्रिय सदस्य होगा उसी को आने वाले समय में किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी दी जाएगी, जो सक्रिय सदस्य नहीं होगा उसे जिम्मेदारी से



वंचित रखा जाएगा चाहे वह किसी प्रकार की कोई भी नियुक्ति क्यों ना हो। हर बूथ पर दो से तीन सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य को पूरा करना है वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मान के साथ उन्हें भी सक्रिय भूमिका में लाने का कार्य करना है संगठन के दिए गए समय के अनुसार मंडल और शक्ति केंद्र की कार्यशाला करने के साथ ही संगठन चुनाव के तमाम गतिविधियों को कार्यकर्ता पदाधिकारी उत्साह के साथ संपन्न करें।

**संगठन भाव से करें कार्य:** मध्य प्रदेश कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि इस निर्वाचन प्रक्रिया में सभी कार्यकर्ता संगठन भाव से लगकर कार्य करें ।सदस्यता अभियान के प्रभारी मनीष सिंह संगठन चुनाव के सह निर्वाचन अधिकारी आधाराम वैश्य के द्वारा होने वाले भाजपा संगठन के चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को जानकारी प्रदान की गई ।अभी तक 533 सक्रिय सदस्य अनूपपुर जिले में बनाया जा चुका हैं हर मंडल में 100 सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। निर्वाचन अधिकारी के द्वारा अभी तक बनाए गए सक्रिय सदस्यों का प्रथम प्रकाशन सूची का किया गया।

**जो भी निकले हीरा निकले:**भाजपा संगठन द्वारा अनूपपुर जिले के लिए संगठन चुनाव हेतु नियुक्त किए गए निर्वाचन अधिकारी रीवा जिले के पूर्व महापौर वीरेंद्र गुप्ता ने कार्यशाला में कार्यकर्ताओं से कहा कि इस निर्वाचन में संगठन का जो भी कार्यकर्ता निकले वह हीरा निकले चुनाव में अच्छे कार्यकर्ता का चयन हो इसकी चिंता सबको करनी होगी। उन्होंने बताया कि 20 नवंबर 2024 तक सभी बूथो का गठन करना होगा अभी 15 नवंबर तक प्राथमिक सदस्यता जारी रहेगी। बूथ गठन में 50 सदस्यों की संख्या होनी चाहिए और उसने सभी वर्गों को समिति में शामिल किया जाए। प्रत्येक बूथ पर दो से तीन सक्रिय सदस्य बनाया जाए 25 नवंबर को अंतिम प्रकाशन सक्रिय सदस्यता सूची की की जाएगी। 7 8 9 नवंबर तक प्रत्येक मंडलों में कार्यशाला का आयोजन तथा 12 13 14 नवंबर तक शक्ति केंद्रो में कार्यशाला का आयोजन के साथ ही बूथ पर सूची तैयार करते हुए 20 नवंबर तक बूथों का गठन की प्रक्रिया को पूरा करना है कार्यक्रम में आभार प्रकट जिले के महामंत्री अखिलेश द्विवेदी के द्वारा किया गया । उपरोक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह द्वारा दी गई

## एक नजर...

### टिकमगढ़ में दिखा 15 फिट लंबा अजगर, स्नेक सेवर ने ऐसे किया रेस्क्यू



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**जिला ब्यूरो/ मनोज सिंह**

टीकमगढ़ जिले में स्नेक सेवर ने 15 फिट लंबे अजगर का रेस्क्यू कर उसे जंगल में छो?ा. इस सांप का वजन 40 किलो बताया गया. आइए जानते हैं इस सांप का रेस्क्यू कैसे किया गया.

मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले में बीते कई दिनों से लोग विशाल अजगर सांपों से बहुत परेसान हैं. आए दिन विशालकाय सांप लोगों के घरों में या खेतों में जाकर छिप जाते हैं, जिससे लोगों को जान का खतरा बना रहता है. इसी तरह के एक 15 फिट लंबे और 40 किलो वजनी सांप का रेस्क्यू स्नेक सेवर टीम ने किया. बताया गया कि यह अजगर किसी जानवर का शिकार करने के चक्कर में था. तभी, पास के ही एक गांव वाले ने इसे देख लिया और हड़कंप मच गया.

ऐसे नजर आया 15 फिट लंबा अजगर

टीकमगढ जिले के सापोंन गांव में मुन्ना लाल के खेत पर बने मकान में एक 15 फिट लंबा और 40 किलो वजनी अजगर छिपा बैठा था. वह किसी जानवर के शिकार के फिराक में था. लेकिन, मुन्ना लाल और उनके परिजनों ने जैसे ही इसको देखा, तो पूरे गांव में हड़कंप मच गया. इसको पक?ने के लिए अमर सिंह (स्नेक सेवर) को बुलाया गया.

ऐसे किया गया विशालकाय अजगर का रेस्क्यू

पास के ही स्नेक सेवर अमर सिंह को 15 फिट लंबे अजगर को पकड़ने के लिए बुलाया गया. उन्होंने अपनी पूरी टीम के साथ लगभग 1 घंटे तक रेस्क्यू कर अजगर को पक?कर जंगल में सुरक्षित छो? दिया. इस बार यह अजगर किसी जानवर को अपना शिकार नहीं बना सका.

**ऐसे किया गया विशालकाय अजगर का रेस्क्यू**-पास के ही स्नेक सेवर अमर सिंह को 15 फिट लंबे अजगर को पकड़ने के लिए बुलाया गया. उन्होंने अपनी पूरी टीम के साथ लगभग 1 घंटे तक रेस्क्यू कर अजगर को पकड़कर जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया. इस बार यह अजगर किसी जानवर को अपना शिकार नहीं बना सका

### दमोह जिला के अंतर्गत आने वाली पटेरा कृषि समिति में मसूर बीज वितरण में मिला अचानक कचरा



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**संवाददाता दीपेंद्र पटेल**

पटेरा ।सोमवार को पटेरा कृषि समिति में मसूर बीज वितरण किया जा रहा था कृषि विभाग के जिम्मेदार एवं वरिष्ठ अधिकारी कृषि विस्तार अधिकारी डीके साहू एवं कर्मचारियों की मौजूदगी में वितरण किया जा रहा था तभी कृषि समिति सभापति प्रतिनिधि सुशील शर्मा मौके पर पहुंचे और उन्होंने वितरण प्रक्रिया का जायजा लिया लेते हुए बीच की थैली खोलकर देखा तो उसमें मसूर के साथ जंगली बटरी तथा आकरी बड़ी मात्रा में मिली जो किसानों की फसल के लिए नुकसानदायक हैकृषि समिति सभापति ने इस बीच पर आपत्ति दर्ज कराई और कहा कि यह घटिया स्तर का है। इससे फसलों की उपज में प्रभावित की कठिनाई बढ़ती है। किसानों को छाती होगी उन्होंने तत्काल ही कलेक्टर एवं एसडीम को मामले से अवगत कराया वितरण प्रणाली को कर्मचारियों की लापरवाही पर सच कार्रवाई की मांग रखी। पंडित सुशील शर्मा एवं पप्पू शर्मा बीडीसी प्रतिनिधि भाटिया मामले की जानकारी लगते ही विधायक पुत्र अंकुश खटीक एवं भरत पटेल चंद्रभान पटेल जनपद सदस्य ने पहुंच कर समस्या का समाधान किया

छट घाटो के तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे जनप्रतिनिधि

आदर्श दुबे दैनिक केसरिया हिंदुस्तान अनूपपुर

डूमरकछार/पौराधार - कोयलाचल क्षेत्र में बड़े ही धूमधाम के साथ छठ का महापर्व मनाया जाता है,इसी क्रम में छठ पूजा की तैयारियों मे कोई कमी ना रह जाए,श्रध्दालुओं को किसी प्रकार से छठ घाट मे असुविधा ना हो इसको लेकर निकाय के अध्यक्ष नगर परिषद डूमरकछार क्षेत्र के सभी वार्ड क्रमांक एक डूमर कछार मार्ग में स्थित छठ घाट,वार्ड क्रमांक **10 फूलसाय दफाई में स्थित छठ घाट** -वार्ड क्रमांक 12,एवं 15 में शिव मंदिर प्रांगण में स्थित छठ, वार्ड क्रमांक 4 में मेन पंडाल दुर्गा पूजा प्रांगण में स्थित छठ घाट,वार्ड क्रमांक 2 पुलिया दफाई में स्थित छठ कुल घाट 6 छठ घाटो मे चल रही तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे थे,इनके साथ सभापति/पार्षद रवि सिंह,रंजीत कुमार वर्मा,बिजेंद्र देवांगन निकाय के कर्मचारी एवं नागरिक सहित श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### अध्यक्ष श्री चौरसिया ने इस मौके पर कहा कि छठी मैया के उपासना के इस महापर्व की तैयारियों मे कोई कमी नही छोड़ेंगे,



छठ का त्यौहार भक्तजनो के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण त्यौहार है,इसलिए छठ घाटो की साफ-सफाई,रंगाई- पोताई, सौंदर्यीकरण सहित जल स्त्रोतों से मलवा निकासी,डैम बंधान,पानी टंकियों की साफ- सफाई जैसे कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई,विद्युत व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्था मे लगे सभी कर्मचारियों को निर्देश दिया है कि जल्द से जल्द सभी छठ घाटो की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाए,श्रध्दालुओं को कोई समस्या का सामना ना करना ना पड़े,श्रध्दालुजन खुशी और उल्लास के सांथ आस्था के महापर्व छठ को मना सके।

# कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं और शिकायतें,

## कलेक्टर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई

शहडोल। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की उपस्थिति में मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने शहडोल जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में ग्राम पंचायत अमलई पोस्ट बलबहरा जनपद पंचायत बुढ़ार जिला शहडोल निवासी सीता चर्मकार पति स्वर्गीय दयाराम चौधरी ने आवेदन देकर बताया कि मेरे पति की मृत्य 4 माह पहले हो गई है। लेकिन मुझे आज तक संबल योजना के तहत सहायता राशि नहीं मिल पाई है। उनका कहना था कि मुझे संबल योजना के तहत सहायता राशि दिलाई जाए। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को आवेदन प्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में सूर्यकांत बैगा पिता स्वर्गीय चमरू बैगा निवासी ग्राम पंचायत कंचनपुर जनपद पंचायत सोहागपुर जिला शहडोल ने आवेदन देकर बताया कि मेरे नाम से एक वर्ष पहले प्रधान मंत्री आवास सेन्सन हुआ था। लेकिन आवास बनाने हेतु मुझे अभी तक कोई किस्त नहीं प्राप्त हुई है। उनका कहना था कि मुझे आवास बनाने हेतु किस्तों का भुगतान कराया जाए। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को आवेदन प्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर ने साप्ताहिक जनसुनवाई के दौरान शहडोल जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए अन्य लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में अनुविभागीय अधिकारी सोहागपुर अरविंद शाह, डिप्टी कलेक्टर भागीरथी लहरे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# जिले में आयोजित हो रहे कैंप एवं जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर करें अधिकारी - कलेक्टर

### कलेक्टर एवं जिपं. सीईओ ने जनसुनवाई कार्यक्रम में सुनी 77 लोगों की समस्याएं

शहडोल/अनूपपुर। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने निर्देश दिए कि जिले में आयोजित हो रहे कैंप, जनसुनवाई, समाधान ऑनलाइन तथा सीएम हेल्पलाइन की सभी शिकायतों एवं आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर गंभीरतापूर्वक निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर हर्षल पंचोली मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। जनसुनवाई कार्यक्रम में कलेक्टर ने जिले के 77 आवेदकों की समस्याएं सुनी तथा समस्याओं के निराकरण के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा, संयुक्त कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय, एसडीएम अनूपपुर महिपाल सिंह गुर्जर, तहसीलदार अनुपम पाण्डेय सहित जिले के सभी विभागीय अधिकारियों ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनी तथा निराकरण संबंधी निर्देश संबंधितों को दिए। जनसुनवाई में ग्राम बेलियाबड़ी के वृद्ध दम्पत्ति ने वृद्धावस्था पेंशन दिलाए जाने के संबंध में आवेदन दिए। मोजर बेयर प्लांट जैतहरी से महुदा-धुरवासिन मार्ग पर बनाए गए स्पीड ब्रेकर की हाईट ज्यादा होने से दुर्घटना को दृष्टिगत रखते हुए स्पीड ब्रेकर की हाईट कम किए जाने हेतु ग्रामीणों द्वारा आवेदन दिया गया, जिसके संबंध में कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों




को तत्काल कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। ठोड़हा बस स्टैण्ड से जेएमएस माईन्स तक की सड़क माईन्स के परिवहन से खराब होने से इस मार्ग की मरम्मत के लिए ग्रामीणों द्वारा मांग की गई। जिस पर कलेक्टर ने मरम्मत संबंधी कार्यवाही के निर्देश दिए। ग्राम सुलखारी निवासी ममता राठौर ने अतिक्रमण कर रास्ता बाधित करने संबंधी आवेदन दिए। जिस पर कलेक्टर ने तहसीलदार जैतहरी को आवेदन अग्रेषित करते हुए धारा 131 के तहत प्रकरण दर्ज कर दोनो पक्षों की पेशी करने व मौके पर जाकर निर्णय करने के संबंध में निर्देश दिए। धनपुरी जलाशय के लंबित भू-अर्जन प्रकरणों के निराकरण के संबंध में प्रभावित काश्तकार के आवेदन पर कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री को तत्काल कार्यवाही किए जाने के संबंध में निर्देश दिए। जनसुनवाई में तहसील कोतमा अंतर्गत ग्राम कटकोना के कृष्णपाल सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाए जाने, तहसील पुष्पराजगढ़ अंतर्गत ग्राम करौंदी के मदन महरा ने उनके पट्टे की भूमि पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा करने, तहसील कोतमा अंतर्गत ग्राम कोठी के रामलाल साहू ने ग्राम कोठी स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान के विक्रेता द्वारा उनके साथ किए गए अभद्र व्यवहार पर कार्यवाही किए जाने, तहसील अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पिपरिया निवासी जामवती पटेल ने उनके पट्टे की भूमि को बांध हेतु अधिग्रहीत किए जाने पर मुआवजा राशि दिलाए जाने के संबंध में आवेदन दिए।

### कमिश्नर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई

शहडोल। कमिश्नर कार्यालय शहडोल में मंगलवार को साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनसुनवाई कार्यक्रम में उपायुक्त राजस्व श्रीमती मिनिषा पाण्डेय ने शहडोल संभाग के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और समस्याओं तथा शिकायतों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश, उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती ऊषा सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## रमुन बैगा को मिला पक्का मकान, जीवन में आया सुधार

शहडोल। केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री जन मन योजना के अंतर्गत बैगा परिवारों को सम्मानजनक और सुरक्षित आवास प्रदान करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इस योजना के तहत, अति पिछड़ी समुदाय के लोगों को पक्का आवास उपलब्ध कराया जा रहा जिससे उनकी जीवनशैली में बदलाव आए। इसी कड़ी में शहडोल जिले के जनपद पंचायत बुढार के ग्राम भमला निवासी रमुन बैगा को पीएम जनमन योजना के तहत पक्का आवास प्रदान किया गया है। पक्का आवास मिलने के बाद रमुन बैगा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को धन्यवाद हेतु कहा कि अब मै अपने परिवार के साथ सुरक्षित और बेहतर तरीके से जीवन जी सकूंगा। उन्होंने कहा कि पहले अस्थायी और कमजोर आवासों में रहने की वजह से कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब पक्का घर मिलने से जीवन स्तर सुधर गया है।

# पुलिस ने किया भूमि धोखाधड़ी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार



शहडोल। शहडोल पुलिस द्वारा भूमि विक्रय में धोखाधड़ी के एक गंभीर मामले में आरोपी संतकुमार पटेल को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी संतकुमार पटेल 54 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 02, बरहा टोला, थाना ब्यौहारी, जिला शहडोल पर आरोप है कि उसने स्थानीय शहडोल, बुढ़ार रोड पर स्थित खसरा नं. 156/5/1/1, रकबा 0.0060 हेक्टेयर भूमि को पहले विजय कुमार रोहरा के नाम पर अनुबंध पत्र बनाकर 06 लाख रुपये में बेचा और बाद में उसी भूमि को मोहनराम यादव के पक्ष में पुनः रजिस्ट्री करा दिया। इस धोखाधड़ी के कारण भूमि का नामांतरण भी मोहनराम यादव के नाम पर हो गया। इस कृत्य को भारतीय दंड संहिता की धारा 420 के अंतर्गत दंडनीय पाया गया जिस पर थाना कोतवाली में प्रकरण पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना प्रारंभ की गई। आरोपी संतकुमार पटेल को कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है।

# राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) 2024 की परीक्षा हेतु केन्द्राध्यक्ष नियुक्त

शहडोल। कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने आदेश जारी किया है कि राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) 2024 की परीक्षा 15 दिसम्बर 2024 को दोपहर 12 बजे से 03 बजे तक एक सत्र में जिला मुख्यालय में आयोजित किया जाएगा। उक्त परीक्षा के सफल संचालन हेतु परीक्षा केन्द्र भारत माता हायर सेकेण्ड्री स्कूल पाण्डवनगर शहडोल हेतु केन्द्राध्यक्ष किशोर श्रीवास्तव, शा. बालक हाई स्कूल रीवा रोड जयस्तंभ चौक सोहागपुर हेतु श्रीमती ममता तिवारी, जिला महिला समिति हायर सेकेण्ड्री स्कूल शहडोल हेतु दिलीप द्विवेदी, शा. महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकेण्ड्री स्कूल मेनरोड न्यू गांधी चौक शहडोल के हेतु उमेश श्रीवास्तव, शा. कन्या हायर सेकेण्ड्री स्कूल जयस्तंभ चौक सोहागपुर शहडोल हेतु आर. गुप्ता, शा. कन्या हायर सेकेण्ड्री स्कूल दुर्गा मंदिर स्टेडियम रोड डी.ओ. आफिस के पास शहडोल हेतु बी.एम. तिवारी, सेन्ट्रल एकेडमी हायर सेकेण्ड्री स्कूल एस.पी. बंगला के पीछे हेतु संजय कुमार मिश्रा, सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेण्ड्री स्कूल पाण्डवनगर हेतु जीतेन्द्र कुमार मिश्रा, रघुराज हायर सेकेण्ड्री स्कूल नं. 01 न्यू गांधी चौक हेतु श्रीमती आभा त्रिपाठी, गुड सेफर्ड कान्वेन्ट हायर सेकेण्ड्री स्कूल पाण्डव नगर हेतु सिस्टर चित्रा, सेन्ट जूस क्रिस्चियन मिशन हायर सेकेण्ड्री स्कूल सिंहपुर रोड शहडोल हेतु डेजी ईवेन्जर, शा. पॉलीटेक्निक कॉलेज पाण्डव नगर शहडोल जयराम रजक, एवं शा. इंदिरा गांधी कन्या महाविद्यालय पाण्डव नगर शहडोल हेतु डॉ. मुकेश कुमार तिवारी को केन्द्राध्यक्ष नियुक्त किया है।

# यातायात नियमों की अनदेखी करने पर होगी कार्रवाई टी आई फरीद अहमद

*सीतापुर । एक नवंबर से यातायात माह शुरू हो गया है। दीपावली के त्योहार के बाद सोमवार को शहर में जागरूकता रैली, निकाल कर यातायात माह का शुभारंभ किया गया। इस अभियान के तहत जो भी वाहन स्वामी यातायात के नियमों की अनदेखी करते हुए पाया जाएगा, उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। यातायात माह का शुभारंभ जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया। विभिन्न सामाजिक संगठन और शहरवासियों ने बड़-चड़कर भाग लिया। जिससे यातायात माह को सफल बनाया जा सके व लोगो को यातायात नियमों की जानकारी हो सके। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा द्वारा यातायात माह के अवसर पर हेलमेट पहनाकर यातयात माह का शुभारम्भ किया गया व लोगो से यातायात नियमों के पालन करने की अपील की गई। लोगों को यातायात के नियमों का पालन एक महीने ही नहीं बल्कि प्रतिदिन करना चाहिए, क्योंकि जीवन अनमोल है। दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी न बिठाएं। वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। वाहन को निर्धारित गति सीमा में ही चलाएं। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें। नियमों की अनदेखी न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। नियमों के उल्लंघन पर पहले उनके चालान किए जाएंगे और उसके बाद वाहन को सीज कर दिया जाएगा- फरीद अहमद टीआई सीतापुर।*

# निर्माण के साथ साथ ध्वस्त हो रहा आर आर सेंटर'

सीतापुर(परसेंडी) प्रदेश सरकार जँहा एक तरफ लाखों रुपये खर्च कर ग्राम पंचायतों में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत आर आर सेंटर का निर्माण कार्य करा रही है,जिससे ग्रामीण क्षेत्रो में साफ सफाई रहे व कूड़े के ढेर से फैलने वाली बीमारियों से ग्रामीणों को निजात मिल सके कूड़े के ढेर से निजात मिलने के लिए ही आर आर सेंटर का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, वही विकास खण्ड परसेंडी की ग्राम पंचायत बिरैचा में आर आर सेंटर का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, आर आर सेंटर में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है,जिसके चलते निर्माणाधीन आर आर सेण्टर एक तरफ बन ही पाया है कि चालू होने से पहले ही ध्वस्त भी होने लगा है, मैन गेट से लेकर अंदर बनी फर्श तक ध्वस्त हो गयी है,साथ ही साथ पिलर में मानकविहीन सरिया का भी प्रयोग किया है,आर आर सेंटर में लगाये गए खड़ंजे में पीला ईट का प्रयोग किया है, प्रधान सचिव व कंसल्टिंग इंजीनियर की खाऊ कमाऊ नीति के चलते आर आर सेंटर भ्रष्टाचार की भेंट चड़ गया है। जब इस संबंध में सचिव पवन जोहरी से जानकारी ली जानी चाही गयी तो उनका फोन नही उठा।

### हरगांव चीनी मिल पैराई सत्र के दूसरे दिन डीएम ने किया निरीक्षण

सीतापुर । अवध शुगर एण्ड एनर्जी लिमिटेड हरगांव के पेराई सत्र के दूसरे दिवस दोपहर जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द चीनी मिल पहुंचे और नवीन पेराई सत्र के लिए मिल द्वारा की गई समस्त तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने चीनी मिल में गन्ना लेकर आए कृषकों से वार्ता कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। लगभग दो घंटे तक चले गहन निरीक्षण में कांटें पर गन्ना ट्रॉली लेकर आए सुंसी ग्राम के किसान रिद्धि कुमार के मोबाइल पर प्राप्त मैसेज देखा तथा स्वचालित मानव रहित तौल कांटे पर गन्ना तौलायी से लेकर गन्ना डोंगें में डालने की सम्पूर्ण प्रक्रिया अपने समक्ष करवायी, मिल हाउस, बॉयलिंग हाउस, सेन्ट्रीफ्युगल हाउस, ड्रायर हाउस पहुंचकर गन्ने से चीनी बनने की सम्पूर्ण प्रक्रिया की जानकारी ली। मिल के अधिशासी अध्यक्ष ए0के0 दीक्षित से बॉयलर क्षमता तथा विद्युत उत्पादन क्षमता के बारे में जानकारी लेकर पानी कंजम्पशन के बारे में पूछते हुए मिल में स्थापित हुए नये डी0सी0एस0 तथा आधुनिक यंत्रों के संचालित होने के बारे में पूछतांछ की। मिल क्षमता वृद्धि के लिए हो रहे निर्माण कार्यों को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। रिफाइनरी चीनी व मिल में बन रही चीनी मिल में अंतर व प्रासेस में प्रयुक्त होने वाली सल्फर व चूने मात्रा की जानकारी ली। जिलाधिकारी के मिल प्रांगण पहुंचने पर मिल के अधिशासी अध्यक्ष अरविन्द दीक्षित द्वारा उनका स्वागत किया गया। सी0सी0टी0वी0 नियंत्रण कक्ष से सम्पूर्ण शुगर मिल का निरीक्षण किया व पूरे प्रोसेस, सुरक्षा के मानकों, विद्युत उत्पादन क्षमता आदि की जानकारी लेकर सुरक्षा मानकों का शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। गन्ना कृषकों के हितों को ध्यान में रखते सम्पूर्ण प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षु आई0ए0एस0 नितिन सिंह, जिला गन्ना अधिकारी रत्नेश्वर त्रिपाठी, जिला आबकारी अधिकारी कृष्णपाल यादव, तहसीलदार सदर विनोद सिंह, प्रभारी निरीक्षक हरगांव अरविन्द पाण्डेय, अधिशासी उपाध्यक्ष शूरवीर सिंह, शरद सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## सत्तर या इससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनना प्रारंभ

# ब्लॉक स्तर पर बैठक लेकर कलेक्टर एवं जिपं. सीईओ ने तैयारियों की समीक्षा कर दिए दिशानिर्देश

शहडोल/अनूपपुर। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत सत्तर वर्ष या उससे अधिक की आयु के वरिष्ठ नागरिकों को प्रति वर्ष पाँच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य सुरक्षा कवच प्रदान करने के केंद्र शासन के निर्णय के अनुरूप अनूपपुर जिले में कलेक्टर हर्षल पंचोली के दिशानिर्देशन में अभियान के तौर पर पात्र वरिष्ठ नागरिकों के पंजीयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिले में सत्तर वर्ष या इससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों का इस योजना के तहत पंजीयन आशा और सीएचओ के आईडी का प्रयोग कर किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर हर्षल पंचोली द्वारा विकासखण्ड कोतमा एवं अनूपपुर में तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा द्वारा विकासखण्ड जैतहरी एवं पुष्पराजगढ़ में संबंधित अमले की बैठक लेकर आवश्यक दिशानिर्देश दिए गए हैं। बैठक में सभी पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हेतु घर-घर दस्तक देने के निर्देश दिए गए हैं। ग्राम पंचायतों के सचिवों, रोजगार सहायकों द्वारा हितग्राहियों को मोबलाईज किया जाएगा। ए.एन.एम. तथा आशा कार्यकर्ताओं को पात्र हितग्राहियों की सूची उपलब्ध कराई जाएगी। आयुष्मान कार्ड बनाए जाने का कार्य आगामी 10 दिवस का लक्ष्य निर्धारित करते हुए प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। प्रतिदिन के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के प्रगति की जानकारी आशा, सुपरवाईजर के माध्यम से ब्लॉक स्तर पर बीपीएम, बीसीएम को प्रदान की जाएगी। जिनके द्वारा जिला स्तर पर जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। प्रस्तुत जानकारी के आधार पर प्रतिदिन कलेक्टर को भी प्रगति से अवगत कराया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मुताबिक आयुष्मान प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों का पंजीयन समग्र आई डी और आधार नम्बर के आधार पर किया जायेगा। पंजीयन के लिये आधार कार्ड में दर्ज आयु को ही मान्य किया जायेगा। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का उद्देश्य सत्तर वर्ष और उससे अधिक की आयु के वरिष्ठ नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना है, जिससे उन्हें आर्थिक चिंताओं से मुक्त करते हुए एक स्वस्थ और सम्मानपूर्ण जीवन जीने में सहायता मिल सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को उनकी आय की परवाह किए बिना, स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करने की मंजूरी दी है। इस योजना का 29 अक्टूबर को शुभारम्भ भी हो चुका है।पात्र वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत एक नया विशिष्ट कार्ड जारी किया जायेगा। ऐसे वरिष्ठ नागरिक जो 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के हैं और जिनके परिवार पहले से ही इस योजना के तहत कवर हैं, उन्हें अपने लिए अतिरिक्त 5 लाख रुपये तक की वार्षिक टॉप-अप कवरेज मिलेगी, जिसे वे अपने परिवार के अन्य सदस्यों (जो 70 वर्ष से कम आयु के है) के साथ साझा नहीं करेंगे। सत्तर वर्ष और उससे अधिक आयु के अन्य सभी वरिष्ठ नागरिकों को पारिवारिक आधार पर 5 लाख रुपये तक की वार्षिक कवरेज मिलेगी।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह, संपादकः अशोक सोनी (9009601101), स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल
जितेन्द्र व्यास-स्थानीय संपादक, मो. 8120205990 भोपाल कार्यालय पता- प्रेस काम्प्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 ई-मेल-hindustannews404@gmail.com

# दो नकली खाद व्यापारी जेल की सलाखों के पीछे अन्य की हो रही पड़ताल

सीतापुर। जिले में काफी समय से हो रहे नकली खाद के कारोबार पर कृषि विभाग ने शिकन्जा कसना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में दो नकली खाद व्यापारियों को जेल की सलाखों के पीछे भेजा चुका है बाकी कार्यवाही और पड़ताल दोनो ही जारी है। लगातार छापामार कार्यवाही की जा रही है और गम्भीरता से हर खाद दुकान की जांच की जा रही है। घटना क्रम पर प्रकाश डाला जाये तो पता चलता है कि संदना थाना क्षेत्र के निमतापुर में नकली खाद की फैक्टरी चलाने वाले दो आरोपियों को सोमवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिला कृषि अधिकारी मनजीत कुमार की तहरीर पर पुलिस ने आठ लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया था। इसमें दो वांछित आरोपियों मछरेहटा थाना क्षेत्र के इटैव्वा गांव निवासी मो. नबी व मानपुर थाना क्षेत्र के पकरिया गांव निवासी साहिद उर्फ सहीर को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियों के पास से पुलिस ने बोरा सिलने की मशीन, 139 किसान डीएपी मार्का प्रिंटेड नई खाली बोरी, 37 किसान डीएपी मार्का मुद्रित बोरी, 3 किसान डीएपी मार्का प्रिंटेड नई खुली बोरी, 1 इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन, दो रील, 480 सफेद बोरियों में पैक रॉ-मैटेरियल बरामद किया है। थाना प्रभारी संदना चंद्रभान यादव ने बताया कि दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मौके पर छह मजदूर मिले थे। इनकी भूमिका की जांच चल रही है।वहीं, जिला कृषि अधिकारी मनजीत कुमार ने बताया कि मामले में आवश्यक वस्तु अधिनियम व अन्य गंभीर धाराओं के तहत कुल आठ लोगों को आरोपी बनाया गया है। इसमें मो. नबी व शाहिद के अलावा लखनऊ के बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के नैमिषपुरम कॉलोनी निवासी मैसर्स अंश ट्रेडिंग कंपनी के प्रतिनिधि सौरभ श्रीवास्तव, मछरेहटा के असरेखा निवासी विकास पासी, सुरजीत राजवंशी, मनोज रैदास, मोहित कुमार व अनीस शामिल हैं।निमतापुर में छापे के दौरान सीतापुर की फर्म साई बायोकॉप साइंस का भी एक बिल मिला था। यह बिल बीती 3 मई 2024 का था, जिसमें 1500 किलो खाद का जिक्र है। वहीं, 30 हजार नब्बे रुपये का जिक्र है। इसकी जांच चल रही है। इस फर्म का जिक्र अधिकारियों ने एफआईआर में भी किया है।निमतापुर से बरामद नकली खाद की छह सौ बोरियों को राजकीय कृषि प्रक्षेत्र जलालपुर के एक कमरे में सील किया गया है। इस माल के संबंध में उच्चाधिकारियों के निर्देश पर निर्णय लिया जाएगा।




## जनसेवा हास्पिटल के मानको की होगी जांच- डा. अनूप श्रीवास्तव

सीतापुर। प्रेमनगर में स्थित चर्चित जनसेवा हॉस्पिटल के सितारे हर पल गर्दिश की ओर बड़ रहे है। सचल दल के द्वारा जिले में अवैध प्राइवेट अस्पतालों पर लगातार छापामार कार्यवाही की जा रही है। जो अस्पताल मानको पर खरे नही उतर रहे है उनको सीज करने की कार्यवाही चल रही है। जनसेवा हास्पिटल कई बार आरोप लगाये गये लेकिन संचालक अपने मजबूत पकड़ के के कारण अब तक कार्यवाही से बचता रहे लेकिन अब दस्ते की रफ्तार तेज हो गई और एसीएमओ डा. अनूप श्रीवास्तव की नजर जनसेवा हास्पिटल पर पड़ गई है । वह जनसेवा हास्पिटल पर बड़ी कार्यवाही करने की योजना बना रहे है। इस बारे में एसीएमओ डा. अनूप कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सचल दल अपना काम कर रहा है। जनसेवा अस्पताल जो चर्चाओं से घिरा है इसकी जानकारी हम लोगों के पास है। जनसेवा अस्पताल पर स्वास्थ्य विभाग की निगाहे है और इस मसले को लेकर एसडीएम सदर से बातचीत की जायेगी और रणनीति के तहत मानको की जांच की जायेगी। अगर मानक पूरे नही पाये गये तो विधिक कार्यवाही की जायेगी।

## शिक्षा विभाग में बच्चों से छिलाई जाती है घास तो कैसे होगी पड़ाई






सीतापुर। विकास खण्ड परसेण्डी के कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय बिरैचा की वायरल तस्वीर में छात्रो द्वारा घास छिलता हुआ दिखाया जा रहा है। जिससे यह प्रतीत होता है बच्चे घर से पड़ाई के लिये तो जाते है लेकिन वहां जिम्मेदार अध्यापको द्वारा बच्चों से घास छिलाई जाती है। जहां एक तरफ शासन प्रशासन द्वारा विद्यालय रखरखाव के लिये हर वर्ष भारी धनराशि भेजी जाती है व पंचायती राज विभाग द्वारा विद्यालयों की साफ सफाई के लिये सफाई कर्मी नियुक्त किये गये है और ग्राम पंचायत द्वारा भी समय समय पर जारी आदेशानुसार विद्यालयों कायाकल्प किया जा रहा है। जिससे ग्रामीण विद्यालय में पड़ रहे बच्चों को अच्छी व बेहतर शिक्षा मिल सके। आज के यह बच्चे कल के भारत का भविष्य बन सके। वहीं विकास खण्ड परसेण्डी के बिरैचा विद्यालय की वायरल तस्वीर में शिक्षा विभाग के द्वारा किये जा रहे बड़े बड़े दावों पर सवाल खड़ा कर दिया। एक गरीब परिवार का बच्चा जब पड़ाई के लिये विद्यालय जाता है वहां भी अध्यापकों द्वारा शिक्षा देने के बजाय बच्चो से घास छिलाई जाये तो कि पूरे सिस्टम पर एक बड़ा सवाल है इस सम्बन्ध में खण्ड शिक्षा अधिकारी परसेण्डी से बात की गई तो उन्होने कहा कि प्रकरण संज्ञान में आया है आज विद्यालय बंद हो गया है कल जांच करवाते है

### – बीएसए ने तो घास छीलने को बता दिया एक्टीविटी का हिस्सा

कम्पोजिट विद्यालय में बच्चों द्वारा घास छीलने के प्रकरण को लेकर जब जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से बात की गई तो उन्होने बताया कि शिक्षा विभाग में यह एक्टीविटी का हिस्सा है। अब सवाल यह उठता है कि जब बच्चों से एक्टीविटी के हिस्से में सफाई कराई जायेगी तो सरकार द्वारा हर वर्ष विद्यालय के रखरखाव व अन्य विभागों द्वारा जो कर्मचारी नियुक्त किये गये है वह क्या करेंगे।

## अवैध प्लाटिंग पर रौंक और कार्यवाही का ढिंढोरा पीट रहा जिला प्रशासन - अल्पना सिह

### किसानों के लिए डी ए पी की किल्लुत,दूसरी तरफ खुलेआम कालाबाजारी

**पूर्व में की गई शिकायतों पर जांचोपरांत आरोप सिद्ध होने के बावजूद कोई कार्रवाई न होने पर तीस नवंबर से अनिश्चितकालीन धरना**

सीतापुर। किसान मंच कार्यालय पर आयोजित मासिक बैठक में किसानों के ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की गई !जिलाअध्यक्ष राकेश बाजपेई ने कहा कि समूचे जनपद में किसान भाइयों को डी ए पी उपलब्ध नहीं हो रही,वहीं दूसरी तरफ कागजों पर खपत दर्ज कर भ्रष्ट जिम्मेदारों द्वारा खुलेआम कालाबाजारी की जा रही है !महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अल्पना सिंह ने कहा विनियमित क्षेत्र की जमीन पर चल रही अवैध प्लाटिंग पर रोंक और कार्यवाही का ढिंढोरा पीट रहा जिला प्रशासन वास्तविकता में कोई कार्यवाही न करके इसे आमदनी का जरिया बना रखा है !वरना अभी तक हो रही अवैध प्लाटिंग में व्यस्त भू माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई का विगुल बज चुका होता !जिला संयोजक नवल किशोर मिश्रा ने समूचे जनपद में नहरों के टोल तक पानी न पहुंचने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि विगत वर्ष नहर सफाई के नाम पर की गई सफाई सिर्फ कागजों तक सीमित थी,और भुगतान हो गया था !यही कारण है कि समय पर किसानों को सिंचाई के लिए तरसना पड़ रहा है !महिला प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष मुन्नी देवी ने समाज कल्याण विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया और कहा कि वर्षों पहले वृद्धावस्था पेंशन हेतु जमा पात्र लोगों के फार्म फाइलों में बंद हैं और सिर्फ दलालों के माध्यम से सुविधा शुल्क लेकर योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है !राष्टीयसचिवध्प्रदेश प्रभारी शिव प्रकाश सिंह ने कहा कि उच्च अधिकारियों द्वारा साक्ष्यों और प्रमाणों के साथ की गई शिकायतों में जांचोपरांत दोषियों के विरुद्ध किए गए कार्यवाही आदेश पर भी जिम्मेदार कोई कार्यवाही नहीं कर रहे,और इसे लूट का जरिया बना रखा है !शीघ्र ही उपरोक्त सभी मुद्दों साक्ष्य व प्रमाणों के साथ किसान मंच द्वारा ज्ञापन दिया जाएगा !और कार्यवाही न होने पर संगठन द्वारा तीस नवंबर से धरना स्थल पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा !जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी !आज की बैठक में श्री कृष्ण पाल,राम चंद्र मौर्या, आराधना सिंह,रमाकांत दीक्षित,हाशमी बेगम,रामकुमार,मीरा देवी, कृष्ण पाल सिंह,शुभाष सहित पदाधिकारी साथी उपस्थित थे !

## निष्पक्ष प्रतिदिन में प्रकाशित खबर का असर खण्ड विकास अधिकारी हुए सक्रिय

**निर्धारित समय मे नही आया जवाब,पुन: जारी की जाएगी नोटिस-बीडीओ**

**ग्राम पंचायत सोनारी,अमौरा मोतीसिंह,बिरैचा, चाँदपुर,टप्पा खजुरिया व रसूलपुर में किया गया घोटाला**




सीतापुर। घोटालेबाजी बाजी को निष्पक्षता प्रतिदिन समाचार पत्र में प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिस पर संज्ञान लेते हुए खण्ड विकास अधिकारी ने घोटालेबाज प्रधानों व सचिवों पर होगी कार्यवाही, बीडीओ धनंजय सिंह ने ग्राम पंचायतों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है,व घोटालेबाजो की जांच भी कराई जाएगी, सरकार द्वारा ग्राम पंचायतो को विकास कार्य के लिए धन आवण्टित किया जाता है लेकिन सचिव व प्रधान उस पैसे को विकास कार्य मे न लगाकर अपने निजी स्वार्थ के चलते धन का दुरुपयोग कर अपनी तिजोरियां भर रहे है जिसके चलते ग्राम पंचायते विकास कार्य को तरस रही है। बताते चले कि विकास खंड परसेंडी की ग्राम पंचायत चाँदपुर, अमौरा मोतीसिंह, बिरैचा, रसूलपुर व सोनारी में सचिव ने प्रधान,प्रधान प्रतिनिधि व प्रधान के परिवारीजनों के नाम पर भुगतान कर लाखों का व्यारा न्यारा कर किया गया घोटाला,ग्राम पंचायत सोनारी में प्रधान प्रधान गीता देवी व उनके परिवारीजनों के नाम पर 10 लाख का भुगतान कर घोटाला किया गया, ग्राम पंचायत अमौरा मोतीसिंह में प्रधान प्रतिनिधि विमल कुमार सिंह के नाम पर शासनादेश को ताख पर रख कर मजदूरी के नाम पर लाखो का भुगतान कर दिया गया, वही ग्राम पंचायत बिरेचा में प्रधान के भतीजे व प्रतिनिधि अजित सिंह रावत ने के नाम लगभग 5 लाख का मजदुरी के नाम निकाल कर सचिव व प्रधान ने फर्जीवाड़ा किया, ग्राम पंचायत चाँदपुर में प्रधान किरण देवी ने अपने पति चेतराम के नाम पर लगभग 10 लाख का भुगतान करा कर फर्जीवाड़ा किया, ग्राम पंचायत रसूलपुर में प्रधान प्रतिनिधि शैलेन्द्र वर्मा के नाम पर सचिव विश्वान श्रीवास्तव ने दिल खोलकर भुगतान किए, सचिव विश्वान श्रीवास्तव की तैनाती वाली ग्राम पंचायत टप्पा खजुरिया में भी प्रधान सदाप्यारी व उनके परिवारीजनों के नाम लगभग 10 लाख से अधिक का भुगतान कर फर्जीवाड़ा किया है,उक्त ग्राम पंचायतों के सचिवों ने बीडीओ धनंजय सिंह के मंसूबो पर पानी फेर कर बेखौफ होकर घोटाले कर रहे है। अब देखने का विषय यह है की क्या इन घोटालेबाजो पर कार्यवाही हो पाएगी या फिर घोटालेबाज अपने को बचाने में कामयाब हो जाएंगे।

## नियमों को दरकिनार कर सीएमओ दे रहे प्राइवेट अस्पतालों को रजिस्ट्रेशन

**आवासीय/ कामर्शियल भवन के अनुसार लिया जाता है हाउस व वाटर टैक्स। - वैभव त्रिपाठी**

नगर पालिका क्षेत्र सीतापुर में मकानों में संचालित हो रहे प्राइवेट अस्पतालों के सम्बन्ध में जब अधिशासी अभियन्ता वैभव त्रिपाठी से जानकारी ली गई तो उन्होने बताया कि पंजीकरण के समय कागजात देखना स्वास्थ्य विभाग का काम है। हमारे विभाग के द्वारा मकानों का निरीक्षण किया जाता है जितना क्षेत्रफल आवासीय है उसी अनुसार उसका हाउस टैक्स व वाटर टैक्स लिया जाता है साथ ही जो कामर्शियल उपयोग में मकान है उसका जारी गाइड लाइन के अनुसार हाउस टैक्स व वाटर टैक्स लिया जाता है।

सीतापुर। जहां एक तरफ व्यवसाय के लिये मकान किराये पर लेने व देने के लिये नियमावली बनाई गई है। जिसमें व्यवसायिक सम्पत्ति किराये पर देने पर किराये मूल्य का 18 प्रतिशत जीएसटी देना होगा साथ ही मकान मालिक की आय पृष्ठ भूमि की जांच करानी चाहिए इससे पता चलता कि कोई वाद विवाद व अवैध कार्यवाही लम्बित तो नही है। किरायेदार की जांच करानी चाहिए। पुलिस वेरीफिकेशन आदि विभिन्न नियमावली बनाई गई है। जारी गाइड लाइन का पालन करते हुए अगर कोई मकान किराये पर लेता व देता है तो उसको व्यवसाय पंजीकरण के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभाग को प्रपत्र संलग्न करना होता है। जिससे भविष्य में नियमों का पालन किया जा सके। लेकिन जनपद सीतापुर में मुख्य चिकित्साधिकारी ने नियमों को दरकिनार कर निजी लाभ के चलते जनपद में निजी मकानों में भारी मात्रा में प्राइवेट अस्पतालों को पंजीकरण कर दिया है। जिससे जहां प्राइवेट अस्पताल फल फूल रहे है वही किराये धनराशि की जीएसटी की चोरी भी कर रहे है जो कि नियम विरूद्ध है। जनपद की स्थित यह है कि आज स्वास्थ्य विभाग के संरक्षण में जिला मुख्यालय से लेकर हर छोटे बड़े चैराहे पर एक के बाद एक कदम पर नये पुराने अस्पताल संचालित हो रहे है जिसमें लगभग देखा जाये तो कही न कहीं नियमों को ताख पर रखकर मरीज से धन उगाही की जा रही है व अन्य बड़ी घटनाएं घटित हो रही है। जिनकी शिकायते किसी न किसी माध्यम से स्वास्थ्य विभाग तक जाती है लेकिन जिम्मेदार निजी लाभ के चलते नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए कार्यवाही के नाम पर कागज पूर्ति कर देते है व कोशिश करते है प्राइवेट अस्पताल संचालक शिकायतकर्ता को किसी न किसी तरह से शांत करवा दे जिससे कार्यवाही से बचा जा सके। उक्त सम्बन्ध में नगर मजिस्ट्रेट व मुख्य चिकित्साधिकारी सीतापुर से पंजीकरण के समय क्या कार्मिशियल भवन के पेपर संलग्न है कि जानकारी लेने के लिये जब फोन किया गया तो दोनो अधिकारियों के नम्बर रिसीव नही हुए।

## जिला जेल के दूध का लुफ्त उठाते नगर के बड़े व्यापारी

**गल्ला सप्लायर बंसल का परिवार भी पीता जेल का दूध**



सीतापुर। जनपद के आलाअफसर भले ही हर माह व सासाहिक जेल का निरीक्षण करते हो जिससे जेल में बंद कैदियों को कोई समस्या व दिक्कते न उत्पन्न हो जिसके लिये जिम्मेदारों द्वारा समय समय कैदियों से व्यक्तिगत रूप से बात भी की जाती है व उनका उनका हाल चाल जाना जाता है और हो रही असुविधिाओं की जानकारी ली जाती है और उनको जल्द से जल्द निस्तारण करने के लिये सम्बन्धित अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिया जाता है। इन सबके बाद भी जेल के अन्दर दूध की कमी हो लेकिन जेल के दूध का मजा गल्ला सप्लाई करने वाले लोग उठा रहे हैं। वायरल विडीओ में इस समय जेल में गल्ला सप्लाई कर रहे बंसल हर रोज झोले में दूध का डिब्बा लेकर जेल से निकलते हुए देखाई रहे हैं। वायरल विडीओ का ध्यान देकर जेल के आस पास के लोगों ने सोचा कि जब जेल से दूध की सप्लाई हो रही है तो हम भी जेल से दूध लिया करें। जेल रोड के एक नागरिक ने जेलर से दूध लेने के बारे में जानकारी ली और उसने भी जेल से दूध खरीदने की इच्छा जाहिर कि जिस पर उससे यह कहा गया कि जब दूध ज्यादा होता है तो हम लोग उसको बेच देते है। चूंकि बंसल जेल का गल्ला सप्लायर है इस कारण उसकी पहचान जेल के कर्मचारियों से है इस कारण आते जाते समय उसकी तलाशी तक नही ली जा रही है। वायरल विडीओ के व्यक्ति की जब पहचान की गई तो वह जेल के गल्ला सप्लायर बंसल की हुई और बंसल ने झोले में दूध का डिब्बा छिपा रखा है। जैसे ही उनको शक हुआ कि उनका बीडीओ वन रहा है तो वह इधर उधर भागने लगे लेकिन कैमरे ने हकीकत को कैद ही कर लिया। इस सम्बन्ध में दीपक भार्गव पज्जू जो जेल रोड के निवासी है उन्होने जेलर से मिलकर उनसे बिक्री में दूध मांगा जिस पर उन्होने जवाब दिया कि जब दूध ज्यादा होता है तो हम लोग उस दूध को बाहर बेंच देते है। जब दूध बड़ेगा तो हम आपको भी देगें। जेलर ने बताया कि

## दीपावली की छुटटी के बाद खुला अस्पताल तो लग गई मरीजों की कतारे

**मरीजों के दबाव में चैपट कर दी स्वास्थ्य सेवा मंगलवार को भी उमड़ी काफी भीड़**




*सीतापुर। दीपावली के बाद जैसे ही अस्पताल खुला तो मरीजों की लम्बी लम्बी कतारे लग गई। मरीजों का दबाव अस्पताल पर इतना ज्यादा रहा कि जिला अस्पताल की हर व्यवस्था ओवर लोड हो रही थी। मंगलवार को भी जिला अस्तपाल में मरीजो की संख्या ज्यादा देखी गई। ओपीडी से लेकर पैथालॉजी और हर जगह भीड़ ही भीड़ दिखाई दे रही है। डाक्टरों पर भी ओवर लोड पड़ा और वह फिर अपने कर्तव्यों से विमुख नही हुए और करीब करीब सभी मरीजों का उपचार किया। गौरतलब हो कि जिला अस्पताल में सोमवार को मरीजों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इसके चलते इलाज कराने में मरीज घंटों जूझते रहे। पर्चा काउंटर से लेकर पैथोलॉजी में आधे घंटे तक इंतजार के बाद नंबर आया। दोपहर दो बजे तक भीड़ बनी रही। करीब 3100 मरीजों ने इलाज करवाया। आम दिनों की तुलना में करीब दोगुना मरीज अस्पताल पहुंचे।दिवाली की छुट्टी के बाद सोमवार को सुबह से ही मरीज अस्पताल पहुंचने लगे थे। सुबह आठ बजे ओपीडी के बाहर मरीजों की लंबी-लंबी लाइनें लगी नजर आईं। इसके बाद ओपीडी पहुंचे तो वहां भी काफी मरीज पहले से ही मौजूद थे। सबसे अधिक भीड़ फिजिशियन व ईएनटी कक्ष में दिखाई दी। चिकित्सक डॉ. गौरव मिश्रा ने बताया बुखार, खांसी व पेट दर्द के मरीजों की संख्या अधिक रही। वहीं, फिजिशियन कक्ष में सांस, दमा व दिल के मरीजों की संख्या भी अधिक नजर आई। इन मरीजों को इलाज कराने में ही दो घंटे बीत गए। जब पैथोलॉजी पहुंचे तो वहां पर भी नंबर लगे हुए थे। दो बजे तक मरीज इधर-उधर भटकते रहे। ओपीडी में शनिवार की अपेक्षा करीब एक हजार अधिक मरीज पहुंचे। इससे मरीजों को इलाज कराने में काफी दिक्कतें उठानी पड़ीं।जिला अस्पताल की पैथोलॉजी में एक दिन में करीब 550 जांच की सुविधा है। सोमवार को दूरदराज इलाके से आए मरीजों को जांच की सुविधा नहीं मिल सकी। 11 बजे के बाद अस्पताल में सैंपल लेना बंद कर दिया गया। इससे मरीज जांच करवाने के लिए भटकते रहे। मरीजों को मंगलवार को फिर से बुलाया गया। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि 11 बजे तक ही कोटा फुल हो जाता है। जांच करने में दो से तीन घंटे लगते हैं। इसी वजह से सैंपल लेना बंद कर दिया जाता है। मंगलवार को भी यही हाल रहा। सुबह से मरीजों की भीड़ लग गई। अल्ट्रासाउण्ड, ओपीडी, पैथालॉजी, दवा काउण्टर हर जगह भीड़ ही भीड़ दिखाई दे रही है मरीज लम्बी लम्बी कतारे लगाकर दवा ले रहे थे।*

# केएम शुगर मिल मसौधा में गन्ना पेराई सत्र 16 नवंबर से शुरू

## अकबरपुर चीनी मिल में 18 नवंबर से होगी गन्ना की पेराई

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

अयोध्या। किसान नये पेराई सत्र के लिए तैयार हो जाएं। दोनों चीनी मिलों ने गन्ना विभाग को उसे शुरू करने की डेट दे दी है उस डेट से पहले ग्रामीण अंचलों में उनके इलेक्ट्रॉनिक तौल केंद्र स्थापित हो गए हैं। जिला गन्ना अधिकारी हुदा सिद्दीकी के अनुसार रौजागांव चीनी मिल एक सप्ताह बाद गन्ना आपूर्ति के लिए इंडेंट जारी करने की तैयारी में है। चीनी मिल ने गन्ना विभाग को पेराई सत्र शुरू करने की 16 नवंबर तारीख दी है। केएम शुगर मिल, मसौधा उसी के एक दिन बाद 17 नवंबर से शुरू होने की उसने जानकारी दी है। 10 नवंबर से वह भी इंडेंट गन्ना समितियों को जारी करेगा। किसान गन्ना समितियां के माध्यम से चीनी मिल को गन्ना आपूर्ति करते हैं।

अम्बेडकर नगर जिले की अकबरपुर चीनी मिल में 18 नवंबर से पेराई सत्र शुरू होना है। जिले के गोसाईंगंज व तारुन के कुछ ग्रामीण क्षेत्र के किसान उसके नजदीक होने से अकबरपुर चीनी मिल को आरक्षित है। जिला गन्ना अधिकारी किसानों के मोबाइल में एसएमएस पर पर्ची जाएगी। उन्होंने किसानों से अपील की कि अगर उनके मोबाइल में डू नाट डिस्टर्ब (डीएनडी) सुविधा हो तो उसे बंद कर दें। यह सुविधा होने से गन्ना पर्चियां उस वजह से उनके मोबाइल तक नहीं पहुंचेगी। गन्ना पर्चियों के लिए उनको दौड़ भाग उनके कार्यालय से लेकर संबंधित गन्ना समिति तक करना होगा। इससे बचने के लिए डीएनडी सुविधा को बंद करना होगा।

# भट्ठा व्यवसाई और पूर्व प्रधान पर पुरानी रंजिश में जानलेवा हमला

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

सुल्तानपुर। जिले के गोसाईंगंज थाना अंतर्गत कारीभार में मंगलवार दोपहर भट्ठा व्यवसाई और पूर्व प्रधान पर पुरानी रंजिश में जानलेवा हमला हुआ है। उन्हें सिर में गंभीर चोटें आई हैं, चिंताजनक हालत में डॉक्टर ने उन्हें ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया है।मिली जानकारी अनुसार गोसाईंगंज के कारीभार निवासी भट्ठा व्यवसाई एवं पूर्व प्रधान राज नारायण पांडेय मंगलवार को सुल्तानपुर से गांव जा रहे थे। जब वह गांव के राम लखन मेमोरियल स्कूल के पास पहुंचे तभी गांव के अभिषेक वर्मा, पवन वर्मा, आदित्य वर्मा, आजाद वर्मा और कुछ अज्ञात लड़कों ने उन पर हमला बोल दिया। राज नारायण के चचेरे भाई गजानन पांडेय ने बताया कि लाठी-डंडे और धारदार हथियार से हमला बोला गया है। पुलिस को मौके से तमंचा भी मिला है। उन्होंने बताया कि जन्माष्टमी के दिन रात बारह बजे ये लोग हमारे भतीजे सूरज को मारने की नीयत से आए थे। हल्ला गुहार होने पर उन्हें जब पकड़ लिया गया तो सुलह समझौता हो गया। बाद में दोनों ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया। उसी मामले को लेकर ये लोग जान से मारने की धमकी पहले दे रहे थे और रास्ते में घेराव करते थे।

# नंदबाबा दुग्ध मिशन को लेकर जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न



**जिला संवाददाता नीरज चतुर्वेदी/दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

मथुरा। कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में नन्दबाबा दुग्ध मिशन के अंतर्गत जनपद स्तरीय समिति की बैठक हुई संपन्न। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री स्वदेशी गौसंवर्धन योजना के सम्बन्ध में डिस्ट्रिक्ट एम्यूकेटिव कमेटी की बैठक में ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवधर्न योजना के सम्बंध में डीईसी के सदस्य/ सचिव अतुल कुमार सिंह उप दुधशाला निकास अधिकारी मथुरा/मैनपुरी द्वारा जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी को विस्तार से जानकारी दी। मुख्यालय से उक्त योजनांतर्गत 24 यूनिट का लक्ष्य जनपद वार को दिया गया है। पशु पालकों को स्वदेशी नस्ल (साहीवाल, हरियाणा, थारपारकर, गिर) की दो गाय वाहय प्रदेश से खरीदने पर 80,000/- रूपये तक की सब्सिडी मुख्यालय लखनऊ द्वारा डीवीटी के माध्यम से दी जायेगी। एक पूनिट (दो गाय) की कुल लागत 200000/- दो लाख रूपये प्रति यूनिट है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, जिला विकास अधिकारी गरिमा खरे, मुख्य कोषाधिकारी मुन्ना लाल, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी विपिन गर्ग, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजया चौधरी सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# भाजपा प्रत्याशी की जीत कटेहरी विधान क्षेत्र के विकास की द्वार खोलेगी:धर्मपाल सिंह

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर । जनपद के कटेहरी उप चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं का भाजपा प्रत्याशी धर्म राज निषाद के समर्थन में मतदाताओं से सम्पर्क अभियान लगातार जारी है। भाजपा कार्यकर्ता सर्व समाज के परिवारों में जा कर सरकारी योजनाओं का बखान करते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं। भाजपा संगठन की बैठकों भी चुनाव प्रचार के साथ साथ जारी है।

मंगलवार को कटेहरी बाजार स्थित राम देव जनता इण्टर कालेज में पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ मिथिलेश त्रिपाठी के संयोजन में सैकड़ों भाजपा के शक्ति केंद्र और बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं की आयोजित सम्मेलन को मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि चुनावी तैयारियों में सबसे महत्व पूर्ण कार्यकर्ता पन्ना प्रमुख होता है। पन्ना प्रमुखों के ऊपर उनके पन्ने में अंकित मतदाताओं की मतों को सहेजना और भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करवाने की बड़ी जिम्मेदारी होती है। कहा कि बूथ पर पड़ने वाले मतों की निगरानी कर मत डलवाना बूथ स्तर पर निवास करने वाले कनिष्ठ और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं सहित हम सभी की जिम्मेदारी है।बूथ की मतों में से सर्वाधिक मत भाजपा को मिले इसकी योजना रचना बना कर कार्य किया जाना चाहिए।




भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विधान सभा प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि एक एक मतदाता भाजपा के लिए देव तुल्य है जिसके आशिर्वाद से भाजपा प्रत्याशी जीत हासिल करेगा। भाजपा प्रत्याशी की जीत कटेहरी विधान क्षेत्र के विकास की द्वार खोलेगी। भाजपा प्रत्याशी धर्म राज निषाद की जीत होने पर भाजपा सरकार कटेहरी विधान सभा क्षेत्र को मॉडल विधान सभा क्षेत्र के रूप में विकसित करेगी।

भाजपा प्रत्याशी धर्म राज निषाद ने कहा कि कटेहरी विधान सभा क्षेत्र के जनता की समस्या का समाधान करने के लिए हम कृत संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि हम जैसे गरीब के बेटे को जिस प्रकार से भाजपा ने अपना प्रत्याशी बनाया है उसी तरह से कटेहरी की सम्मानित जनता अपना आशिर्वाद दे कर विजय श्री दिलाने का काम करेगी।कहा कि सपा बसपा की सरकारों ने कटेहरी विधान सभा क्षेत्र के विकास की पहिया को रोका था। भाजपा सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विकास की द्वार खोल कर विकास कर रही है। सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने मुख्य अतिथि सहित उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं का स्वागत और आभार व्यक्त करते हुए सम्मेलन के समापन की घोषणा किया।

सम्मेलन को जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह,आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, जिला प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव,भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय राय,क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र,विधान परिषद सदस्य डाक्टर हरि ओम पाण्डेय,पूर्व सांसद रितेश पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा,पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा,राम प्रकाश यादव,यमुना प्रसाद चतुर्वेदी,रमा शंकर सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह मिंटू, पूर्व विधायक अनीता कमल,अयोध्या हनुमान गढ़ी महंत राजू दास,सोशल मीडिया सह संयोजक मनोज त्रिवेदी आदि ने संबोधित किया।

### अम्बेडकर नगर राजस्व एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मौन

# ग्राम सचिव बीएलओ तथा स्थानीय थाना सम्मनपुर की जाँच आख्या में दूधनाथ का न होना इसके बाद भी वर्तमान ग्राम प्रधान ने बयान में कहा कि दूधनाथ ही विक्रेता

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर। जनपद के तहसील जलालपुर अंतर्गत ग्राम सभा कजपुरा मे विगत कई वर्षो से एक ही व्यक्ति दो नाम से फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर अपनी हिस्सेदारी दिखा रहा है जिसका जीता जागता उदाहरण वर्ष 2011 में उपनिबंधक कार्यालय अकबरपुर में दिनांक 25फरवरी 2011 ग्राम सभा अमरतल स्थित गाटा संख्या 400 के विक्रय में दूधनाथ पुत्र रामचरित्र निवासी ग्राम कजपुरा के हिस्से की कीमती भूमि का बैनामा जिसकी पहचान शिवपूजन पुत्र बखेडू राम निवासी ग्राम अमरतल ने की है जिसका लाभ दूधनाथ के नाम के व्यक्ति ने लिया और दूसरी तरफ वही व्यक्ति ग्रामसभा कजपुरा में सभापति पुत्र दीनदयाल स्कूल का प्रबंधक और मनरेगा का मजदूर बनकर लाभ लेना और ग्राम प्रधान कजपुरा अफसाना बानो एवं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कजपुरा गुलाम अब्बास उर्फ आफताब ने बैनामे में लगे दूधनाथ पुत्र रामचरित्र के फोटो को दूधनाथ होने का ही बयान देकर बचाव किया गया है जबकि ग्राम सचिव शिवाकांत मिश्र व बीएलओ अमित कुमार के बयान में यह स्पष्ट लिखित है कि दूधनाथ पुत्र रामचरित्र का नाम परिवार रजिस्टर कजपुरा में न तो पूर्व में था और न ही वर्तमान में है और अमित कुमार का बयान की वोटर लिस्ट में भी आज तक दूधनाथ का नाम नही है यही नही स्थानीय थाना सम्मनपुर के दीवान असफाक ने भी अपनी जांच आख्या में स्पष्ट लिखा है दूधनाथ पुत्र रामचरित्र लगभग 26 वर्षो से लापता है इसके बाद भी ग्राम प्रधान कजपुरा अफसाना बानो इसी दूधनाथ नाम के व्यक्ति को सभापति नाम के व्यक्ति को बताकर मनरेगा की मजदूरी दे रही है तथा ग्राम प्रधान के सह पर सार्वजनिक भूमि खलिहान गाटा संख्या 573 पर अवैध कब्जा करना ,स्व दीनदयाल की संपत्ति में जलालपुर तहसील व जिला न्यायालय अम्बेडकर नगर में वाद योजित कर कीमती भूमि अपने नाम करवाने हेतु पैरवी कर रहा है यह व्यक्ति इतना मनबढ़ व तरकश है कि यदि कोई इस बात की शिकायत करता है तो उसको जान-माल की धमकी देकर फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देता है जिससे यह स्पष्ट है कि एक ही व्यक्ति दो नामो से दस्तावेज में फर्जी अभिलेख लगाकर लाभ ले रहा है यदि दिनांक 25 फरवरी 2011 को उपनिबंधक कार्यालय अकबरपुर में ग्रामसभा अमरतल स्थित गाटा संख्या 400 के बैनामा दस्तावेज में लगे विक्रेता दूधनाथ पुत्र रामचरित्र निवासी ग्राम कजपुरा के फोटो व पहचान पत्र तथा सभापति पुत्र स्व दीनदयाल निवासी ग्राम कजपुरा के फोटो व पहचान पत्र तथा फिंगरप्रिंट की जांच व मिलान की जाये तो दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा कि सत्यता क्या है और सरकार के कितने धन का पलीता यह व्यक्ति लगा चुका है और अभी कब तक लगायेगा इसका कोई अंदाजा नहीं है ।

# उधार चुकाने से बचने की कोशिश, सीसीटीवी फुटेज से घटना का खुलासा



**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान संतोष कुमार जलालपुर तहसील**

अम्बेडकर नगर।जनपद के जलालपुर थाना अंतर्गत उर्दू बाजार पुलिया के पास कल सुबह हुई लाखों की लूट की घटना को पुलिस ने फर्जी करार दिया है। एएसपी श्याम देव ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि सर्राफा व्यापारी विनय सोनी ने अपने साथियों के साथ मिलकर लूट की झूठी कहानी रची ताकि वह उधारी का पैसा चुकाने से बच सके।जानकारी के अनुसार, रफीगंज निवासी विनय सोनी की रफीगंज बाजार में सराफा की दुकान है। वह जलालपुर में अपने साथी विशाल सोनी की दुकान से सोने के आभूषण बेचने के लिए लाया करता था, लेकिन उसके ऊपर विशाल का लगभग तीन लाख रुपये का उधार बकाया था। उधारी का यह पैसा लौटाने से बचने के लिए विनय ने अपने मित्रों फरहान शेख और अनवर के साथ मिलकर लूट की यह मनगढ़ंत कहानी बनाई।एएसपी ने बताया कि जब विनय की कथित लूट की घटना के बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच शुरू की, तो चार टीमों का गठन किया गया। पुलिस ने घटनास्थल के करीब चार किलोमीटर तक के सीसीटीवी कैमरे खंगाले और जांच में पाया कि लूट की घटना पूरी तरह से नकली थी।पुलिस ने अब विनय सोनी और उसके सहयोगियों के खिलाफ झूठी सूचना देने और अफवाह फैलाने के आरोप में केस दर्ज करने का निर्णय लिया है। एएसपी ने बताया कि इस मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि भविष्य में ऐसे झूठे मामलों की पुनरावृत्ति न हो।

# प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला 11 नवम्बर को

सीधी प्राचार्य शासकीय आईटीआई सीधी ने जानकारी देकर बताया कि शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सीधी में एक दिवसीय प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन दिनांक 11.11.2024 को प्रातः 10 बजे से किया जा रहा है।न्होंने बताया कि सम्मिलित होने वाली कंपनी क्वैस कॉर्प लिमिटेड (टाटा मोटर्स अहमदाबाद, फ्यिट इंडिया ऑटोमोबाइल प्राइवेट लिमिटेड पुणे), शैक्षणिक योग्यता बारहवीं, आईटीआई, स्नातक (बीए, बीकॉम, बीएससी) उत्तीर्ण पुरूष एवं महिला अभ्यर्थी सम्मिलित हो सकते है। आयु 18 से 28 वर्ष तक। 12 से 16 हजार तक प्रतिमाह स्टाइपेन्ड एवं अन्य सुविधाएं प्राप्त होंगी। उन्होने बताया कि मेले में भाग लेने इ'छुक अभ्यर्थी शासकीय आईटीआई सीधी में अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों, पासपोर्ट साइज फ्रेटोग्राफ एवं बायोडाटा/रे'यूम सहित दिनांक 11.11.2024 को प्रातः 10 बजे से साक्षात्कार के लिए उपस्थित हो। अप्रेन्टिसशिप के लिए भर्ती, अप्रेन्टिसशिप नियमों एवं कंपनी की शर्तों के अनुसार की जाएगी। प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला में प्रतिभागिता के लिए यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

### ओपी राजभर के घर चोरी...2 महीने FIr नहीं कराई:

# ड्राइवर के यहां पॉलीथिन भरकर रुपए मिले; मंत्री का बेटा बोला- 3 करोड़ नहीं चोरी हुए

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान ] अयोध्या मंडल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर।यूपी के पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर के लखनऊ वाले घर में चोरी हुई है। चोरी करने वाला कोई बाहरी नहीं, बल्कि राजभर के बेटे अरविंद का ड्राइवर है। 2 महीने तक मंत्री के परिवार ने वारदात को छिपाए रखा। एफआईआर तक नहीं कराई।मामला मंगलवार को तब सामने आया, जब आरोपी ड्राइवर रामजीत को पुलिस ने उसके घर से हिरासत में लिया। वह वारदात के बाद फरार हो गया था। रामजीत अम्बेडकरनगर के टांडा थाना क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर गांव का रहने वाला है।सोमवार को अरविंद के दूसरे ड्राइवर संजय राजभर ने लखनऊ के हुसैनगंज कोतवाली में शिकायत दी है। हुसैनगंज इंस्पेक्टर आरके गुप्ता ने बताया- कल रात में तहरीर मिली है। एआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है।अरविंद राजभर ने वीडियो जारी कर कहा- अफवाह चल रही है कि आरोपी ड्राइवर तीन करोड़ रुपए चोरी करके ले गया है। यह गलत है। वह हमारे दूसरे ड्राइवर के इलाज के लिए रखे 2 लाख 75 हजार रुपए अपने साथ ले गया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। पुलिस अपना काम कर रही है।इंस्पेक्टर टांडा दीपक सिंह ने बताया- लखनऊ पुलिस के इनपुट पर आरोपी ड्राइवर को हिरासत में लिया गया है। मंत्री के घर से कैश और गहने लेकर उनका ड्राइवर अपने घर आ गया था। कुछ सामान बरामद हुआ है।वहीं, आरोपी ड्राइवर की पत्नी का आरोप है कि कुछ लोग मंत्री ओम प्रकाश राजभर की कार से आए थे। वे जबरन पति को कार में बिठाकर ले गए। पैसों का कुछ विवाद बता रहे थे। पुलिस ने हमारे घर में सामान बिखेर दिए।

***उस शिकायती पत्र को पढ़िए, जो ड्राइवर संजय राजभर ने दी***

आरोपी ड्राइवर रामजीत के खिलाफ लखनऊ के कोतवाली हुसैनगंज में शिकायत संजय राजभर ने की है। संजय बलिया के रसड़ा थाना इलाके के कोटवारी गांव का रहने वाला है। वह भी मंत्री राजभर के यहां ड्राइवर है।उसने बताया- लखनऊ में सदर बाजार के पुराना किला स्थित डायमंड अपार्टमेंट में अरविंद राजभर का फ्लैट है। पिछले महीने मैंने मेंदाता अस्पताल में अपने मुंह के कैंसर का ऑपरेशन कराया था। डिस्चार्ज के बाद पत्नी के साथ अपार्टमेंट में रहकर फॉलोअप करा रहा हूं। 2 सितंबर को सुबह करीब 9 बजे ड्राइवर रामजीत राजभर अपार्टमेंट आया। मुझसे पूछा की अभी तुम यहां कब तक हो। मैं अभी जा रहा हूं, फिर मुझे यहां आना है। मैंने उसको बताया कि मुझे वापस आने में ज्यादा समय लग जाएगा, क्योंकि बहुत जांच होनी है।फिर वह अपने काम से कहीं चला गया। उसके जाने के थोड़ी देर बाद मैं अपनी पत्नी के साथ अस्पताल चला गया। 9-56 बजे रामजीत ने फोन किया। पूछा- चाबी कहां रखकर गए हो। मैंने उससे बताया कि चाबी गार्ड के पास है, तुम जाकर ले लो।शाम करीब चार बजे जब मैं वापस आया और दरवाजा खोलकर अंदर गया तो देखा कि सभी सामान बिखरा पड़ा था। मेरे रूम में रखे बैग का चैन भी खुला था। जिसमें इलाज के लिए तीन लाख रुपए रखे थे। जिसमें से 25,000 रुपए लेकर अस्पताल गया था। बाकी 2,75,000 रुपए और पत्नी की सोने की 1 चैन, दो सोने की अंगूठी, गायब थी।जब मैंने रामजीत राजभर को फोन लगाया तो उसका नंबर बंद बता रहा था। इस चोरी में रामजीत राजभर के साथ कुक गोरख साहनी भी शामिल है।

***अब आरोपी ड्राइवर रामजीत की पत्नी की जुबानी पढ़िए***

घटना को लेकर आरोपी के ड्राइवर रामजीत की पत्नी गीता ने बताया- मंत्री ओमप्रकाश राजभर की कार से मंगलवार सुबह 4-5 लोग आए थे और पूछा कि रामजीत का घर कौन सा हैड़ बताने पर सभी जबरन घर के अंदर घुस आए। इसके बाद रामजीत को पीटने लगे। थोड़ी देर बाद कार में बिठाकर ले गए।गीता ने बताया कि रामजीत को पहले थाने ले गए और इसके बाद कटेहरी लेकर चले गए। पैसों के कुछ विवाद की बात कह रहे थे। मेरे पति रामजीत मंत्री ओपी राजभर के बेटे के ड्राइवर हैं।

***पॉलीथिन भरकर रुपए भी बरामद***

गीता ने बताया कि आरोपी बार-बार रामजीत से पैसे मांग रहे थे। उन्होंने घर की तलाशी भी ली। इस दौरान एक पॉलीथिन में भरकर रुपए भी बरामद हुए, जिसे आरोपी अपने साथ लेकर चले गए।

***महिलाएं भी आई थीं, पत्नी-बेटियों को भी चलने को कहा***

रामजीत की पत्नी ने बताया कि कार में कुछ महिलाएं भी साथ आई थीं। उन्होंने रामजीत के साथ-साथ उसे और बेटियों को भी कार में बैठकर साथ चलने के लिए जोर-जबरदस्ती की। पर जब उन्होंने घटना से अनभिज्ञता जाहिर की तो वे लोग सिर्फ रामजीत को कार में बिठाकर ले गए।

***बेटियों की जिंदगी खराब करने की धमकी***

गीता ने बताया कि मंत्री ओम प्रकाश राजभर के समर्थकों ने उनके परिवार को काड़ी धमकाया। बेटियों को उठा ले जाने और जिन्दगी खराब करने की धमकी दी। साथ ही पूरे परिवार को जेल भेजने की चेतावनी दी।

दैनिक
केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर मंगलवार 6 नवम्बर 2024 खबरें बेबाक, बेखौफ बेझिझक



मिशन ज्योतिर्गमय: जनपद के परिषदीय विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता सुधार हेतु विशेष प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ

# शिक्षा के क्षेत्र में सर्वांगीण विकास पर ज़ोर, शिक्षकों व समुदाय के सहयोग से बच्चों के उज्जवल भविष्य की ओर

(ब्यूरो रिपोर्ट)

औरैया 5 नवम्बर ।जनपद के परिषदीय विद्यालयों की भौतिक और शैक्षिक व्यवस्था को गुणवत्ता परक बनाने हेतु जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी की प्रेरणा से चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन ज्योतिर्गमय के अंतर्गत चयनित विद्यालयों के शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) अजीतमल में जिलाधिकारी ने सरस्वती मां के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिलाधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहा, ÷मिशन ज्योतिर्गमय के माध्यम से हम केवल विद्यालयों में भौतिक संसाधनों का विकास नहीं कर रहे हैं, बल्कि बच्चों के समग्र विकास और उनके उज्जवल भविष्य की दिशा में एक सकारात्मक कदम उठा रहे हैं। यह पहल शिक्षकों, अभिभावकों और स्थानीय समुदाय के सहयोग से सफल होगी। इस अभियान का उद्देश्य छात्रों को एक ऐसी वातावरण प्रदान करना है जहाँ वे अपने शैक्षणिक और व्यक्तिगत विकास की नई ऊँचाइयों को छू सकें।÷ उन्होंने आगे कहा कि मिशन ज्योतिर्गमय की अवधारणा केवल शिक्षा को कक्षा तक सीमित रखने की नहीं है, बल्कि इसे व्यापक रूप से बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में कार्य करना है। उन्होंने आंगनवाड़ी में बच्चों की सीखने की पद्धति पर जोर दिया।

इस मौके पर डाइट प्राचार्य जीएस राजपूत ने कहा, ÷मिशन ज्योतिर्गमय के तहत हम



शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान कर बच्चों के उज्जवल भविष्य की नींव रख रहे हैं, ताकि वे जीवन के हर क्षेत्र में सफल हो सकें।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार ने कहा, ÷मिशन ज्योतिर्गमय के माध्यम से हम विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता को बढ़ाकर बच्चों के सर्वांगीण विकास के प्रति प्रतिबद्ध हैं, जिससे शिक्षा का वास्तविक लाभ हर छात्र तक पहुँच सके।

इस मौके पर बेसिक शिक्षा विभाग के एसआरजी सुभाष रंजन द्विवेदी ने भी मिशन की अवधारणा और उसके उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की और मिशन ज्योतिर्गमय से जुड़े तथ्यों को सभी उपस्थित जनों को अवगत कराया तथा उपस्थित लोगों से मिशन ज्योतिर्गमय की मूलभावना को समझ कर उसे विद्यालयों में लागू करने की अपील भी की। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डाइट प्रवक्ता विजय राजपूत, विनय कश्यप, निधि अवस्थी व एसआरजी सुनील दत्त व शिक्षक प्रशांत अवस्थी ने अपना प्रजेंटेशन दिया।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी द्वारा विशेष कार्य करने वाले भाग्यनगर विकासखंड के कोठीपुर गाँव के ग्राम प्रधान अमरेश पाण्डेय और सहार विकासखंड के पुरवा फकीरे गाँव की ग्राम प्रधान बिट्टन कुंवर को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया।

इस अवसर पर डाइट प्राचार्य जी एस राजपूत, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार, डाइट प्रवक्ता विनय कश्यप, निधि अवस्थी, एसआरजी सुभाष रंजन द्विवेदी, सुनील दत्त राजपूत प्रशांत अवस्थी सहित चयनित विद्यालय के शिक्षक व डाइट स्टॉफ आदि उपस्थित रहे।

## छठ पर्व पर सजा बाजार,दिखा रौनक व्रती महिलाएं जमकर कर रही खरीददारी



*महाराजगंज। जिले में छठ पर्व को लेकर बाजारों में खूब रौनक देखने को मिल रही है छठ पर्व को लेकर बाजारों में खरीदारी शुरू हो गई है। सूप-डाला से लेकर फल , गन्ना व अन्य पूजा के समान तक से बाजार पूरी तरह से सज गए हैं। चारों तरफ सिर्फ छठ पूजा के समान मार्केट खूब बिक रही है सभी दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ भी खूब हो रही है। लोग पहले से ही सभी जरूरी सामानों को खरीद रहे हैं। बाजार में कीवी से लेकर ड्रैगन फ्रूट व अन्य तमाम तरह के फल सहित व्रत में उपयोग होने वाले समान उपलब्ध हैं।वहीं फल विक्रेताओ ने बताया कि पर्व को लेकर हम लोग भी काफी उत्साहित हैं। इसको लेकर एक सप्ताह से तैयारी चल रही है। उन्होंने बताया कि ग्राहक भी शाम के समय खरीदारी के लिए बड़ी संख्या में आते हैं। वर्ष में एक बार आने वाले इस पर्व को लेकर व्यापारी भी काफी उत्साहित हैं। बाहर से सभी फलों को मंगाया गया है। हालांकि महंगाई का असर बाजार पर दिख रहा है। लेकिन लोक आस्था के इस पर्व पर बाजार में रौनक ही रौनक देखने को मिल रही। कोतवाली गेट से लेकर चौराहे के पास तक सिर्फ छठ के समान ही दिख रहे वही हनुमानगढ़ी के पास भी कुछ ऐसा ही माहौल है ।*

## गंगा उत्सव पर केन घाट पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन



**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता व्यूरो चीफ**

बांदा, बांदा जनपद के भूरागढ़ क्षेत्र अंतर्गत केन नदी आरती स्थल पर गंगा उत्सव कार्यक्रम के मद्देनजर भव्य आयोजन किया गया जिसमें बांदा जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप मुख्य अतिथि के रूप में तथा विशिष्ट अतिथि के रूप मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य एवं प्रभागीय वनाधिकारी डीएफओ अरविंद कुमार उपस्थित रहे। इस मौके पर जिलाधिकारी द्वारा देश के वीर अमर शहीदों के नाम दीपदान किया गया तत्पश्चात बुंदेलखंड के विश्व प्रसिद्ध दिवारी कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जिसमें दूर दराज से आए कलाकारों ने सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। दिवारी कला प्रदर्शन में रमेश पाल के कलाकारों द्वारा अदभुद प्रदर्शन किया गया जिसने सभी को तालियां बजाने पर विवश कर दिया। इस दौरान कार्यक्रम में जेके छलिया ग्रुप के द्वारा विभिन्न प्रकार की झांकियों का प्रदर्शन किया गया जो अत्यंत ही आकर्षक और आनंद से भरपूर रहा। इन सब कार्यक्रमों के पश्चात केन जल महा आरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें आए हुए सभी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं ने भागीदारी निभाई। आपको बता दे कि यह कार्यक्रम गंगा उत्सव के उपलक्ष्य में तथा जिला प्रशासन के सानिध्य में एवं जिला गंगा समिति, गंगा समग्र कानपुर प्रांत, एवं विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में दूर दराज से आए कलाकारों ने अपनी कला का सुंदर प्रदर्शन किया तथा सैकड़ों हजारों की संख्या में लोगों का हुजूम इकट्ठा रहा।

## मंडल स्तरीय बाल महोत्सव 2024 युवाओं की प्रतिभा का जलवा - अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप मालिक ने किया मंडल स्तरीय



**-संवाददाता नीरज सोनी दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान।**

बाल महोत्सव 2024 का रिबन काट कर व दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ बाल महोत्सव में बच्चों को अपनी संस्कृति और परंपराओं के बारे में जानने का मिलता है अवसर ~ प्रदीप मालिकनूंह, फरीदाबाद और पलवल जिले के स्कूलों के लगभग 500 बच्चों ने लिया बाल महोत्सव में भाग नूंह, 5 नवंबर। मंडल स्तरीय बाल महोत्सव 2024 का शुभारंभ अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप मलिक ने रिबन काटकर और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मंडल स्तरीय बाल महोत्सव 2024 की प्रतियोगिताएं स्थानीय बाल भवन में 8 नवंबर तक आयोजित की जाएगी। अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह ने मंडल स्तरीय बाल महोत्सव 2024 के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस बाल महोत्सव में बच्चों की प्रतिभा का जलवा दिखाई देगा, जहां विभिन्न प्रतियोगिताओं में बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। महोत्सव का उद्देश्य बच्चों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का मौका देना और उन्हें प्रोत्साहित करना है। इसके अलावा, महोत्सव में बच्चों को अपनी संस्कृति और परंपराओं के बारे में जानने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि महोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें संगीत, नृत्य, कविता, कहानी, चित्रकला, वाद-विवाद आदि शामिल हैं। बच्चे अपनी रुचि के अनुसार प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि बाल महोत्सव का आयोजन बच्चों के लिए एक अद्वितीय अवसर है, जहां वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं और अपने संस्कृति और परंपराओं के बारे में जान सकते हैं। महोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। इसके अलावा, महोत्सव में बच्चों को अपने भविष्य के लिए मार्गदर्शन और

# ग्राम सचिवालय में पहुंचकर सभी संबंधित अपने-अपने दायित्वों का ईमानदारी से करें निर्वहन।

### जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ हेतु पात्रों का निष्पक्षता के साथ करें सत्यापन। *शासन द्वारा संचालित योजनाओं के लाभ से कोई भी पात्र न रहने पाए वंचित

(ब्यूरो रिपोर्ट)

औरैया । जिलाधिकारी डॉ0 इंद्रमणि त्रिपाठी ने ग्राम पंचायत मानपुर में आयोजित जन चौपाल में ग्राम वासियों की समस्याओं को सुनने के उपरांत विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह रोस्टर के अनुसार ग्राम सचिवालय पर उपस्थित रहते हुए समस्या संबंधी आवेदन प्राप्त करने के साथ-साथ शासन द्वारा संचालित लाभपरक योजनाओं का लाभ दिलाए जाने के लिए पात्रों का चयन करें और भिन्न-भिन्न योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करायें जिससे पात्र स्वयं आगे बढ़कर योजनाओं का लाभ ले सके। उन्होंने ग्राम वासियों से कहा कि आप लोग योजनाओं की जानकारी ग्राम सचिवालय पर आने वाले विभागीय अधिकारियों से प्राप्त करके अपनी आवश्यकतानुसार आवेदन करें जिससे उसका लाभ आपको मिल सके। जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों द्वारा विभाग से संबंधित संचालित योजनाओं की पात्रता आदि की जानकारी दिलवाई और कहा कि आवेदन आप लोग करें विभागीय अधिकारी नियमानुसार कार्यवाही करते हुए योजना का लाभ दिलवाएंगे। उक्त अवसर पर सरकारी नलकूप एक ही होने के कारण पर्याप्त सिंचाई नहीं हो पाती है और फसलोंउत्पादन कम होता है की जानकारी पर जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियंता नलकूप को निर्देश दिए कि एक और नलकूप की स्थापना का प्रस्ताव शासन को प्रेषित कर स्वीकृति प्राप्त कर स्थापना कराये। उन्होंने विद्युत बिल मीटर रीडर द्वारा की जा रही अनियमितता की ग्राम



वासियों द्वारा प्राप्त शिकायत पर निर्देश दिए कि तत्काल मीटर रीडर को हटाया जाए और बुधवार को ग्राम में कैंप आयोजित कर विद्युत बिलों सहित गड़बड़ियों को ठीक किया जाए। सिंचाई हेतु पर्याप्त विद्युत आपूर्ति प्राप्त न होने की शिकायत पर अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि नियमानुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए जिससे फसलों की पर्याप्त सिंचाई की जा सके। उन्होंने वरासत के मामलों को निस्तारित करने के लिए तहसीलदार/ लेखपाल को निर्देश दिए कि तत्काल वरासत के मामलों का अंकन कर खतौनी की नकल दो दिन में उपलब्ध करायें। पूर्व में राशन डीलर द्वारा पात्र व्यक्ति का अंत्योदय कार्ड निरस्त कर अपात्र का बनाए जाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने जिलापूर्ति अधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव को निर्देशित किया कि जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्रों की सूची का लेखन पंचायत घर की दीवाल पर कराया जाए। जिससे उनकी पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने ग्राम वासियों को यह भी अवगत कराया कि योजनाओं के लाभ के लिए किसी को कोई पैसा/ धनराशि न दे और यदि कोई दलाल आदि ऐसी मांग करता है तो अवगत कराये उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। चौपाल में ग्राम वासियों ने अवगत कराया कि हर घर नल से जल योजना अंतर्गत पाइप लाइन डालने के लिए सड़क खोदी गई है वह पुनः नहीं बनी और जगह-जगह पाइप लाइन लीकेज है और सभी लगी टोटियों में पानी नहीं आ रहा है जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित किया कि 15 नवंबर तक सभी कार्य पूर्ण किए जायें अन्यथा की स्थिति में संबंधित ठेकेदार/कार्यदायी संस्था के विरुद्ध एफ.आई.आर. दर्ज कराई जाएगी। चौपाल के पूर्व जिलाधिकारी ने गर्भवती माता को पोषण किट एवं नवजात शिशु को अन्नप्राशन भी कराया तथा दो लोगों को वरासत पत्र पौधा व संवेदना पत्र भी दिया। उन्होंने स्कूली बच्चों से विद्यालय में प्रातः होने वाली प्रार्थना को भी सुना। उक्त अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर, तहसीलदार, परियोजना निदेशक डी.आर.डी.ए., डी.सी. मनरेगा सहित संबंधित अधिकारी ग्राम प्रधान व ग्रामीण जन आदि उपस्थित रहे।

## नशा मुक्ति अभियान के तहत जनपद में निकाली गई जागरूकता रैली



**केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव**

### डॉ देवेंद्र शर्मा (राज्य मंत्री) राज्य बाल अधिकार अध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना

एटा नशा मुक्ति अभियान के तहत जिला प्रशासन निरंतर रैलियां निकाल रहा है इसी कड़ी में मंगलवार को जनपद एटा में भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रिंटर्स गर्ल्स इंटर कॉलेज से नशा मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ किया गया जिसमें महारानी लक्ष्मीबाई इंटर कॉलेज, श्री राम बल भारती इंटर कॉलेज, अविनाशी सहाय इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, गांधी स्मारक इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राएं एवं एनसीसी, स्काउट गाइड, आंगनबाड़ी कार्यकत्री युवक मंगल दल नेहरू युवा आदि के द्वारा प्रतिभा किया गया जागरूकता रैली डॉक्टर देवेंद्र शर्मा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया एवं शपथ दिलाई सबसे पहले हर युवा को नशे से बचाने का काम करेंगे एवं देश को नशा मुक्ति बनाकर सशक्त भारत बनाने का काम करेंगे अध्यक्ष ने कहा जो लोग नशा बेचने का काम करते हैं वह समाज के सबसे बड़े दुश्मन हैं अध्यक्ष जी ने कहा की नशा समाज को खोखला कर देता है जो लोग नशा बेचने का काम करते हैं वह समाज के सबसे बड़े दुश्मन है उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी देश के विकास में बड़ी भूमिका अदा करती है अगर युवा ही नशे की गर्त में चले जाएंगे तो देश की तरक्की में बाधा बन जाएंगे नशा मुक्त भारत अभियान में हर व्यक्ति का योगदान होना बहुत जरूरी है सरकार का सहयोग करना चाहिए उन्होंने उच्चाधिकारियों से कहा कि नशा बेचने वाले लोगों पर नारकोटिक विभाग पुलिस प्रशासन सख्त कार्रवाई करें जिससे कि देश को खोखला होने से बचाया जा सके इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0उमेश चंद्र त्रिपाठी, बेसिक शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार, समाज कल्याण अधिकारी सत्यम त्रिपाठी, जिला आबकारी अधिकारी अनूप कुमार, श्रम प्रवर्तन अधिकारी राज बाबू, मध् निषेध अधिकारी भूपेंद्र कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी गण आदि उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त दयानंद श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

## जिस घर में बहन की उठनी थी डोली उस घर में भाई की उठी अर्थी

**केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव**


फाइल फोटो

एटा जिले के अलीगंज कस्बे के मोहल्ला मेवातियान में देर रात्रि एक तरफ ढोल मजीरा,और डीजे की धुन पर नाच गाना चल रहा था।थोड़े ही समय में जिस घर में खुशी का माहौल था उस घर में खुशियां मातम में तब्दील हो गई।दरअसल घर में शादी का माहौल था घर परिवार के शादी तैयारियों में जुट थे ।तभी अचानक ई रिक्शा चार्जिंग पर लगाते वक्त दुल्हन बनने के ख्वाब सजाए बैठी पिंकी के छोटे भाई सौरभ पुत्र सुभाष उम्र 18 वर्ष की करेंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई।जहां एक तरफ नाच गाना चल रहा था थोड़ी ही देर में चीत्कार मच गया।आनन फानन में परिजन बेसुध जमीन पर पड़े युवक को अलीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए लाए जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।जिस घर में बुधवार को बहन की बारात आनी थी उस घर के आंगन में मातम पसर गया।छोटे भाई की मौत के बाद हाथ में मेंहदी सजाए बैठी बहन और घर बालों का रो रो कर बुरा हाल है।परिजनों ने बताया घर की महिलाएं रात्रि 10~30 बजे महिलाएं मंगल गीत गा रही थी।ढोल और मजीरे बज रहे थे।घर बच्चे डी जे पर डांस कर रहे थे ।तभी छोटा भाई सौरभ ई रिक्शा चार्जिंग पर लगाने लगा।करेंट दौड़ने की वजह से युवक अचेत होकर जमीन पर गिर पड़ा।लोग कुछ समझ पाते तब तक बहुत देर हो चुकी थी।मोहल्ले के लोग युवक को अस्पताल लाए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।घर परिवार में चीत्कार मचा हुआ है।घर में पांडाल लगा है ।घर द्वार फूल मालाओं से सजा है।वहन भाई के शोक में दहाड़े मार मार रो रही है। मां माथा पकड़ कर रोता नजर आ रहा है। मां पुत्र के वियोग में रो रो कर बेहोश पड़ी है।खुशियों के घर में मातम पसर गया है।मामले पर चिकित्साधीक्षक डॉक्टर सर्वेश ने बताया है कि सोमवार की देर रात करीब साढ़े दस बजे मृत अवस्था में युवक को लाया गया था।पेशेंट की मौत इलेक्ट्रिक शार्ट की वजह से हुई है।

## लापरवाह वाहन चालकों को ट्रैफिक पुलिस ने पढ़ाया यातायात नियमों का पाठ

**केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव**

### उल्लंघन करने पर 207 वाहनों के काटे चलान,दो लाख ग्यारह हजार पांच सौ का बसूला राजस्व



जनपद एटा में नवम्बर माह में यातायात जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।एटा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह के निर्देशन में जिले भर में यातायात नियमों के पालन के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए ट्रैफिक पुलिस जगह जगह चेकिंग अभियान चला रही है ।यातायात पुलिस ने जिले भिन्न भिन्न स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया इस दौरान लापरवाही से वाहन चला रहे लोगों को नियमों का पाठ पढ़ाते हुए वगैर हेलमेट चला रहे दो पहिया वाहन,वगैर सीट बेल्ट ड्राइव कर रहे चार पहिया वाहन चालकों ,तीन सवारी दोपहिया वाहन चालकों ,काली फिल्म चढ़े वाहनों का ट्रैफिक पुलिस ने यातयात नियमों का उल्लंघन करने के जुर्म में 207 वाहनों के चालान काटे है।ट्रैफिक पुलिस ने दो लाख ग्यारह हजार पांच सौ रुपए का राजस्व बसूला है। चौराहा,अलीगंज चुंगी,शिकोहाबाद रोड पर चेकिंग अभियान चलाते हुए अभियान चला कर कार्यवाही की है।ट्रैफिक पुलिस के जवानों ने पंपलेट वितरित कर यातायात नियमों का पाठ पढ़ाकर वाहन चालकों को जागरूक किया है।वही यातायात माह का शुभारंभ करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार सिंह ने बताया है कि नवंबर माह में जिले भर के अलग अलग थाना क्षेत्र में यातायात जागरूकता अभियान चलाया जायेगा ।पुलिस के जवान और यातायात पुलिस के जवान गांव गांव शहर शहर जाकर वाहन चालकों को जागरूक करेंगे और लोगों को नियमों का पाठ पढ़ाएंगे।

# 18 व 19 नवंबर को युवा महोत्सव में नूंह जिले के युवा दिखाएंगे अपना हुनर

## विप्लुत होती लोक कला को संजोने का प्रयास

**युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए नजदीकी आईटीआई में करवाएं पंजीकरण**

**15 से 29 वर्ष तक होनी चाहिए प्रतिभागी की आयु**

**संवाददाता नीरज सोनी दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

नूंह - राज्य सरकार की ओर से कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के माध्यम से राज्य के प्रत्येक जिले के युवाओं को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने एवं उनकी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से प्रदेश के सभी जिलों में जिला युवा महोत्सव कराए जाएंगे। नूंह जिले में जिला स्तरीय युवा महोत्सव 18 व 19 नवंबर को आयोजित जाएगा। इसके लिए 12 नवंबर तक पंजीकरण कराने की अंतिम तिथि रखी गई है. जिले के जिला युवा समन्वयक अधिकारी सुधीर कुमार ने बताया कि इस बारे में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं कि वे जिला एवं महोत्सव के बार में सभी खंडों में प्रचार-प्रसार अभियान चलाकर अधिक से अधिक प्रतिभागियों का पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें। जिला युवा महोत्सव के आयोजन को लेकर जल्द ही उपायुक्त की अध्यक्षता में संबंधित अधिकारियों की बैठक भी होगी निश्चित है। बैठक में आयोजन से सम्बंधित सभी विषयों पर निर्णय लिए जायेंगे।

**48 नकद पुरस्कार रखे गए** -जिला युवा महोत्सव विलुप्त होती लोक कला को संजोने का हरियाणा सरकार का बेहतरीन प्रयास है. 18 व 19 नवंबर को नूंह सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में जिला युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा. जिले में प्रत्येक विजेता को 1100 रुपए से लेकर 21 हजार रुपए तक के 48 नकद पुरस्कार दिए जाएंगे. पंजीकरण के लिए युवा अपनी नजदीकी आईटीआई में संपर्क कर सकते है। जिला युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए प्रतिभागी की आयु 15 से 29 वर्ष के बीच तथा परिवार पहचान पत्र का होना अनिवार्य है।

**इन प्रतियोगिताओं में ले सकेंगे भाग**- जिला युवा महोत्सव के दौरान लोक नृत्य, लोक गीत, कहानी लेखन, पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता, फोटोग्राफी आदि प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाएंगी इन विधवाओं में युवा अपने हुनर का कमाल दिखाएंगे। जिला स्तरीय युवा महोत्सव के बाद दिसंबर तक राज्य स्तरीय युवा महोत्सव तथा स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस के अवसर पर अगले वर्ष जनवरी तक राष्ट्रीय स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।
नीची सडक से राहगीरों को हो रही परेशानी ।

## नगर के एक मुख्य बाजार में टूटी उंची नीची सड़क से ई रिक्शाओं के कारण राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है नगीना। नगर पालिका के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं



नगर में बाल्मीकि बस्ती के निकट बाजार मंडी मौलगंज के मुख्य मार्ग की सड़क की हालत काफी समय से खस्ता है सड़क कई जगह से उंची नीची व संकरी हो रही है ई रिक्शा चालक सवारी से भरी रिक्शा को पैदल चलने वाले मार्ग पर एक ओर उतार देते हैं जिससे राहगीरों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है इस मार्ग पर ई रिक्शा के कारण कभी कभी राहगीर चोटिल भी हो जाते हैं नागरिकों ने जनहित में मुख्य मार्ग की इस सड़क की हालत ठीक करवाये जाने की मांग की है।

## एआरटी विवेक शुक्ला ने ए आरटीओ कार्यालय को बनाया दलालो अड्डा



अपने चहेते दलालों के द्वारा ए आरटीओ कराता हैं अवैध वसूली

चित्रकूट। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भ्रष्टाचार जीरो टालरेंस नीति जिले के एआरटीओ कार्यालय मे औधे मुँह पड़ी हुई है। क्योंकि सरकार की नीतियों को लागू कराने के प्रति जिला प्रशासन के आला अधिकारी और सत्ताधारी भाजपाई गंभीर नहीं है। एआरटीओ कार्यालय मे बगैर दलालो के जरिये कोई भी कार्य नही हो रहे है। एआरटीओ विवेक शुक्ला की नीतियों के चलते न तो ट्रक डम्परो की ओवरलोडिंग बंद हुई है और न ही हाइवे से बगैर परमिट बसों का संचालन बंद हुआ है। डग्गामार जीपे भी हर सड़को पर दौड़ रही है। क्योंकि नियम विरुद्ध सड़को पर चलने वाले वाहनो से माहवारी वसूल हो रही है। जिससे सीधे तौर पर सरकार के राजस्व की ही चोरी हो रही है। क्योंकि वाहन स्वामी यदि नियम से चलते होते तो एआरटीओ को हर माह माहवारी नही मिलती।ए आरटीओ विवेक शुक्ला के द्वारा जिले में हर माह अपने चहेतों के द्वारा करोडो रूपये की अवैध वसूली का कारोबार बड़ी तेजी से चलाया जा रहा हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री के सरकारी कार्यालयों में भ्रस्टाचार की जीरो टालरेंस नीति को जुमला ही माना जाय। क्योंकि भ्रष्टाचार मिटाने के

## समाज में सक्रिय भूमिका निभा रहे महिवाल और अमृता।



**रिपोर्टर घनश्याम कुमार की रिपोर्ट वाराणसी उत्तर प्रदेश से।**

वाराणसी। विकास खंड हरहुआ के ग्राम पंचायत भगवानपुर निवासी सामाजिक कार्यकर्ता व गरीब सहायक एवं उत्थान समिति संस्था के संस्थापक महिवाल कश्यप को कबीर नगर कालोनी स्थित पेनेसिया हॉस्पिटल के निदेशक डॉ आशुतोष मिश्रा व डॉ उत्तम ओझा द्वारा सामाजिक कार्यों में विशेष योगदान देने हेतु श्रम सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही समाजसेवी व काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की पूर्व छात्रा अमृता को डायरेक्टर डॉ पल्लवी मिश्रा व शारण्या ओझा और डॉ उत्तम ओझा द्वारा सामाजिक कार्यों में विशेष योगदान हेतु श्रम सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया।

# बांदा पुलिस द्वारा यातायात सुरक्षा जागरूकता अभियान माह नवम्बर का किया गया शुभारम्भ पूरे नवम्बर माह तक चलेगा जागरुकता अभियान

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान स**
**` राधेश्याम गुप्ता व्यूरो चीफ बांदा**

श्रीमान मण्डलायुक्त चित्रकूटधाम मण्डल व श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा द्वारा रायफल क्लब अलीगंज बांदा से अभियान का किया गया शुभारम्भ साथ ही फीता काटकर हरी झण्डी दिखाते हुए यातायात सुरक्षा जागरुकता रैली को किया गया रवाना ।ड़्सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने हेतु लोगों को विभिन्न जागरुकता कार्यक्रमों तथा जागरुकता रैली आदि के माध्यम से यातायात नियमों के पालन करने हेतु किया जायेगा जागरुक ।विवरण- शासन के मंशा के अनुरुप सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने तथा लोगों में यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से आज दिनांक 04.11.2024 को जनपद बांदा में ÷यातायात सुरक्षा जागरकता माह नवम्बर-2024÷ को शुभारम्भ किया गया । इस दौरान रायफल क्लब अलीगंज बांदा से श्रीमान मण्डलायुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बांदा श्री बालकृष्ण त्रिपाठी व श्रीमान पुलिस



उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री अजय कुमार सिंह द्वारा यातायात माह नवम्बर का शुभारम्भ किया गया । इस दौरान जिलाधिकारी बांदा श्री नागेन्द्र प्रताप व पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में सभी सम्बन्धित विभागों से समन्वय कर व्यापक जागरुकता अभियान चलाया जायेगा । जागरुकता अभियान के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया जायेगा जिसमें बिना ड्राइविंग लाइसेन्स के वाहन न चलाने, बिना हेलमेट दुपहिया वाहन न चलाने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाने, ओवर स्पीड में वाहन न चलाने, शराब पीकर वाहन न चलाने तथा अपनी लेन में चलने आदि के संबंध में जागरुक किया जायेगा । कार्यक्रम में बिना हेलमेट लगाये दोपहिया वाहन चालकों को 101 हेलमेट वितरित किये गये साथ ही स्कूली छात्र-छात्राओं एवं स्काउट कैडेट्स की यातायात जागरुकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया जिसमें नगर पालिका इण्टर कॉलेज, आदर्श बजरंग इण्टर कॉलेज, डीएवी इण्टर कॉलेज और खानकाह इण्टर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया । अधिकारियों द्वारा अपने संबोधन में कहा गया कि जनपद में आये दिन सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की दुखद मृत्यु हो जाती है ऐसे में हम सबको साथ मिलकर यातायात नियमों का पालन करते हुए सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करना होगा । लोगों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरुक किया जायेगा यदि फिर भी लोग यातायात नियमों का पालन नहीं करते तो उन पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री शंकर जी तथा क्षेत्राधिकारीगण आदि उपस्थित रहे ।

# खेत में धान की रखवाली करने गए युवक का पड़ा मिला शव परिजनों ने जताया हत्या की आशंका

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान समाचार पत्र बाराबंकी**

जनपद बाराबंकी सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम भग्गापुरवा मे बीती रात्रि धान की रखवाली करने गये एक 35 वर्षीय युवक की बीती रात्रि गला घोंट कर हत्या कर दी गयी मृतक ग्राम बांसा का निवासी है मौड़े पर पहुंची सफदरगंज एव मसौली पुलिस ने हत्या के कारणों की गहन जाँच पड़ताल करते हुए सफदरगंज पुलिस ने पंचनामा कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना स्थल पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश नारायण ने घटना स्थल का जायजा लेते हुए परिजनों से बातचीत की।रविवार की देर शाम मसौली थना क्षेत्र के ग्राम बांसा निवासी 35 वर्षीय रंजीत कुमार चौहान पुत्र राम सजीवन खाना खाने के बाद करीब डेड़ किमी0 की दूरी पर स्थित सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम भग्गापुरवा स्थित खेत मे तैयार हुए धान की रखवाली करने गया था सोमवार की भोर रंजीत के बड़े भाई गुड्डू पत्नी के साथ धान की कटाई के लिए गये तो आम के पेड़ के नीचे पड़े रंजीत का शव देखकर चिल्लाने पर बांसा रामपुर मार्ग पर निकल रहे राहगीरों की



भीड़ जुट गयी सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक सफदरगंज सुधीर कुमार सिंह व प्रभारी निरीक्षक यशकान्त सिंह ने घटना का की जाँच करते हुए शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।खाना खाने के दौरान ही हुई घटना)परिजनों से मिली जानकारी के मुताबिक मृतक घर से करीब 7 बजे खेत के लिए निकला था तथा रात्रि का खाना साथ मे ले गया था कि रात्रि का खाना खेत मे ही खाएंगे मृतक का शव जिस स्थान पर पड़ा था उससे करीब 50 मीटर की दूरी पर खड़ी ठेलिया पर खाना बिखरा हुआ पड़ा था। जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि मृतक की हत्या ठेलिया के ही निकट कर शव को पेड़ को पेड़ नीचे डाल दिया है। मृतक के गले मे चोट के निशान दर्शा रहा था कि मृतक का गला घोट कर हत्या की गयी है। जानकारी के मुताबिक 7 वर्ष पूर्व मृतक रंजीत का विवाह देवा थाना क्षेत्र के ग्राम दफेपुरवा से हुआ था मृतक के तीन बच्चे 6 वर्षीय स्वाति 3 वर्षीय दिव्याशी एव 1 वर्ष के समर के सिर से बाप का साया उठ गया है वही पति की मृत्यु पर पत्नी रीता का रो रो कर बुरा हाल है।

## एक लाख रूपये कीमत के गांजा सहित 1 गिरफ्तार, चौकी बसदेई पुलिस की कार्यवाही।




**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**उदित ठाकुर**

सूरजपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को नशे के धंधे में लिप्त लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करते एवं क्षेत्र में सक्रिय मुखबीर का जाल फैलाने के निर्देश दिए थे जिसके बाद से ही जिले की पुलिस नशीली पदार्थ के गोरख धंधे सहित अवैध गतिविधियों पर सतत् निगाह बनाए हुए है। इसी तारतम्य में दिनांक 04.11.2024 को चौकी बसदेई पुलिस रेलवे स्टेशन सूरजपुर रोड़ उंचडीह में मुसाफिर चेक करने पहुंची जहां रेलवे स्टेशन सूरजपुर रोड में अम्बिकापुर से दुर्ग जाने वाले यात्री रेल के आने के समय पर जाकर स्टेशन में बैठे लोगों से यात्रा करने के बारे में जानकारी लेने के दौरान एक व्यक्ति ट्रेन जाने के बाद स्टेशन के सामने गाड़ी पार्किंग करने के स्थान के पास संदिग्ध अवस्था में एक बैग टांगे हुए खड़ा मिला। जिससे पूछताछ करने पर अपना नाम करमबीर कुमार पाटिल उर्फ छोटू पिता तुलसीदास पाटिल उम्र 24 वर्ष ग्राम कुसमुसी का रहने वाला हूँ और अम्बिकापुर से आ रहा हूँ, अपने दोस्त को बुलाया हूँ जिसका इंतजार कर रहा हूँ बताया। पूछताछ के उपरांत उसकी गतिविधि संदेहास्पद प्रतीत होने पर उसके बैग की तलाशी लिए जाने पर 5 किलो मादक पदार्थ गांजा पाया गया जिसकी कीमत 1 लाख रूपये है। मामले में गांजा जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 20बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर उसे गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में एएसआई संजय सिंह, प्रधान आरक्षक आनंद सिंह, आरक्षक अमित सिंह, अभय तिवारी, देवदत्त दुबे, नीलेश जायसवाल व प्रदीप सोनवानी सक्रिय रहे।

# 2025 के महाकुंभ में मुक्त विश्वविद्यालय अपनी भूमिका का निर्वाह करे– राज्यपाल




**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान प्रयागराज शनि कुमार यादव**

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के 27 वें स्थापना दिवस समारोह को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित करते हुए मंगलवार को कुलाधिपति एवं उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय शिक्षा रूपी प्रकाश की रश्मि से जीवन को प्रकाशमान करने का कार्य कर रहा है। अभी कुछ दिनों पूर्व हमने दीपावली का पर्व मनाया है । सभी जगह प्रकाश फैलाकर अंधकार को दूर किया है उसी प्रकार हमें शिक्षा का प्रकाश फैला कर अशिक्षा बेरोजगारी एवं अज्ञान का अंधकार मिटाना है। राज्यपाल श्रीमती पटेल ने कहा कि शिक्षा सभी नागरिकों का मूलभूत अधिकार है। किसी भी देश के विकास का पैमाना वहां के लोगों के शैक्षिक होने की दर है। शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो संस्कारित हो और देश प्रेम के सद्गुणों को विकसित करे।राज्यपाल ने कहा कि 2025 के महाकुंभ में मुक्त विश्वविद्यालय को अपनी भूमिका का निर्वाह करना चाहिए। अभी कुछ दिनों पूर्व अयोध्या में अवध विश्वविद्यालय में बहुत अच्छा कार्य किया।इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, भारत सरकार श्री जगत प्रकाश नड्डा ने अपना वीडियो संदेश जारी करते हुए कहा कि शिक्षा में तकनीक, प्रौद्योगिकी और भारतीय ज्ञान परंपरा के समागम की परिणीति राष्ट्रीय शिक्षा नीति है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पाठ्यक्रम के जरिए उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय युवाओं के सर्वांगीण विकास को समर्पित है। हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार और उच्च शिक्षा में गुणवत्ता के जरिए अमृत काल में देश का युवा विकसित भारत का निर्माण कर सकता है। तिलक सभागार में स्थापना दिवस समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री डॉ नरेन्द्र कुमार सिंह गौर ने कहा कि दूरस्थ शिक्षा के क्षेत्र में मुक्त विश्वविद्यालय सिर्फ योजनाओं का निर्माण ही नहीं कर रहा है बल्कि नई शिक्षा नीति के अनुरुप योजनाओं एवं शिक्षण प्रक्रिया का क्रियान्वयन भी कर रहा है। उन्होंने कहा कि मातृभाषा में शिक्षा आवश्यक है। वर्तमान समय में रोजगार परक एवं कौशल विकास के पाठ्यक्रमों के जरिए जन जन तक उच्च शिक्षा का प्रचार प्रसार आवश्यक है।

## पुलिस बल सहित किया निरीक्षण



**केसरिया हिंदुस्तान,संगीता दीक्षित बाराबंकी**

जनपद बाराबंकी के जैदपुर थाना अंतर्गत अहमदपुर पुलिस चौकी प्रभारी सौम्य कुमार जायसवाल मय पुलिस बल सहित अहमदपुर चौराहा , अहमदपुर टोल प्लाजा सहित शराब ठेके के आस पास सघन निरीक्षण किया गया। आपको बता दे मंगलवार को शाम पुलिस चौकी अहमदपुर प्रभारी सौम्य कुमार जायसवाल मय पुलिस बल सहित अहमदपुर चौराहा , अहमदपुर टोल प्लाजा सहित शराब ठेके के आस पास सघन निरीक्षण किया गया। जिससे असामाजिक तत्वों में डर बना रहा। लोगों ने पुलिस के निरीक्षण अभियान की सराहना की।

# भारतीय जनता युवा मोर्चा ने कांग्रेस का फुका पुतला

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**सुरजपुर/जरही**

विगत दिनो छत्तीसगढ़ प्रदेश के दामाखेड़ा के कबीर आश्रम के मुनि उदित मुनि के ऊपर जो हमला किया गया उसमें कांग्रेस पार्टी और उनके कार्यकर्ता सामने शामिल होते हुए दिखाई दिए इस बयान को खुद कभी आश्रम के संचालक मुनि उदित ने मीडिया में जाहिर किया है प्रदेश में लगातार कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा जगन्य घटना हत्या गुंडागर्दी चारित्रिक दोहन का विषय करते दिखाई दे रहे हैं । विगत कुछ दिनों पूर्व भी बलौदा बाजार सूरजपुर कवर्धा अब दामाखेड़ा में लगातार गुंडागर्दी हत्या जैसे माहौल को दिशा देने वाले अपराधी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता प्रमाणित किया जा रहे हैंइस विषय के संज्ञान में और विरोधाभास को प्रदर्शित करने के लिए युवा मोर्चा प्रदेश संगठन के अध्यक्ष रवि भगत के निर्देश में सूरज पूरे जिले के अध्यक्ष रविंद्र भारती व अवनीश सिंह के नेतृत्व में जिले के



विश्रामपुर मंडल में बस स्टैंड में कांग्रेस पार्टी और इसके प्रदेश अध्यक्ष का पुतला फुका।सर्वप्रथम विश्रामपुर बस स्टैंड में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया उसके बाद पुतला दान किया गया जिसमें पुतला दहन के मामले में पुलिस विभाग कार्यकर्ताओं के बीच झूमा झपट भी हुई। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता ललित गोयल महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष रितेश जायसवाल लीलू गुप्ता दीनानाथ यादव श्यामा पांडे विवेक अग्रवाल अविनाश साहवाल संतलाल प्रजापति दुर्गा गुप्ता दीपेंद्र दुबे शांतनु सिंह चौहान सनी मिश्रा राजकुमार यादव आनंद शर्मा सुरजीत कुमार अर्जुन राजवाड़े कुंदन मंडल सुरेश सोनी किशन देवांगन अंकित सिंह चौहान श्यामू साहू जीतू मानिकपुरी शोमेन चक्रबर्ती अनूप जायसवाल मनीष मिश्रा संस्कार सिंह हिमांशु रूपेश संतोष मानिकपुरी अभिषेक, रामू अजित मोनू कमलेश शानू साहू संदीप साहू आदित्य हर्ष भूषण बघेल अनुग्रह यश सोनी संदीप राजेश यादव यार सिंह समेत समस्त युवा मोर्चा के सैकड़ों जांबाज कार्यकर्ता व वरिष्ठजन मौजूद रहे।